रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

हमेशा सच के साथ

# पायनियर

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 19 अगस्त 2022 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 357 मूल्य 3.00 ₹

## विचक न्यूज़

### राष्ट्रपति ने राज्यसभा का सत्रावसान किया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राज्यसभा के मानसून सत्र का सत्रावसान कर दिया है। राज्यसभा सचिवालय ने गुरुवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि राष्ट्रपति ने बुधवार को राज्यसभा का सत्रावसान कर दिया। राज्यसभा का मानसून सत्र गत 08 अगस्त को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया था। मानसून सत्र 18 जुलाई को शुरू हुआ था लेकिन इसे निर्धारित समय से चार दिन पहले अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया।



### डोभाल की सुरक्षा में चूक मामले में तीन कमांडो बर्खास्त

**नई दिल्ली।** देश के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल की सुरक्षा में हुई चूक मामले में बड़ी कार्रवाई हुई है। सरकार ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए सुरक्षा में तैनात तीन कमांडो को बर्खास्त कर दिया है। सुरक्षा में चूक होने के कारण केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के तीनों कमांडो सेवा से बर्खास्त हो गये हैं। वहीं, सीआईएसएफ की 'वीआईपी' सुरक्षा इकाई के दो वरिष्ठ अधिकारियों का तबादला भी कर दिया गया है।



### रुपया 19 पैसे कमजोर

**मुंबई।** दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर में जारी तेजी के दबाव में आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 19 पैस कमजोर होकर 79.64 रुपये प्रति डॉलर रह गया। पिछले कारोबारी दिवस रुपया 29 पैसे चढ़कर 79.45 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। कारोबार की शुरुआत में रुपया 15 पैसे टूटकर 79.60 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और यही इसका उच्चतम स्तर भी रहा। कारोबार के दौरान विदेशों के दबाव में यह 79.71 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 79.45 रुपये प्रति डॉलर की तुलना में 19 पैसे गिरकर 79.64 रुपये प्रति डॉलर पर आ गया।

# अब प्रदेश में खुलेंगे स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम आदर्श महाविद्यालय

**प्रथम चरण में आगामी शैक्षणिक सत्र जून 2023 से राज्य के प्रमुख नगरों में कम से कम 10 इंग्लिश मीडियम कॉलेज खोले जाएंगे**

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में स्कूलों के बाद अब स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम आदर्श महाविद्यालय भी खोले जाएंगे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश के छात्रों के हित में छत्तीसगढ़ में चरणबद्ध रूप से स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम आदर्श महाविद्यालय प्रारंभ करने का निर्णय लिया है। इस निर्णय से इंग्लिश मीडियम स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को 12वीं के बाद उच्च शिक्षा के लिए अब बाहर नहीं जाना पड़ेगा। राज्य में ही अंग्रेजी माध्यम में गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा उपलब्ध होगी। प्रथम चरण में आगामी शैक्षणिक सत्र जून 2023 से राज्य के प्रमुख नगरों में कम से कम 10 इंग्लिश मीडियम कॉलेज खोले जाएंगे। इसी तरह आगामी तीन साल में राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में इंग्लिश मीडियम कॉलेज खोले जाएंगे। मुख्यमंत्री बघेल ने मुख्य सचिव को इस संबंध में 10 दिनों में कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष पहल पर राज्य शासन द्वारा समाज के कमजोर तबके और मध्यम वर्गीय परिवारों के बच्चों को अंग्रेजी माध्यम में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल प्रारंभ किए गए हैं। विगत वर्ष 51 स्कूल प्रारंभ किए गए थे, इन स्कूलों की लोकप्रियता के कारण स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल की संख्या वर्तमान में बढ़कर 247 हो गई है। अब स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम आदर्श महाविद्यालय प्रारंभ होने से इन स्कूलों में पढ़ाई करने वाले बच्चों के साथ-साथ अंग्रेजी माध्यम के निजी स्कूलों के बच्चों को अंग्रेजी माध्यम में उच्च शिक्षा के लिए बाहर नही जाना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने इस योजना की सफलता को देखते हुए 15 अगस्त को राज्य में आगामी शिक्षा सत्र के पूर्व राज्य के 422 स्कूलों में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना लागू करने की घोषणा की है। इनमें से 252 स्कूल बस्तर एवं सरगुजा संभाग में होंगे। दंतेवाड़ा जिले के शत प्रतिशत शासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय का स्वरूप दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा है कि छत्तीसगढ़ की शिक्षा क्रांति आने वाले समय में देश का सबसे अच्छा 'एजुकेशन माडल' प्रस्तुत करेगी। मुख्यमंत्री बघेल ने स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम आदर्श महाविद्यालय प्रारंभ करने के संबंध में मुख्य सचिव को जारी निर्देश में कहा है कि राज्य में अंग्रेजी माध्यम के अनेक निजी एवं शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल संचालित किये जा रहे हैं। राज्य में इंग्लिश मीडियम के शासकीय महाविद्यालय न होने के कारण राज्य के विद्यार्थियों को 12 वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद उच्च शिक्षा हेतु महानगरों के महाविद्यालयों में प्रवेश लेना पड़ता है जिसमें बड़ी राशि व्यय होती है। राज्य के विद्यार्थियों को राज्य में ही अंग्रेजी माध्यम से महाविद्यालयीन शिक्षा देने हेतु स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूलों की तरह ही गुणवत्तायुक्त महाविद्यालयीन शिक्षा हेतु स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम आदर्श महाविद्यालय भी आरंभ किये जाएं। इन महाविद्यालयों की चरणबद्ध स्थापना की जाए। प्रथम चरण में आगामी शैक्षणिक सत्र जून 2023 से राज्य के प्रमुख नगरों में कम से कम 10 इंग्लिश मीडियम कॉलेज खोले जाएं। इसी तरह आगामी 03 वर्षों में राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में इंग्लिश मीडियम कॉलेज खोले जाएं।



## मुख्यमंत्री आज 'कृष्ण-कुंज' में पौधरोपण की शुरूआत करेंगे

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जन्माष्टमी के अवसर पर राजधानी रायपुर के तेलीबांधा में विकसित किए जा रहे कृष्ण-कुंज में सांस्कृतिक एवं जीवनोपयोगी वृक्षों का रोपण की शुरूआत करेंगे। बघेल की पहल पर छत्तीसगढ़ के सभी नगरीय क्षेत्रों में 'कृष्ण कुंज' विकसित किए जा रहे हैं। जन्माष्टमी के अवसर पर कृष्ण कुंज में बरगद, पीपल, कदंब जैसे सांस्कृतिक महत्व के एवं जीवनोपयोगी आम, इमली, बेर, गंगा इमली, जामुन, गंगा बेर, शहतूत, तेंदू ,चिरौंजी, अनार, कैथा, नीम, गुलर, पलास, अमरूद, सीताफल, बेल, आंवला के वृक्षों का रोपण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने सभी कलेक्टरों को 'कृष्ण-कुंज' विकसित करने के लिए वन विभाग को न्यूनतम एक एकड़ भूमि का आबंटन करने के निर्देश दिए हैं। अब तक राज्य के 162 स्थलों को 'कृष्ण कुंज' के लिए चिन्हांकित कर लिया गया है। वृक्षारोपण की तैयारी भी बड़ी उत्साह के साथ की जा रही है। इस कृष्ण जन्माष्टमी से पूरे राज्य में 'कृष्ण कुंज' के लिए चिन्हित स्थल पर वृक्षों का रोपण प्रारंभ किया जाएगा। कृष्ण कुंज को विशिष्ट पहचान दिलाने के लिए सभी निकायों में एकरूपता प्रदर्शित करने हेतु वन विभाग द्वारा बाउंड्रीवाल गेट पर लोगो का डिजाईन एक समान तैयार किया गया है। मुख्यमंत्री बघेल ने 'कृष्ण-कुंज' योजना के उद्देश्यों को लेकर कहा है कि, 'वृक्षारोपण को जन-जन से जोड़ने, अपने सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और उन्हें विशिष्ट पहचान देने के लिए इसका नाम 'कृष्ण-कुंज' रखा गया है। विगत वर्षों में शहरीकरण की वजह से हो रही अंधाधुंध पेड़ों की कटाई से इन पेड़ों का अस्तित्व खत्म होता जा रहा है। आने वाली पीढ़ियों को इन पेड़ों के महत्व से जोड़ने के लिए 'कृष्ण-कुंज' की पहल की जा रही है। रायपुर जिले के 10 नगरीय निकाय कुर्रा, खरोरा, बिरगांव, अटारी, तेलीबांधा, आरंग, चंदखुरी, कुरुद समोदा, उरला में कृष्ण-कुंज के लिए स्थल चयनित किया गया है।

## दुष्प्रचार करने वाले आठ यूट्यूब चैनलों पर प्रतिबंध

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने राष्ट्रीय सुरक्षा, भारत के विभिन्न देशों के साथ संबंधों तथा कानून व्यवस्था के बारे में दुष्प्रचार करने वाले आठ यूट्यूब चैनलों पर प्रतिबंध लगा दिया है जिनमें से सात भारत और एक पाकिस्तान से संचालित किया जा रहा था। ये सभी यूट्यूब चैनल समाचारों से संबंधित थे और इन पर सूचना प्रौद्योगिकी नियम 2021 के तहत प्रतिबंध लगाया गया है। इनमें से एक चैनल के फेसबुक अकाउंट पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। ब्लॉक किए गए यूट्यूब चैनलों को 114 करोड़ बार देखा गया था और इनके 85 लाख 73000 सब्सक्राइबर हैं इन चैनलों ने भारत विरोधी फर्जी विषय वस्तु को मोनेटाइज करा रखा था। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने जिन यूट्यूब चैनल पर प्रतिबंध लगाया है उनमें भारत से संचालित किए जाने वाले लोकतंत्र टीवी, यू एंड वी टीवी, ए एम रजवी, गौरवशाली पवन मिथिलांचल, सी टॉप फाइव टी एच, सरकारी अपडेट और सब कुछ देखो शामिल हैं। पाकिस्तान से संचालित यूट्यूब चैनल जिस पर प्रतिबंध लगाया गया है उसका नाम न्यूज़ की दुनिया है। मंत्रालय ने लोकतंत्र टीवी के फेसबुक अकाउंट पर भी प्रतिबंध लगाया है।

### भाजपा का शासनकाल अंत्योदय से राष्ट्रोदय की यात्रा : योगी

एजेंसी < गोरखपुर
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को गोरखपुर में कहा कि भाजपा का शासनकाल समाज के अंतिम पायदान के व्यक्ति की सत्ता के सिंहासन तक पहुंचने सुफल यात्रा है और यह अंत्योदय से राष्ट्रोदय की यात्रा है। मुख्यमंत्री ने भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के तीन दिवसीय प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण शिविर के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि सामान्य जनजातीय परिवार की बहन द्रोपदी मुर्मू का राष्ट्रपति पद पर आसीन होना इसी अंत्योदय से राष्ट्रोदय का प्रतीक है। आजादी के अमृत महोत्सव में देश के हिस्से आई इस उपलब्धि से पूरा देश उत्साहित है। उन्होंने कहा कि इससे हर तबका अभिभूत है।



### शाहनवाज हुसैन ने दुष्कर्म के आरोप के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन ने 2018 में उन पर लगे कथित दुष्कर्म के एक मामले में प्राथमिकी दर्ज करने की निचली अदालत के आदेश पर मुहर लगाने वाले दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले को गुरुवार को शीर्ष अदालत में चुनौती दी। न्यायाधीश एन. वी. रामना की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष श्री हुसैन के अधिवक्ता ने विशेष उल्लेख के दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री की याचिका पर शीघ्र सुनवाई का अनुरोध किया। पीठ इस मामले को अगले सप्ताह विचार करने पर सहमत हुई। उच्च न्यायालय की न्यायाधीश न्यायमूर्ति आशा मेनन की एकल पीठ ने बुधवार दिल्ली पुलिस पर सख्त टिप्पणी करते हुए कहा था कि लगता है कि पुलिस इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करने को इच्छुक नहीं है। न्यायालय ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करने का जो आदेश दिया था वह उचित है। उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने श्री हुसैन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने, तीन महीने के भीतर जांच पूरी करने और दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 173 के तहत विस्तृत रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया था। अदालत ने पूर्व केंद्रीय मंत्री द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें विशेष न्यायाधीश के 12 जुलाई, 2018 के आदेश को चुनौती दी गई थी, जिन्होंने प्राथमिकी दर्ज करने के लिए मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट के आदेशों के खिलाफ उनकी पुनरीक्षण याचिका को खारिज कर दिया था। याचिकाकर्ता हुसैन के खिलाफ जून 2018 में दिल्ली की एक महिला द्वारा भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 376 (बलात्कार), 120-बी (आपराधिक साजिश) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत अपराध करने का आरोप लगाते हुए एक शिकायत दर्ज की गई थी।



# दुष्कर्म के आरोपियों को बचाने में लगी है भाजपा सरकार : राहुल

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार महिला विरोधी है और वह अत्याचारियों और दुष्कर्म के आरोपियों का बचाव करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा की उत्तर प्रदेश सरकार जहां दुष्कर्म के आरोपियों को बचाती है वहीं गुजरात की भाजपा सरकार दुष्कर्म तथा हत्या के आरोपियों को स्वतंत्रता दिवस पर क्षमा दान कर रिहा करती है। उन्होंने इसे शर्मनाक राजनीति के साथ-साथ ओछी मानसिकता की राजनीति करार दिया है। गांधी ने ट्वीट किया कि उन्नाव- भाजपा विधायक को बचाने का काम। कठुआ- बलात्कारियों के समर्थन में रैली। हाथरस- बलात्कारियों के पक्ष में सरकार। गुजरात- बलात्कारियों की रिहाई और सम्मान। अपराधियों का समर्थन महिलाओं के प्रति भाजपा की ओछी मानसिकता को दर्शाता है। ऐसी राजनीति पर शर्मिंदगी नहीं होती, प्रधानमंत्री जी।



### अग्निवीरों की तरह बैंकों में भी नौकरी देगी सरकार : कांग्रेस

कांग्रेस ने कहा है कि मोदी सरकार सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के निजीकरण के लिए नित नये तरीके अपना रही है और इस क्रम में अब वह राष्ट्रीयकृत बैंकों में अग्निवीरों की तर्ज पर कर्मचारियों को रखने की योजना पर काम कर रही है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने गुरुवार को कहा कि सरकार निजीकरण का नया तरीका निकाल रही है और पिछले दरवाजे से सरकारी क्षेत्र की कंपनियों का निजीकरण करने की तैयारी में जुटी है। इस क्रम में उसने सरकारी क्षेत्र के बैंकों में ठेके पर रोजगार देने की तैयारी शुरू कर दी है। रमेश ने ट्वीट किया, सेना के बाद मोदी सरकार ने पब्लिक सेक्टर के बैंक में कॉन्ट्रैक्ट पर रोजगार देने की तैयारी शुरू कर दी है। यह पिछले दरवाजे से निजीकरण का नया तरीका है। अग्निवीर बहाना है, पूरे सार्वजनिक क्षेत्र में कॉन्ट्रैक्ट व्यवस्था लाना है।



### 5 जी स्पेक्ट्रम आवंटन पत्र हुआ जारी

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

देश में शीघ्र ही 5 जी सेवाएं शुरू होने वाली है क्योंकि सरकार ने टेलीकॉम कंपनियों को 5 जी स्पेक्ट्रम आवंटन पत्र जारी कर दिया है। संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज यहां यह पत्र जारी किये जाने पर टेलीकॉम सेवा प्रदाताओं से 5 जी सेवाएं शुरू करने की तैयारी करने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्पेक्ट्रम आवंटन पत्र जारी कर दिया गया है और अब टेलीकॉम सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनियों को 5 जी लॉंच की तैयारी करनी चाहिए। हाल में संपन्न 5 जी स्पेक्ट्रम नीलामी के बाद संचार मंत्री ने कहा था कि देश के कुछ बड़े शहरों में उपभोक्ता अक्टूबर तक 5 जी सेवाओं का उपयोग कर सकेंगे। सरकार द्वारा नीलामी के लिए रखे गये 72,098 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम में से 51236 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम की नीलामी हो पायी थी। इससे सरकार को कुल 150173 करोड़ रुपये मिले हैं। इसमें अडाणी डेटा नेटवर्क्स ने 212 करोड़ रुपये, भारती एयरटेल ने 43048 करोड़ रुपये, रिलायंस जियो ने 88078 करोड़ रुपये और वोडाफोन आइडिया ने 18799 करोड़ रुपये के स्पेक्ट्रम की खरीद की थी। एयरटेल ने कल ही इस नीलामी के तहत खरीदे गये स्पेक्ट्रम के लिए 8312 करोड़ रुपये का अपफ्रंट भुगतान किया है। स्पेक्ट्रम नीलामी में भाग लेने के कुछ दिनों के बाद ही एयरटेल ने 5 जी सेवाएं देने के लिए कई उपकरण निर्माण कंपनियों से भी साझेदारी कर काम शुरू करने की घोषणा की थी।



**जानकारी देने के लिए आवेदक से लिए 8 रूपए, बदले में दूसरी जानकारी उपलब्ध करा दी**

# डिप्टी कलेक्टर को 10000 की पेनाल्टी सूचना आयोग ने आवेदक को 8 रूपए वापस करने कहा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

आवेदक को गलत जानकारी देना एक डिप्टी कलेक्टर को बहुत भारी पड़ गया। दरअसल आवेदक अधिवक्ता व्यास मुनि द्विवेदी ने कलेक्टर कार्यालय रायपुर से चाहा था कि रायपुर में गणेश उत्सव 2017 की झांकी विसर्जन के दौरान डीजे बजाने की दी गई अनुमतियों की प्रतियां दें। तत्कालीन जन सूचना अधिकारी डिप्टी कलेक्टर कार्यालय जिला अध्यक्ष रायपुर ने चाही गई जानकारी तो नहीं मुहैय्या कराई, परंतु 8 रूपए लेकर गणेश प्रतिभा झांकी हेतु स्वागत मंच निर्माण की अनुमतियों की प्रतियां प्रदान कर दी। इससे रुष्ट होकर आवेदक ने सूचना आयोग में शिकायत की। सूचना आयोग ने सबसे पहले तो कलेक्टर को 8 रूपए वापस करने को कहा और तत्कालीन जन सूचना अधिकारी को पेनल्टी का शो कॉज नोटिस भेजा।

तत्कालीन जन सूचना अधिकारी डिप्टी कलेक्टर रायपुर का तब तक ट्रांसफर कोंडागांव हो गया था। वहां के जिला निर्वाचन अधिकारी ने सूचना आयोग के नोटिस को तत्कालीन जन सूचना अधिकारी कलेक्टर कार्यालय रायपुर को तामील कराया।

सूचना आयोग ने पाया कि नोटिस तामील होने के बाद भी तत्कालीन जन सूचना अधिकारी ने ना तो नोटिस का कोई जवाब दिया, ना ही सुनवाई की दिनांक को अपना पक्ष रखने के लिए वीडियो कॉफ्रेंस में उपस्थित हुई। सूचना आयुक्त अशोक अग्रवाल ने समय सीमा में आवेदक को सूचना न देने के कारण, सूचना का अधिकार की धारा 20 (1) के तहत तत्कालीन जन सूचना अधिकारी डिप्टी कलेक्टर रायपुर सीमा ठाकुर वर्तमान पदस्थापना कोंडागांव पर रुपए 10000 की पेनल्टी लगा कर कलेक्टर कोंडागाव को राशी वसूली का आदेश दिया है। इसके अलावा कलेक्टर रायपुर को आदेशित किया है की आवेदक को रुपए 8 वापस करें, कलेक्टर रायपुर को आदेशित किया गया है कि 8 रूपए वापस करने के बाद पालन प्रतिवेदन सूचना आयोग में प्रस्तुत करें। यहाँ गौरतलब है कि सूचना आयोग ने कलेक्टर रायपुर को पहले भी रु 8 वापस करने हेतु दो बार आदेशित किया है परन्तु अभी तक रु 8 वापस नहीं किये गए है।



आवेदक व्यास मुनि द्विवेदी

शिकायतकर्ता ने चर्चा में बताया कि रायपुर शहर में करोना काल के पहले गणेश उत्सव में झांकियां निकालने के दौरान जयस्तंभ चौक पर कई पंडाल लगाकर, पंडालों पर ध्वनि नियमों के विरुद्ध, नेताओं और मंत्रियों के समक्ष डीजे बजाया जाता था। जिसकी अनुमति की जानकारी चाही थी, ताकि दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की जा सके परंतु सूचना नहीं प्रदाय की गई। इससे पहले अधिवक्ता व्यास मुनि देवेदी ने ध्वनि प्रदुषण के मामले में हाई कोर्ट के आदेश का पालन नहीं किये जाने पर अधिकारियों के विरुद्ध अवमानना याचिका दायर की थी। बाद में रायपुर की संस्था छत्तीसगढ़ नागरिक संघर्ष समिति ने भी अवमानना याचिका दायर की थी। जिसमें भी अधिकारियों ने शपथ पत्र प्रस्तुत कर कहा है कि वे हाईकोर्ट के आदेश का शब्दः पालन करेंगे। परन्तु आज भी पूणः प्रतिबन्ध के बावजूद सड़कों पर बड़े बड़े स्पीकर लगा कर पुलिस और प्रशासन के सामने डीजे बज रहे है।

## भारत ने जिम्बाब्वे को 10 विकेट से रौंदा

वार्ता < हरारे
www.dailypioneer.com

भारत ने शिखर धवन (81 नाबाद) और शुभमन गिल (82 नाबाद) के दमदार अर्द्धशतकों की बदौलत जिम्बाब्वे को पहले एकदिवसीय मैच में गुरुवार को 10 विकेट से रौंद दिया। जिम्बाब्वे ने पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत के सामने 190 रन का लक्ष्य रखा था, जिसे भारतीय टीम ने आसानी के साथ 30.5 ओवर में ही हासिल कर लिया। 190 रन के न्यून लक्ष्य को हासिल करने उतरी भारत को जीत दिलाने के लिये शुभमन गिल और शिखर धवन ही काफी थे। दोनों सलामी बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिये 192 रन की विशाल साझेदारी की और भारत को 10 विकेट से जीत दिलाई। गिल ने 72 गेंदों पर एक छक्के और 10 चौकों की बदौलत नाबाद 82 रन बनाये, जबकि धवन ने 113 गेंदों पर नौ चौकों की मदद से नाबाद 81 रन की पारी खेली। यह 10 विकेट की जीत में पहले विकेट के लिये भारत की दूसरी सबसे बड़ी एकदिवसीय साझेदारी है। इससे पहले सचिन तेंदुलकर और सौरव गांगुली ने 1998 के कोका कोला कप फाइनल में जिम्बाब्वे के खिलाफ ही 197 रन की नाबाद साझेदारी कर भारत को 10 विकेट से विजय दिलायी थी। भारत अब जिम्बाब्वे के खिलाफ लगातार 13 मुकाबले जीत चुका है, जो एक प्रतिद्वंदी के खिलाफ भारत की सर्वाधिक लगातार जीत हैं। यह बतौर कप्तान केएल राहुल की पहली जीत है। इससे पहले वह एक टेस्ट और तीन एकदिवसीय मुकाबलों में भारत की कप्तानी कर चुके थे, लेकिन जीत उनके हाथ नहीं लगी थी। अब राहुल शनिवार, 20 अगस्त को अपनी टीम के साथ दूसरे एकदिवसीय मैच में जिम्बाब्वे का सामना करेंगे।




समस्त प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
एवं कृष्णा जन्माष्टमी
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
75 आज़ादी का अमृत महोत्सव
गुलाब कमरो
विधायक, भरतपुर-सोनहत विधानसभा
उपाध्यक्ष - सरगुजा क्षेत्र आदिवासी
विकास प्राधिकरण (राज्यमंत्री दर्जा)


समस्त प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं कृष्णा जन्माष्टमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
रामकृष्ण साहू
ओबीसी प्रदेश सचिव विधायक प्रतिनिधि
पूर्व जिला पंचायत सदस्य बैकुंठपुर कोरिया


समस्त प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस एवं कृष्णा जन्माष्टमी
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
75 आज़ादी का अमृत महोत्सव
प्रभाकर सिंह
समिति प्रबंधक-जाम पारा


समस्त प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
एवं कृष्णा जन्माष्टमी
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
अम्बिका सिंह देव
विधायक, बैकुंठपुर विधानसभा


समस्त प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस एवं कृष्णा जन्माष्टमी
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
अजय कुमार साहू
समिति प्रबंधक-धौराटिकरा


समस्त प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
75 आज़ादी का अमृत महोत्सव
शुभेच्छु
जिला प्रशासन
जिला-दक्षिण बस्तर, दंतेवाड़ा


समस्त देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मा. मोहम्मद अकबर जी
वनमंत्री, छ.ग.शासन
विनीत : एक शुभचिंतक
कसडोल, जिला-बलौदाबाजार (छ.ग.)

# संतानों की दीर्घायु के लिए माताओं ने रखा व्रत

## भैस के दूध, दही, घी, पसहर चावल व अन्य सामग्रियों की रही पूछ परख

पायनियर संवाददाता भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



संतानों की दीर्घायु के लिए माताओ ने निर्जला व्रत रखते हुए बुधवार को हलषष्ठी माता का विधिपूर्वक पूजा अर्चना किया। बसन्त नगर शिव मंदिर सहित नगर व क्षेत्र में जगह-जगह सगरी खोद कर देर शाम तक महिलाएं पूजा करती रहीं। इस पूजा में लगने वाली सामग्रियों पसहर चावल, भैस का दूध, दही, घी सहित अन्य पूजन सामग्रियों की बाजार में भारी पूछ परख वनी रही। पूरे बाजार में एक दिन पूर्व से यह सामग्रियां बिकती दिखीं।

**पंडित मुकेश शर्मा ने बताया कि हिन्दू सनातन में हलषष्ठी-** पर्व का भी विशेष महत्व है। महिलाएं हलषष्ठी पर्व को आदिकाल से मनाते आ रहे है।हलषष्ठी की एक पौराणिक कथा इस प्रकार है, बहुत समय पूर्व चंद्रवृत नमक एक प्रतापी राजा था। जिसका एक ही पुत्र था। राजा ने नगर के समीप एक तालाब खुदवाया था। परंतु उसमें जल नहीं रहता था कितना भी जल भरा जाए तुरंत ही सूख जाता था। जलहीन तालाब को देखकर नगरवासी राजा को कोसते थे। राजा सदैव दुःखी रहते और कहते थे कि मेरा धन और धर्म दोनो नष्ट हो गया। एक दिन स्वप्न में वरुण देव ने राजा से कहा कि हे राजा, यदि तुम अपने पुत्र की बलि दोगे तो तालाब जल से भर जायेगा। प्रातः काल राजा ने स्वप्न की बात दरबार में बताई और कहा, कि मैं अपने इकलौते पुत्र का बलिदान नहीं कर सकता चाहे तालाब में पानी रहे चाहे ना रहे। राजा की बात सुनकर राजकुमार बोला मैं स्वयं अपनी बलि दे दूंगा, क्योंकि मेरे बलिदान से पिता का सुयश बढ़ेगा तथा जनता को सुख मिलेगा। यह कहकर राजकुमार स्वयं तालाब की तलहटी में जाकर बैठ गया और उसके प्रभाव से तालाब तत्काल जल से भर गया। उसमें कमल के पुष्प खिल गए तथा सभी जल जंतु बोलने लगे। राजा ने यह समाचार सुना और दुःखी होकर वन को चला गया। वन में पांच स्त्रियां हलषष्ठी माता की पूजा कर रही थीं। राजा द्वारा व्रत विधि पूछने पर स्त्रियों ने माता की महिमा का वर्णन कर दिया। जिसको सुनकर राजा वापस लौट आए और रानी से कहा कि तुम भी हल षष्ठी माता का व्रत तथा पूजन करो। राजा की बात सुनकर रानी उसी दिन से व्रत रखकर पूजा करने लगीं। जिसके प्रभाव से कुछ समय बाद राजकुमार तालाब से बाहर आकर खेलने लगा। राजा यह सुनकर प्रसन्न हुए और राजकुमार को महल में ले आए। तभी से रानी प्रतिवर्ष हलषष्ठी माता का व्रत करने लगीं।

## किरन्दुल में महिलाओं ने हर्षोल्लास मनाया हलषष्ठी

**किरंदुल।** छत्तीसगढ का लोकपर्व हलषष्ठी (कमरछठ) का पर्व बुधवार को लौह नगरी किरंदुल के लक्ष्मणपुर कैम्प, रामपुर कैम्प,धरमपुर कैम्प, भटटीपारा, गजराज कैम्प, वोरा कैम्प साहू समाज एवं पुराना डबल स्टोरी कॉलोनी में महिलाओं द्वारा अपने अपने बच्चों के साथ एकत्रित होकर सामूहिक रूप से बड़े ही हर्षोल्लास सहित मनाया गया। यह पर्व माताओं का संतान के लिए किया जाने वाला, छत्तीसगढ़ राज्य की अनूठी संस्कृति का एक ऐसा पर्व है जिसे हर वर्ग हर जाति मे बहूत ही सदभाव से मनाया जाता है।जिसे हलषष्ठी को हलछठ, कमरछठ या खमरछठ भी कहा जाता है। बता दें इस दिन श्री कृष्ण के दाऊ बलराम का जन्मदिवस भी माना जाता है। यह पर्व भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को मनाया जाता है। संतान प्राप्ति व उनके दीर्घायू सुखमय जीवन की कामना रखकर माताएँ इस व्रत को रखती है।



# उड़ीसा से 65 क्विंटल अवैध धान परिवहन करते पुलिस ने पकड़ा

पायनियर संवाददाता सुकमा
www.dailypioneer.com



जिला में पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा के नेतृत्व अतिपुलिस अधीक्षक किरण गंगाराम चव्हाण व ओम चंदेल के मार्ग दर्शन में एस.डी.ओ.पी. तोंगपाल तोमेश वर्मा के पर्यवेक्षण में उड़ीसा से अवैध रूप से धान परिवहन की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थानाप्रभारी कूकानार निरीक्षक मनीष मिश्रा अपने दल के साथ ग्राम गुफापाल में अवैध परिवहन रोकने की कार्यवाही के दौरान वाहन क्रमांक ओ0डी0-30-355 ( 709 ) की रोककर तलाशी ली गई जिसमें 50 कि ग्राम की भर्ती वाली कुल- 130 बोरी धान बरामद किया गया है । वाहन चालक रामचंद्र पोडियामी निवासी पेड़ाकोण्डा उड़ीसा द्वारा उक्त धान के संबंध किसी प्रकार का दस्तावेज नहीं होना व उड़ीसा से तोंगपाल अशोक मालू के यहां परिवहन करना बताया, पूछताछ उपरांत संतुष्ट नहीं होने पर पुलिस अनुविभागीय अधिकारी द्वारा मौके पर पंचनामा तैयार कर धान की वैधानिकता जांचने हेतु व अग्रिम कार्यवाही करने हेतु तहसीलदार छिंदगढ़ एंव जिला खाद्य अधिकारी सुकमा को प्रतिवेदन प्रेषित किया गया है। धान सहित वाहन को सुरक्षार्थ निगरानी में थाना कुकानार में खड़ा किया गया है।

## भानुप्रतापपुर वासियों का जिला बनने का सपना फिर से अधुरा: नरोत्तम सिंह

पायनियर संवाददाता भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



भानुप्रतापपुर वासियों का सपना फिर से अधूरा रह गया इस स्वतंत्रता दिवस के 75 वी वर्षगांठ में 15 अगस्त के पहले तक लोगों को आशा थी कि उनके द्वारा किए जा रहे आंदोलन से स्थानीय विधायक मनोज मंडावी द्वारा किए गए वादे को पूरा करते हुए कांग्रेस की सरकार भानुप्रतापपुर को जिले की सौगात देंगी पर ऐसा कुछ नहीं हुआ जिसके कारण लोगों मैं नाराजगी बढ़ना स्वाभाविक है भानूप्रतापपुर जिला निर्माण समिति विगत कुछ वर्षो से समय-समय पर हमेशा शासन प्रशासन को याद दिलाने का काम करती है कि भानूप्रतापपुर जिला बनना चाहिए पर अफसोस भानूप्रतापपुर से छोटे छोटे शहर एवं नई तहसील को जिला बना दिया गया पर भानूप्रतापपुर बस्तर संभाग की सबसे पुरानी तहसील होने के बाद भी आज जिला नहीं बन पाया कांग्रेस की सरकार झूठे वादों एवं गंगाजल की झूठी कसम खाकर छत्तीसगढ़ प्रदेश में अपनी सरकार बनाई है कांग्रेस की सरकार हमेशा से वोटों की राजनीति करती आई है। खैरागढ़ उपचुनाव जीतने के लिए भी वोटों की राजनीति करते हुए खैरागढ़ को जिला बनाने का वादा किया था पर आज भानूप्रतापपुर विधानसभा की जनता समझ गई है और आने वाले विधानसभा चुनाव में विधायक एवं विधानसभा उपाध्यक्ष मनोज मंडावी को उसका नुकसान उठाना निश्चित है।

## भारी बारिश तेज हवा से पेड़ गिरने से घर का छत हुआ क्षतिग्रस्त

**किरंदुल।** लौहनगरी किरंदुल में रविवार सोमवार के दरमियानी रात को मुसलाधार बारिश एवं तेज हवा चलने के कारण वार्ड क्रमांक 04 व्होरा कैम्प में पुष्पा नामक महिला के घर मे विशाल पेड़ गिर गया। बता दें इस दौरान पूरा परिवार सो रहा था एवं वे बाल बाल बचें।पेड़ के गिरने से उन्हें काफी आर्थिक नुकसान हुआ है एडवेस्टर शीट पूरी तरह टूटकर बिखर गया।पटवारी हेमन्त देवांगन को उक्त घटने की जानकारी दी गई है।पटवारी ने बताया उक्त स्थल का मुआयना कर प्रकरण बनाया जाएगा।



## मंत्रालय का अधिकारी बताकर एनएमडीसी में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाले मुख्य आरोपी को किरन्दुल पुलिस ने किया गिरफ्तार

**किरन्दुल।** थाना किरन्दुल के अपराध क्रमांक 19 / 2022 धारा 420,34 जिसमें प्रार्थिया निवासी किरन्दुल आंगनवाडी कार्यकता से सुपरवाईजर के पद पर प्रमोशन हेतु एवं उनके पुत्र का एनएमडीसी में नौकरी लगाने के नाम पर कुल 10 लाख रूपये का ठगी की गई थी। जिस पर पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा सिद्धार्थ तिवारी,अति. पुलिस अधीक्षक राम कुमार बर्मन, योगेश पटेल व कर्ण कुमार उके के मार्गदर्शन में निरीक्षक जितेन्द्र ताम्रकार द्वारा थाना किरन्दुल से उप निरीक्षक शशिकांत टंडन,रेवा राम साहू तथा आरक्षक भोजराम की टीम बनाकर आरोपियों की पतासाजी की गई जो विवेचना दौरान प्रकरण के मुख्य आरोपी महेन्द्र तिवारी उर्फ अशोक पाण्डे पिता शेषमणी तिवारी उम्र 31 वर्ष, निवासी कामरान टोला,उरतान थाना कोतमा,जिला अनुपपुर जो अपने आपको मंत्रालय का अधिकारी बताकर नौकरी दिलाने के नाम पर लोगों से धोखाधड़ी कर पैसा लेता था जिसके संबंध में बलौदाबाजार के अपराध क्रमांक 484 / 2021 धारा 420, 34 भादवि तथा थाना अर्जुनी, जिला धमतरी में अपराध क्रमांक 215 / 2021 धारा 420, 120 (बी), 34 भादवि पंजीबद्ध है।जिला जेल धमतरी में निरूद्ध होने की सूचना पर माननीय माननीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रट महोदय से प्रोडक्शन वारंट जारी करवाकर 16 अगस्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। प्रकरण में पूर्व में ही दो आरोपियों को मध्य प्रदेश से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



# किरंदुल भाजपा कार्यकर्ता ने भारतरत्न वाजपेयी की पुण्यतिथि पर नम आंखों से दी श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता किरंदुल
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी मंडल किरंदुल के कार्यकर्ताओं ने भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि मंगलवार को लक्ष्मणपुर कैंप में मनाई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उन्हें नमन करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। भाजपा मंडल अध्यक्ष धर्मपाल मिश्रा, महामंत्री संजीव दास ने कहा कि वाजपेयी सहज सरल मृदुल स्वभाव एवं बेदाग छवि के व्यक्ति थे। उनके ओजपूर्ण कविता कार्यकर्ताओं को सदैव प्रेरित करता रहेगा। कार्यक्रम में नजमुल हक दीनानाथ ठाकुर ने उनको स्मरण कर उनकी पंक्तियों को दोहराते हुए कहा कि सरकारें आएंगी जाएंगी, पार्टियां बनेंगी बिगड़ेंगी, मगर यह देश रहना चाहिए इसका लोकतंत्र अमर रहना चाहिए, इससे सभी को प्रेरणा लेते हुए देश प्रथम के भाव के साथ कार्य करना चाहिए। मंडल प्रभारी रामबाबू सिंह गौतम ने कहा कि आदरणीय वाजपेयी ने भाजपा की नींव रख आजीवन उसके विस्तार में एक अहम भूमिका निभाई और करोड़ों कार्यकर्ताओं को देश सेवा के लिए प्रेरित किया, उनके नेतृत्व ने ही पोखरण परीक्षण और करगिल विजय से विश्वपटल पर एक मजबूत भारत की नींव रखी।इस दौरान कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष धर्मपाल मिश्रा महामंत्री दीनानाथ ठाकुर मंडल महामंत्री संजीव दास आर टी आई प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मनोज छालीवाल अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष नजमुल हक उपाध्यक्ष विजय सोढ़ी कोषाध्यक्ष राजेश वैपरल आईटी सेल संयोजक जितेंद्र गुप्ता मंत्री जोशना सवाई कमला साहू अंजलि शर्मा आशा दास लल्लू राम साहू झग्गर लाल साहू गेन्दू राम पटेल शांति हालदार महिला मोर्चा महामंत्री सरस्वती डेहरिया माधवी कीर्तनिया पंकज सरकार सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

# आठ लाख की ईनामी महिला नक्सली गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता नारायणपुर
www.dailypioneer.com



जिले में पुलिस एवं अर्धसैनिक बलों द्वारा क्षेत्र में लगातार नक्सल विरोधी अभियान संचालित किया जा रहा है। पुलिस द्वारा चलाये जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के क्रम में दिनांक-15.08.2022 की रात्रि में थाना ओरछा से जिला बल एवं डीआरजी की संयुक्त पुलिस पार्टी एरिया डॉमिनेशन पर ग्राम कोडोली आदेरबेड़ा, मुसनार, कावानार की ओर निकली थी।

दिनांक- 16.08.2022 को गश्त सर्चिंग के दौरान ग्राम कावानार के जंगल में कुछ संदिग्ध महिला-पुरूष पुलिस पार्टी को देखकर लुक-छिप कर भाग रहे थे, जिसे पुलिस द्वारा घेराबंदी किया गया। पुलिस पार्टी द्वारा घेराबंदी कर सर्चिंग करने पर एक संदिग्ध लड़की को पकड़ा गया, अन्य संदिग्ध लोग जंगल पहाड़ी का आड़ लेकर भाग निकले। संदिग्ध लड़की से पूछताछ करने पर अपना नाम सुखमति कुमेटी उर्फ रीमा पिता मंगतु कुमेटी जाति माड़िया निवासी छोटेटोण्डाबेड़ा थाना ओरछा बतायी तथा वर्ष 2018 में टोण्डेबेड़ा मिलिशिया कमाण्डर मनोज द्वारा मिलिशिया में भर्ती किया गया, नक्सली संगठन द्वारा प्रशिक्षण उपरांत पूर्व बस्तर डिविजन के कंपनी नम्बर 06 की सदस्य के रूप में सक्रिय रूप से कार्य कर रही थी। उक्त आरोपिया द्वारा घटना में शामिल होना स्वीकार करने पर थाना ओरछा एवं छोटेडोंगर के अपराध में दिनांक-16.08.2022 की शाम को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया।

## जिले के सभी ग्राम पंचायतों में 20 से 26 अगस्त तक ग्राम सभा का आयोजन

पायनियर संवाददाता कांकेर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 6 के अंतर्गत प्रत्येक तीन माह में ग्राम सभा का आयोजन किये जाने का प्रावधान है, जिसके पालन में कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने जिले के सभी ग्राम पंचायतों तथा उनके आश्रित ग्रामों में 20 से 26 अगस्त तक ग्राम सभा आयोजित करने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कोविड-19 के रोकथाम हेतु शासन द्वारा जारी गाईड लाईन का पालन करते हुए सुविधा अनुसार ग्राम सभाओं का आयोजन सुनिश्चित करें। अपने स्तर से पीठासीन अधिकारी नियुक्त की जावे तथा समय-सारणी बनाकर तिथि निर्धारित करें, ताकि एक ही तिथि को ग्राम पंचायत के एक से अधिक ग्राम में उसी दिन ग्राम सभा का आयोजन न हो। इस प्रकार की व्यवस्था से सरपंच, सचिव सभी ग्राम सभाओं में अपनी उपस्थिति दे सकेंगे एवं ग्राम सभा का आयोजन सही ढंग से हो सकेगा। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने जिले के सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि कार्यक्रम की जानकारी ग्राम पंचायत के प्रत्येक पदाधिकारी, सरपंच तथा पंचों को दी जावे, जो अपने क्षेत्र के सदस्यों को ग्राम सभा में उपस्थित कराने के लिए उत्तरदायी होंगे। पंचायतों के द्वारा ग्राम सभा सम्मेलन की सूचना सार्वजनिक स्थल, सहगोचर स्थानों पर चस्पा कर तथा मुनादी कराई जाकर सभी ग्राम सभा सदस्यों को सूचना दी जावे। ग्राम सभा की कार्यवाही सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने तथा ग्राम सभा सम्पन्न होने के उपरांत संकलित प्रतिवेदन निर्धारित प्रपत्र में कलेक्टर कार्यालय को 29 अगस्त तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया है।

# प्रिंट रेट से अधिक दाम में बेच रहे है अंग्रेजी शराब, विभाग नहीं दे रहा है ध्यान

पायनियर संवाददाता भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



दुर्गुकोंदल ब्लाक स्थित अंग्रेजी शराब दुकान में प्रिंट रेट से अधिक दाम पर शराब बेचने की शिकायत कई हफ्तों से मिल रही है, लेकिन आबकारी विभाग कार्यवाही करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है। सूत्रों से यह भी जानकारी मील रही है कि विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ इनकी तगड़ी सेटिंग है और उन्ही के संरक्षण में इस काम को अंजाम दिया जा रहा है। नीचे से ऊपर तक सबके मोटे कमीशन बंधे हुए हैं जिसके चलते कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। कार्यवाही के अभाव में सेल्समैन के हौसले बुलंद है और भोले भाले ग्राहकों को लूटा जा रहा है। दुकान में रेट लिस्ट चस्पा नहीं कि गयी है और सेल्समैन से सवाल करने पर ग्राहकों को धमका कर भगा दिया जाता है। इधर शराब प्रेमियों में भी विभाग के प्रति रोष बढ़ता जा रहा है। एक शराब क्रेता ने बताया कि एक बोतल शराब लेने पर सेल्समैन ने प्रिंट रेट से 20 रुपये अधिक लिए। उससे पूछने पर कहा कि सब जगह यही रेट चल रहा है। बिल मांगने पर कहा कि स्कैनर काम नहीं कर रहा है बिल नहीं निकलेगा। इस संबध मे संबंधित विभाग के अधिकारियों के पास फोन करने पर फोन नही उठाया जाता है इस से पत्ता चलता है विभाग और सेल्समैन का क्या मिलीभगत होगी।

# जिला कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल का निरीक्षण किया

पायनियर संवाददाता भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय दुर्गुकोंदल में जिला कलेक्टर डॉ प्रियंका शुक्ला,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुमित अग्रवालऔचक निरीक्षण में पहुंचे। पहुंचते ही शाला नायिकाअमीषा यादव ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया इसी क्रम में प्राचार्य एस डी दास द्वारा कलेक्टर डॉ प्रियंका शुक्ला का स्वागत किया।कलेक्टर स्वागत के साथ सीधे कक्षा दसवीं के हिंदी मीडियम क्लास में गई और वहां पर बच्चों से सीधे मुखातिब होकर के आज के दिन पढ़ाये गए विषयों को लेकर के चर्चा करने लगी जिसमें प्राची दुबे ने आज पढ़ाये गए जीव भार का पिरामिड÷को बेहतरीन तरीके से प्रस्तुत किया जिससे कलेक्टर प्रभावित हुई और बच्ची और सभी से अनेक सवाल किए इसी क्रम में उन्होंने बच्चो से यह भी पूछा कि टॉप आने पर मैने क्या पुरस्कार रखा है जिस पर राज्य स्तर पर जगह बनाने पर हवाई जहाज से दिल्ली भ्रमण व अन्य प्रोत्साहित करने अनेक प्रोसाहन व पुरस्कार की के बारे में बच्चों से जाना, यह भी पूछा कि आप क्या बनना चाहते हैं?उसके पश्चात दसवीं के इंग्लिश मीडियम क्लास में गए और वहां पर विज्ञान से संबंधित चीजों को अध्यापन करा रहे शिक्षक को रटवाने के बजाय समझाकर अध्यापन कराने को कहा ताकि बच्चे इमैजिनेशन या कल्पनाशीलता के जरिए याद रख सके। इसी क्रम में वोकेशनल क्लास में हेल्थ केयर का अध्ययन कर रहे हैं बच्चों से उन्होंने मुख्य विषय के अतिरिक्त हेल्थ केयर को कैसे पढ़ाई करते हैं की जानकारी लेते हुए साथ कक्षा दसवीं के बच्चों का बुक मंगाया और कहां तक अध्यापन कराया जा चुका है,इसकी जानकारी लिया साथ ही उन्होंने प्राचार्य महोदय को प्रत्येक सोमवार एक क्विज कांटेस्ट जिसमे में पढ़ाए गए पाठ्यक्रम पर प्रश्नोत्तरी के माध्यम से कराने का निर्देश दिया। इसके पश्चात लाइब्रेरी और लैब का निरीक्षण किये। पूरे बातचीत के दौरान उन्होंने बच्चों को पढ़ाये गए पाठ को दोहराने व साप्ताहिक दोहराने पर बच्चो का मार्गदर्शन किया।

# कार्यकर्ताओं के लिए बर्तन धोते हुए नजर आए विधायक संतराम नेताम, खूब हो रही है प्रशंसा

पायनियर संवाददाता केशकाल
www.dailypioneer.com



आम तौर पर विधायक शब्द सुनते ही लोगों के मन मे शान-ओ-शौकत और रुतबेदार इंसान की छवि सामने आती है। लेकिन कुछ विधायक ऐसे भी है जो अपनी सर्वसुविधायुक्त जीवन से परे होकर जनता और कार्यकर्ताओं की सेवा में अपना अधिक समय व्यतीत में विश्वास रखते हैं। हम बात कर रहे हैं केशकाल विधानसभा से लगातार दूसरी बार चुने गए विधायक व बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष संतराम नेताम की। जिन्होंने विधानसभा में अपने मुखर अंदाज एवं आम जन के बीच सरल व मधुर व्यक्तित्व से प्रदेश में एक अलग पहचान बना ली है। इतना ही नहीं जरूरत पड़ने पर विधायक अपने कार्यकर्ताओं के लिए खाना बनाने और बर्तन भी धोने लगते हैं।

**सोशल मीडिया में काफी वायरल हो रहा है वीडियो-** इन दिनों विधायक संतराम नेताम द्वारा खाना बनाने और बर्तन धोने का वीडियो शोसल मीडिया में काफी वायरल हो रहा है। मिली जानकारी के अनुसार बीते दिनों आजादी की तिरंगा गौरव यात्रा के समापन के अवसर पर विधायक निवास में सभी कार्यकर्ताओं के लिए भोजन की व्यवस्था रखी गयी थी। लेकिन सुबह से हो रही बारिश के कारण भोजन बनने में थोड़ा विलंब हो गया था। ऐसे में विधायक संतराम नेताम स्वयं ही भोजन बनाने में लग गए। इतना ही नहीं जैसे जैसे कार्यकर्ताओं ने भोजन करना शुरू किया तो विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ ही बैठ कर जूठे बर्तनों की धुलाई भी शुरू कर दी।

**विधायक के प्रति लोगों के मन मे बनी अवधारणा बदलेगी-** इस सम्बंध में पायनियर प्रतिनिधि ने जब विधायक संतराम नेताम से बात की तो उन्होंने कहा कि जब से तिरंगा गौरव यात्रा प्रारंभ हुई थी तो हम अपने कार्यकर्ताओं के साथ लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में पदयात्रा करते थे साथ ही रात्रि विश्राम भी गांव में ही होता था। ऐसे में हम गांव के लोगों के साथ स्वयं भोजन बनाते थे और अन्य कार्य भी करने में सहयोग करते थे। चूंकि मेरे माता पिता ने बचपन से ही मुझे ये सिखाया है कि कोई भी काम करने में हमें कभी शर्म नहीं करनी चाहिए। इसलिए जनता का सेवक होने के नाते मेरा फर्ज बनता है कि मैं उनकी सेवा में आवश्यक सभी गतिविधियों में शामिल हो जाऊं। ताकि विधायक के प्रति लोगों के मन मे जो अवधारणा बनी हुई है वो बदले और हम इसी तरह लोगों की सेवा में लगे रहें।

# संतान की दीर्घायु की कामना के लिए माताओं ने व्रत रखा

**बलौदाबाजार।** अंचल की महिलाओं ने बुधवार भाद्रपद षष्ठी को अपनी संतान की दीर्घायु के लिए स्थानीय नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में माताओं ने व्रत रख हलषष्ठी देवी की पूजा की। कालोनी निवासी सरस्वती वर्मा ने कहा की भादों माह में अनेक त्योहार, व्रत व उत्सव के साथ साधकों के लिए उत्तम माना गया है। इसी कड़ी में हलषष्ठी व्रत माताओं के लिए अहम है। संतान की रक्षा, लंबी उम्र की कामना के लिए श्रेष्ठ है। पं.योगेश उपाध्याय ने बताया कि खमर छठ हलषष्ठी का व्रत अश्वनी नक्षत्र में मनाया गया। इस दिन उपवास का महत्व है। सात प्रकार के अन्न अरहर, मक्क, मूंग, जौ, गेहूं, चना, धान बिना हल लगे अन्न सब्जियां और फलों का उपयोग किया जाता है। विशेष रूप से पसहर चावल भैंस के दूध, दही, पांच प्रकार की भाजी का उपयोग किया जाता है। मौली माता मंदिर पुजारी ने बताया कि आज के ही दिन भगवान शेष अवतार के रूप बलराम जी का जन्म हुआ था। भादों महीना के षष्ठी को यह पर्व मनाने का विधान है, इस दिन माताएं बिना हल चले हुए जमीन का उपजे भोजन एवं सात प्रकार के भाजी व महुआ पत्ता का उपयोग करते हैं। सभी माताओं ने एक जगह एकत्रित होकर सामूहिक रूप से पूजा-पाठ कर हलषष्ठी माता की कथा सुनी और शिव, पार्वती-गणेश का पूजा की। ग्राम पंचायत मोहरा मे माताओं ने अपनी संतान की दीर्घायु के लिए कमरछठ (हलषष्ठी) का व्रत रखा। सुबह से ही पूजा की तैयारियां शुरू हो गईं थी। महिलाओं ने सगरी बनाकर उसमें जल डालकर पूजा-अर्चना की। माताओं ने बधाों की पीठ पर छुई का पोता लगाकर इनकी लंबी उम्र की कामना की। चौक-चौराहों पर पसहर चावल एवं पूजन सामग्री की जमकर बिक्री हुई। इस अवसर पर पंडितों ने विधि विधान से पूजा करवाई। महिलाओं ने पूजा के लिए बनाई गई सगरी (तालाब कुंड) की परिक्रमा की और गीत गाए। महिला में सरोज वर्मा सरस्वती वर्मा मोनू वर्मा अर्चना गोदावरी सपना गंगोत्री आदि महिलाओं ने अपने घर में पूजा अर्चना की।



## संतान की लम्बी आयु के लिए माताओं ने रखा हलषष्ठी व्रत



**लवन।** हलषष्ठी बलराम जन्मोत्सव के अवसर पर माताओं ने अपने अपने सन्तानों की उत्तम स्वास्थ्य, लम्बी आयु के लिए हलषष्ठी व्रत रखकर कथा श्रवण किये।एवं पूजा स्थल पर जाकर सगरी में विधिवत पूजा अर्चना कर व्रत का नियमतः पालन किये।पंडितों के द्वारा हलषष्ठी व्रत रहने एवं सुनने की महिमा का ध्यान कराए इस बीच व्रती महिलाओं ने ध्यान पूर्वक कथा श्रवण किये।इस सम्बंध में हलषष्ठी व्रत रहने वाली सुनीता धुरन्धर ने हमारे वरिष्ठ पत्रकार गोलू कैवर्त को चर्चा करते हुए बताया कि निर्जला व्रत रखकर संतान की लम्बी आयु एवं सुखमय जीवन की कामना कर विधिवत पूजा अर्चना कर कथा श्रवण किये जाने की बात कही।आगे बताया कि वह यह व्रत हर वर्ष रहने की बात बताई।अंचल में हलषष्ठी व्रत हर्षोल्लास एवं भक्ति मय माहौल में सम्पन्न हुआ ।

## संतान की लंबी उम्र और परिवार की खुशहाली के लिए रखा व्रत



**सरायपाली।** छत्तीसगढ़ का पारंपरिक त्यौहार कमरछठ को घर- घर में मनाया गया। इस त्यौहार को हलषष्ठी भी कहा जाता है आज महिलाएं अपनी संतान की लंबी उम्र और परिवार की खुशहाली की कामना करते हुए उपवास रखकर भगवान शिव एवं हलषष्ठी माता की पूजा अर्चना की गई। पसहर चांवल और छह प्रकार की भाजियो से भोग लगाने के बाद डूबते सूर्य को अर्ध्य देकर अपना उपवास तोड़ा। दोपहर बाद हल षष्ठी महिलाएं सबसे पहले पवित्र मिट्टी की मदद से एक बेदी बनाकर उसमें पलाश, गूलर आदि की टहनियों और कुश को मजबूती से लगाते हैं. इसके बाद विधि विधान से पूजा करते हुए बगैर जुते हुए खाद्य पदार्थ को अर्पित करती हैं. इस व्रत में महुआ, पसहर चांवल और भैंस का दूध और उससे बनी चीजों का प्रयोग किया। संतान के सुख और लंबी आयु के लिए रखे जाने वाले इस व्रत को रखते समय न तो कोई अन्न खाया जाता है और न ही हल से जुता हुआ कोई अनाज या सब्जी आदि का प्रयोग किया जाता है. ऐसे में इस पावन व्रत में तलाब में पैदा होने वाले खाद्य पदार्थ अथवा बगैर जोते गए पैदा होने वाली चीजों का प्रयोग कर. विशेष रूप से भैंस के दूध और उससे बनी चीजों का ही प्रयोग किया। बच्चों की लंबी उम्र के लिए माताओं द्वारा किए जाने वाला कमरछठ ऐसा पर्व है जिसे हर जाति और वर्ग के लोग अंचल में मनाते हैं इस त्यौहार को हलषष्ठी व हलछठ के नाम से भी जाना जाता है इस पर्व पर माताएं सुबह से ही महुआ पेड़ की डाली का दातुन कर , स्नान कर व्रत धारण किया। वहीं दोपहर बाद घर के आंगन और मंदिरों में दो भाग में शबरी बनाकर उसमें पानी से भरा गया। इस सगरी को काशी के फूलों से आकर्षक ढंग से सजाया गया।

**भाजियो से बने फलाहार का लगाया भोग -** इस व्रत के साथ माताएं पसहर चांवल और छह प्रकार की भाजी का फलाहार बनाकर फलाहार को दही काली मिर्च एवं सेंधा नमक डालकर बनाया गया। पूजा अर्चना व पाठ सुनने के बाद महिलाएं इस फलाहार का पहले माता हलषष्ठी को भोग लगाया फिर उसी फलाहार को प्रसाद के रूप में ग्रहण कर अपने व्रत का पारणा किया।

## महिलाओं ने पूजन कर संतान की दीर्घायु की कामना की

**तिल्दा नेवरा।** भाद्रपद के कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को हलछठी यानी कमरछठ व्रत रखकर महिलाओं ने पूजन कर संतान की दीर्घायु की कामना की। भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलराम जी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में हलषष्ठी (कमरछठ) का व्रत महिलाओं द्वारा पूरे विधी विधान पूर्वक किया जाता है। बलराम का प्रधान शस्त्र हल और मुसल है। इसलिए उन्हें हलधर के नाम से भी पुकारा जाता है। और उन्ही के नाम पर इस पर्व का नाम हलषष्ठी पड़ा है। हर वर्ष की भाती इस वर्ष भी ग्राम सासाहोली के गांधी चौक में महिलाएं सैकड़ों की संख्या में कमरछठ (हलषष्ठी) शगरी माता की विधी पूर्वक पूजा पाठ कर पुरोहित चंद्र भुषण चौबे महराज ने कथा श्रवण कराया। कथा सुनने आई गांव की महिलओं को बताया किहलषष्ठी के दिन प्रातः काल स्नान आदि से निवृत्त होकर दीवार पर गोबर से हरछठ चित्र बनाया जाता है। इसमें गणेश-लक्ष्मी, शिव-पार्वती, सूर्य-चंद्रमा, गंगा-जमुना आदि के चित्र बनाए जाते हैं। इसके बाद हरछठी के पास कमल के फूल, छूल के पत्ते व हल्दी से रंगा कपड़ा भी रखें। हलषष्ठी की पूजा में पसहर के चावल, महुआ , दही, लाई, सात प्रकार के भाजी, आदि का प्रसाद चढ़ाया जाता है। कथा समापन के बाद महिलाएं अपने अपने बच्चों को सात सात बार पोता मारती है। हलषष्ठी पर क्षेत्रीय स्तर पर वैसे तो बहुत सी कथाएं कही जाती हैं लेकिन यह कथा विशेष रूप से प्रचलित है। एक ग्वालिन दूध दही बेचकर अपना जीवन व्यतीत कर रही थी। एक बार वह गर्भवती और दूध बेचने जा रही थी तभी रास्ते में उसे प्रसव पीड़ा होने लगी। इस पर वह एक पेड़ के नीचे बैठ गई और वहीं पर एक पुत्र को जन्म दिया। ग्वालिन को दूध खराब होने की चिंता थी इसलिए वह अपने पुत्र को पेड़ के नीचे सुलाकर पास के गांव में दूध बेचने के लिए चली गई। उस दिन हरछठ व्रत था और सभी को भैंस का दूध चाहिए था लेकिन ग्वालिन ने गाय के दूध को भैंस का बताकर सबको दूध बेच दिया। इससे छठ माता को क्रोध आया और उन्होंने उसके बेटे के प्राण हर लिए।



# मोटर साइकिल से महुआ शराब ले जाते आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com

पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा जिला के सभी थाना प्रभारी को अवैध रूप से संचालित कर रहे जुआ, सटटा,आबकारी एक्ट वैधानिक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है एवं सख्त कार्यवाही किये जाने हेतु जारी निदश के पालन चौकी प्रभारी हितेश जंघेल एवं स उ नि पी. के. जांगड़े के नेतुत्व में चौकी लवन पुलिस द्वारा मुखबीर सूचना पर ग्राम बगबुडा बस्ती में घेराबंदी कर रेड कार्यवाही कर आरोपी के कब्जे से मोटरसाइकिल कीमत 15000/- एवं झोला में 10 लीटर महुआ शराब किमती 2000/-



जुमला किमती 17000/- जप्त किया गया एवं आरोपी को धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल में निरुद्ध किया गया। आरोपी ओम प्रकाश कोसले पिता कमल नारायण उम्र 23 वर्ष साकिन बगबुडा चौकी लवन। उक्त कार्यवाही में प्र0 आरक्षक परमानंद रथ, आरक्षक रवि ध्रुव, चुन्नीलाल साहू का विशेष योगदान रहा।

# किसानों को हाईटेक तकनीक से जोड़ने कृषि विभाग धरातल पर

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

किसानों को हाईटेक तकनीक से जोड़ने के लिए इन दिनों कृषि विभाग लगातार धरातल में नज़र आ रहा है बकायदा इसके मद्देनजर प्रशिक्षण के लिए उड़ीसा तक भेजा जा रहा है ताकि किसान उड़ीसा से सीखकर अपने छेत्र पर अमल में लाए जानकारी के अनुसार उप संचालक संदीप भोई एवम परियोजना अधिकारी नरसिंह ध्रुव के नेतृत्व में न्यू जनरेशन वाटरशेड डवलमेंट प्रोग्राम के तहत ग्रामीण विस्तार अधिकारी गजेंद्र नवरंग और एसके डहरे द्वारा 25 सदस्य किसानों की टीम को भारतीय मुद्रा एवम जल संरक्षण संस्थान अनुसंधान केंद्र सुनाबेड़ा उड़ीसा कोरापुट पर जल ग्रहण प्रबंधन कि बारीकिया सीखने के लिए प्रशिक्षण



में भेजा गया है मतलब वाटरशेड प्रबंधन करने से लेकर मुद्रा संरक्षण की पूरी टेक्निकल जानकारियां हासिल करेंगे बीते 16 अगस्त से 19 अगस्त के यह प्रशिक्षण में किसान कई तरह के नई तकनीक से अवगत होकर काम करेंगे प्रशिक्षण में झाखरपारा सरपंच सनत माझी निष्टीगुड़ा सरपंच टीकम सोनवानी कार्तिक यादव पदुलोचन जगत सहित अन्य किसान शामिल है इस बीच परियोजना अधिकारी नरसिंह ध्रुव ने कहा कि इस प्रशिक्षण से किसान डबरी कुंआ तालाब चेकडैम को किस तरह हाईटेक तरीके से बनाने की जानकारी लेकर मनरेगा और वाटरशेड योजना के माध्यम से काम को अंजाम देंगे इसके अलावा सिंचाई स्त्रोत भी बढ़ेगा और सबसे महत्वपूर्ण बात तो यह है कि मछ्ली पालन बकरी मुर्गी पालन से महिला पुरुष की आजीविका को बल मिलेगा शायद यही वजह है कि इस प्रशिक्षण में किसान एवम जनप्रतिनिधि बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं क्योंकि इसका लाभ आने वाले दिनो मे काफी हद तक किसान एवम महिला समूह को मिलेगा साथ ही जल संरक्षण की ओर भी बेहतर पहल होगी।

# महंत ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की दी बधाई गीता के रचयिता को कोटि कोटि प्रणाम

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी की समस्त प्रदेश वासियों को बधाई शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जन्माष्टमी भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। डॉ. महंत ने कहा मैने अपने जीवन में श्री कृष्ण के उपदेश और पांच मंत्र- पहला मंत्र, शांत और धैर्य स्वभाव रखकर काम करना। दूसरा मंत्र, साधारण जीवन। तीसरा मंत्र, कभी हार न मानना। चौथा मंत्र, दोस्ती निभाना। पांचवा मंत्र, माता-पिता का हमेशा आदर करना इसे धनेश आत्मसात किया है। डॉ. महंत ने कहा, श्रीकृष्ण युगों-युगों से हमारी आस्था के केंद्र रहे हैं, वे कभी यशोदा मैया के लाल होते हैं, तो कभी ब्रज के नटखट कान्हा। जन्माष्टमी पर्व भगवान श्रीकृष्ण के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है, जो रक्षाबंधन के बाद भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। जन्माष्टमी पर पूरे दिन व्रत का विधान है। जन्माष्टमी पर सभी 12 बजे तक व्रत रखते हैं। महाभारत के युद्ध में भगवान कृष्ण का अहम योगदान रहा, उन्होंने ही अर्जुन को धर्म और अधर्म के बारे में ज्ञान दिया था। भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को समस्त गीता का बोध ज्ञान करवाया था, गीता में जीवन का समस्त ज्ञान समाया हुआ है।



# 1 साल से लंबित पारिश्रमिक, वेतन बढ़ोतरी एवं ईपीएफ कटौती को लेकर बूढ़ा तालाब में धरना

पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सामाजिक अंकेक्षण इकाई कर्मचारी महासंघ द्वारा अपने 3 सूत्रों मांगों समस्त कर्मचारियों का विगत 9 माह से लंबित वेतन भुगतान, व्हीएसए/व्हीआरपी का लगभग 01 साल से लंबित परिश्रमिक भुगतान वेतन बढ़ोतरी एवं ईपीएफ कटौती के सम्बन्ध रायपुर के बूढ़ा तालाब में धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। संघ द्वारा बताया गया कि वर्तमान मे इकाई द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 के धारा 17 के तहत सामाजिक अंकेक्षण का कार्य किया जा रहा है जिसमे राज्य के महात्मा गाँधी नरेगा के कुल वार्षिक बजट का 0.5 प्रतिशत राशि सामाजिक अंकेक्षण के लिए निधि आबंटन



का प्रावधान है जो कि पूर्णतः केंद्राश जो।वित्तीय वर्ष 2021-22 में 8048 ग्राम पंचायतो का सामाजिक अंकेक्षण किया गया जिसके लिए लगभग 33 हजार ग्रामीण श्रोत व्यक्ति यों(मनरेगा मजदूर परिवार के सदस्य/स्व. सहायता समूह कि महिला) को रोजगार उपलब्ध कराया गया है लेकिन माह सितम्बर से माह मार्च 2022 तक किये गये सामाजिक अंकेक्षण कार्य मे सम्मिलित ग्रामीण स्रोत व्यक्ति यों का लगभग 508 लाख रुपये का भुगतान एवं सामाजिक अंकेक्षण इकाई मे कार्यरत वेतनभोगी कर्मचारियों का माह नवम्बर 2021 से जुलाई 2022 तक वेतन लगभग 315 लाख का भुगतान नही किया जा सका जो कुल राशि 823 लाख रुपये भुगतान हेतु शेष जो। 9 माह से वेतन नही मिलने के कारण कर्मचारियों कि आर्थिक स्थिति खराब हो चुकी है जीवन निर्वहन मे कठिनाईया आ रही है।

# कृषि ऊपज मंडी में अध्यक्ष सुशील शर्मा ने किया ध्वजारोहण

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

15 अगस्त के अवसर पर सुबह 8 बजे कृषि ऊपज मंडी के अध्यक्ष सुशील शर्मा ने कृषि मंडी में ध्वजारोहन किया। इस अवसर पर उन्होंने वरिष्ठ कांग्रेस जनो को आमंत्रित कर शाल, फूलमाला और श्रीफल से स्वागत और सम्मान करके आशीर्वाद लिया. मंडी में उपस्तिथ जन समुदाय को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज हम सब आज़ादी की 75वीं जयंती मना रहे है ये हमारी पार्टी के नेताओ की शहादत और बलिदान से मिली है, हमें अपने बलिदानी नेताओ के द्वारा किये गये संघर्ष के साथ ही साथ हमारी कांग्रेस पार्टी के इतिहास को भी युवाजन को बताना चाहिये, हमारे मुख्यमंत्री भूपेश



बघेल के मँशा के अनुरूप आज मंडी में किसानो के हितार्थ कार्य किया जा रहा है जिसका परिणाम आज हमारी मंडी में प्रदेश के सभी मंडियो से अधिक भाटापारा मंडी में किसानो को धान की सर्वाधिक क़ीमत मिल रही है. इस अवसर पर चित्ररेखा साहू, अमरनाथ जगत, नरेंद्र भुषानिया, शतृहन वर्मा मंडी सचिव, चैतराम साहू, इस्वर ठाकुर, राजकुमार ठाकुर पूर्व मंडी सचिव, इंद्र साव, सनत ठाकुर, केजूराम देवाँगन, घनस्याम सोनी, राधेश्याम अग्रवाल, संतोष सोनी, हेमंत उपाध्याय, सचिन शर्मा, राजेश तिवारी, गोपाल अग्रवाल, मोतीलाल केशरवानी, निर्मल थरानी सहित मंडी कर्मचारी, हमाल, तोवलैया, रेज़ा एवं कांग्रेस जन उपस्तिथ थे। बृन्दावन कालोनी में सुबह 9 बजे ध्वज़ारोहन मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने किया. सभी कालोनी वाशीयों ने फूलमाला से ज़ोरदार स्वागत किया. सिमिति अध्यक्ष लड्डू सोनी ने कालोनी में व्याप्त पानी, बिजली,सफ़ाई की समस्याओं से अवगत मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा को कराया जिस पर सुशील शर्मा ने तत्काल मुख्य नगरपालिका अधिकारी से दूरभाष पर चर्चा कर समस्याओं के निराकरण करने निर्देश दिये। कृषि उपज मण्डी प्रांगण में ध्वजारोहण कार्यक्रम का संचालन देवेन्द्र भृगु जिला अध्यक्ष राईस मिल एसो. के व्दारा किया गया।


## कार्यालय अधिष्ठाता
### चंदूलाल चंद्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय
### कचांदुर, जिला- दुर्ग (छ.ग.)490024

क्र./चं.चं.शा,चि.मा./क्रय/2022/1876 दुर्ग, दिनांक 08.08.2022

**// निविदा सूचना //**

चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय तथा संबद्ध चिकित्सालय कचान्दुर, दुर्ग (छ.ग.) के लिये सत्र 2022-23 में लगने वाले इलेक्ट्रिक/सेनेटरी एवं साफ-साफ/कारपेंटरी हार्डवेयर/प्लंबिंग सामग्री के क्रय हेतु मोहरबंद निविदायें, निर्माताओं की ओर से निर्माता अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि विक्रेताओं (Dealers or Sub-dealers/saller) से सामग्री के अनुसार प्रकाशन की तिथि से पृथक-पृथक आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा महाविद्यालय एवं संबंधित चिकित्सालय दोनों के लिये है। जिसमें महाविद्यालय एवं चिकित्सालय से आवश्यकतानुसार पृथक-पृथक क्रयादेश जारी किया जाएगा एवं सामग्री की पूर्ति होने पर महाविद्यालय एवं चिकित्सालय के आदेशानुसार देयक का भुगतान संबंधित कार्यालय से पृथक-पृथक किया जाएगा।

| क्र. | सामग्री का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत (रूपये में) | अमानत राशि (रुपये में) | शुल्क राशि (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | इलेक्ट्रिक सामग्री | 10,00,000.00 | 50,000.00 | 1000.00 |
| 2 | साफ-सफाई एवं सेनेटरी सामग्री | 10,00,000.00 | 50,000.00 | 1000.00 |
| 3 | कारपेंटरी-हार्डवेयर सामग्री | 10,00,000.00 | 50,000.00 | 1000.00 |
| 4 | प्लम्बिंग सामग्री | 10,00,000.00 | 50,000.00 | 1000.00 |

निविदा बिक्री की अंतिम तिथि : दिनांक 29.08.2022 समय शाम 05.30 बजे तक
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि : दिनांक 05.09.2022 समय दोपहर 05.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि : दिनांक 06.09.2022 समय दोपहर 12.00 बजे तक
निविदा जमा एवं खोलने करने का स्थान : कार्यालय, अधिष्ठाता चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कचान्दुर, दुर्ग (छ.ग.)

जी-93632/4

अधिष्ठाता
चंदूलाल चंद्राकर स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय
कचान्दुर, दुर्ग (छ.ग.)


## आजादी का अमृत महोत्सव

# जयस्तंभ चौक में शिवरतन शर्मा एवं भाजपा कार्यालय में बाबूलाल साहू ने ध्वजारोहण किया

पायनियर संवाददाता ◄ भाजपा
www.dailypioneer.com

देश की आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में जय स्तंभ चौक में विधायक शिवरतन शर्मा एवं भाजपा कार्यालय में प्रसिद्ध शिक्षाविद एवं क्रीड़ा क्षेत्र के महानायक बाबूलाल साहू ने ध्वजारोहण किया। जय स्तंभ चौक में संबोधित करते हुए विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि आजादी तो हम हर वर्ष मनाते हैं लेकिन इस वर्ष का हमारे लिए विशेष महत्व है आज हम अपनी आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में है और हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह से प्रत्येक देशवासियों के घर में 13 अगस्त से 15 अगस्त तक तिरंगा फहराने की अपील की है उससे पूरे देश के प्रत्येक नागरिक अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज लगाने के लिए प्रेरित हुआ है इस दौरान विधायक शिवरतन शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा देश के लिए ऐतिहासिक कार्य जिनमें जम्मू कश्मीर से धारा 370 एवं 35ए को हटाना देश में तीन तलाक कानून खत्म करना एवं अफगानिस्तान बांग्लादेश पाकिस्तान से पीड़ित अल्पसंख्यकों के लिए देश में सीए एवं एनआरसी लागू करना जैसे ऐतिहासिक कार्य हैं इसके अतिरिक्त विधायक शिवरतन शर्मा ने देश के विभाजन की पीड़ा का भी उल्लेख किया. भाजपा कार्यालय में समाजसेवी बाबूलाल साव ने



आजादी के पर्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश की आजादी के लिए लाखों ऐसे नागरिकों ने भी अपना बलिदान दिया है लेकिन दुर्भाग्यवश इतिहास की किताबों में उन्हें उचित सम्मान नहीं मिला. देश की आजादी के लिए छत्तीसगढ़ से भी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की एक श्रृंखला रही है उनका यह सौभाग्य है कि प्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ खूबचंद बघेल से उन्हें आजादी के संघर्ष की कहानी उन्हीं की जुबानी उन्हें सुनने का सौभाग्य मिला. डॉ खूबचंद बघेल बताया करते थे कि अंग्रेजी शासन काल में जय हिंद एवं वंदे मातरम कहना भी अपराध की श्रेणी में आता था और अंग्रेज इस तरह के शब्द उच्चारण करने पर कोड़े मारने की सजा देते थे आज की युवा पीढ़ी को देश की आजादी का महत्व समझना चाहिए।

इस अवसर पर महाबल बघेल परस देवांगनन नीरा साहू ने देश भक्ति गीत प्रस्तुत किए. इस दौरान नगर के प्रसिद्ध शिक्षाविद छगन अग्रवाल, जिला महामंत्री राकेश तिवारी, मंडल अध्यक्ष मनिंदर सिंह, डॉ.मोहन बांधे, योगेश अनंत, गोपाल देवांगन, नंदकिशोर अग्रवाल, आशीष टोडर, आशीष जायसवाल, राजेश छाबड़िया, आशीष पुरोहित, डॉ.मलिकराम बांधे, कीर्तन जयसवाल, रामचंद्र वर्मा। अविनाश शर्मा, लूकु साहू, देवेंद्र साहू, सतीश सोनी, सजीवन साहू, सतीश साहू, सुरेश मिश्रा, संतोष सिंह, वेद प्रकाश पटेल, चंद्रकला साय, विजय यादव, संतोष साहू, शेखर ठाकुर, प्रसाद दीवान सहित बड़ी संख्या में नागरिक थे।

# बाक्साइड उत्खनन के विरोध में आई बीजेपी जनसुनवाई के दिन ही करेगी विरोध प्रदर्शन

## सांसद गोमती साय ने कहा राष्ट्रपति तक जाना पड़े तो आदिवासी हित में जाऊंगी

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



जिले के बगीचा विकासखंड में बाक्साइड उत्खनन के लिए आगामी 22 सितंबर को जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है ताकि उत्खनन के लिए ग्रामीणों की अनुमति ली जा सके। इसके लिए केंद्र सरकार के खनिज मंत्रालय की ओर से नोटिस जारी किया गया है। नोटिस जारी करते ही यह खबर जशपुरवासियों के बीच आग की तरह फैल गई और भारतीय जनता पार्टी के नेता इसका जमकर विरोध करने लगे। गुरूवार को बीजेपी कार्यालय में प्रेसवार्ता आयोजित कर बाक्साइड उत्खनन पर नेताओं ने विरोध जताया और उत्खनन किसी भी कीमत में नहीं होने देने की बात कही। प्रेसवार्ता में सांसद गोमती साय, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय, पूर्व राज्यसभा सांसद रणविजय सिंह जूदेव, बिलासपुर संगठन प्रभारी कृष्ण कुमार राय, जिला पंचायत अध्यक्ष रायमुनी भगत मुख्य रूप से उपस्थित थे।

**दिलीप सिंह जूदेव का सपना जीवित** - प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए सांसद गोमती साय ने कहा कि कुमार दिलीप सिंह जूदेव ने जशपुर को हरा भरा रखने का सपना देखा था। उनके इस सपने को भाजपा हमेशा जीवित रखेगी। संत गहिरा गुरू के तप भूमि बगीचा के पाठ से बाक्साइड का एक ढेला भी उठाने की अनुमति किसी को नहीं दी जाएगी इसके लिए जो भी कुर्बानी देनी पड़े हम देंगे।

**टीएस की तरह समर्थन करें**- बिलासपुर संभाग संगठन प्रभारी कृष्ण कुमार राय ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि हसदेव में कोयला उत्खनन का जिस प्रकार विरोध बीजेपी के द्वारा किया गया ठीक वैसा ही विरोध बगीचा में भी किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि हसदेव के जंगलों को बचाने के लिए कांग्रेस सरकार के मंत्री टीएस सिंह देव ने भी ग्रामीणों का समर्थन किया जिसके बाद मुख्यमंत्री ने मंत्री की बातों पर ध्यान देने की बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि जशपुर के स्थानीय जनप्रतिनिधियों का बाक्साइड उत्खनन में मौन सहमति है इसलिए कोई खुलकर सामने नहीं आ रहे हैं।

**पैसा के साथ अपराध भी आएगा** - प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने कहा कि फैक्ट्री के आने से किसानों को जमीनों का मुआवजा रूप में खूब पैसे तो मिलते हैं लेकिन उसके साथ ही क्षेत्र में अपराध और बीमारियों का प्रवेश होता है। किराया में रहने वाले लोग कुछ सालों के बाद स्वयं मकान मालिक बनकर वास्तविक मालिक को खदेड़ देते हैं। इसलिए शांत फिजा वाले जशपुर में किसी भी प्रकार का उद्योग न ही लगे तो अच्छा है।

# विधायक ने सरपंचों और पंचायत सचिवों की ली बैठक कहा-अधूरे निर्माण कार्यों को तत्काल करे शुरू

पायनियर संवाददाता ◀ पत्थलगांव
www.dailypioneer.com






पंचायती धर्मशाला में पत्थलगांव विधायक रामपुकार सिंह ने सरपंच व पंचायत सचिवों की बैठक ली। विधायक ने कहा कि गांवों के विकास के लिए शासन प्रतिबद्ध है। गांवों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने प्राथमिकता के साथ काम किए जा रहे हैं निर्माण कार्य को पूर्ण कराने पंचायत प्रतिनिधि जिम्मेदारी के साथ कार्य करें।

बैठक में छग गौसेवा आयोग सदस्य शेखर त्रिपाठी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हरगोविंद अग्रवाल,जनपद पंचायत अध्यक्ष सुकृत सिंग, पूर्व बिडीसी ललित शर्मा के अलावा एसडीएम आर एस लाल,जनपद पंचायत सीईओ संजय सिंह,वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी,पंचायत इंस्पेक्टर लालजीत पैंकरा भी मौजूद थे।इस मौके पर विधायक ने सभी गांवो में चल रहे निर्माण कार्यों की बारी-बारी से जानकारी ली और अधूरे पड़े एवम शुरू नही हुए निर्माण कार्यों को समय सीमा के पूर्व तत्काल कार्य प्रारंभ करने को आदेश किये।बैठक में विधायक ने सरपंच एवं पंचायत सचिवों को कार्य के दौरान आने वाली दिक्कतों के बारे में भी पूछा और निराकरण करने का भरोसा दिलाया। विधायक ने बताया कि बीते दिनों मुख्यमंत्री श्री भूपेश भूपेश के घोषणानुसार हमारी सरकार आदिवासी समाज की सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने का कार्य कर रही है। देवगुड़ी सरना की संस्कृति को संरक्षित करने के लिए पंचायतो में देवगुडी चबूतरा, देव स्थल, देवगुड़ी निर्माण कार्य की स्वीकृति दी जा रही है। इस कार्य को जिम्मेदारी के साथ प्राथमिकता से पूर्ण किए जाने की आवश्यकता है।

# मैट्स विवि में साइबर क्राइम पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन



पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

मैट्स विश्वविद्यालय गुल्लू आरंग मुख्य परिसर में रायपुर पुलिस प्रशासन विभाग के तत्वावधान में आरंग थाना के टीआई कमला पुसाम ठाकुर और उनके टीम द्वारा साइबर क्राइम पर जागरूकता अभियान पर सेमिनार का आयोजन रखा गया । जिसमे विश्वविद्यालय के प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों ने अपनी सक्रिय भागीदारी प्रकट की। कार्यक्रम का संचालन मैट्स कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर डॉक्टर ए जे खान द्वारा किया गया । टी आई मैडम का आत्मीय स्वागत एजुकेशन डिपार्टमेंट के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉक्टर परविंदर हंसपाल द्वारा किया गया । साथ ही लॉ डिपार्टमेंट के विभागाध्यक्ष डॉक्टर ब्रिजेन्द्र सिंग यादव भी मंच पर उपस्थित थे । अपने उदबोधन में टीआई मैडम ने समाज मे हो रहे साइबर क्राइम पर विस्तार से प्रकाश डाला । एवं इस समस्याओं से निपटने का सुझाव भी दिया । साथ ही पुलिस और जनता के मध्य आपसी समन्वय की बात पर भी जोर दिया गया। कार्यक्रम का समापन मैट्स कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर प्रोफेसर ए जे खान द्वारा विश्वविद्यालय की ओर से कार्यक्रम में पधारे पुलिस प्रशासन की टीम एवं उपस्थित समस्त प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए किया गया।

## सौर सुजला योजना से जिला में अब तक 10303 हितग्राहियों को किया गया है लाभान्वित



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के दिशा-निर्देश में दूरस्थ अंचल के किसानों को सौर सुजला योजना से लाभांवित किया जा रहा है। योजना अंतर्गत जिला में अब तक 10303 हितग्राहियों के यहां सिंचाई हेतु सोलर पंप की स्थापना की जा चुकी है। यह योजना उन किसानों के लिए बहुत लाभदायक है जहां जल स्त्रोत होने पर भी खेतों में सिंचाई के लिए किसी प्रकार की व्यवस्था नहीं कर पाते हैं, उनके लिए यह योजना कारगर सिद्ध हो रहा है। इस योजना से गरीब किसान पानी की उपलब्धता आसानी से प्राप्त कर अपनी फसलों को सिंचाई कर अधिक पैदावार होने से अपनी आर्थिक स्थिति को सुधार कर एक बेहतर जीवन की ओर अग्रसर हो रहे हैं। सौर सुजला योजना का लाभ लेने वाले कुनकुरी विकासखण्ड के ग्राम बेहराटोली निवासी श्री अभिषेक कुजूर अपने खेत में 05 एच.पी. क्षमता सबमर्सिबल लगाकर खेती किसानी कर रहें हैं। खेत में तरोई, करेला, टमाटर, लौकी एवं अन्य मौसमी सब्जी पैदावार किया जा रहा है। जिससे किसान को प्रतिवर्ष 03 एकड़ भूमि से लगभग 2,00,000 तक की आमदनी हो रही है।

# बिना टेंडर के हुए निर्माण कार्य, चहेते ठेकेदारों को दिया जा रहा लाखों का कार्य

- निर्माण कार्य के बाद अब की जा रही टेंडर की प्रक्रिया
- डीएमएफटी मद की राशि का हो रहा बन्दरबांट





पायनियर संवाददाता ◀ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

सहायक आयुक्त कार्यालय कोण्डागाँव में बगैर टेंडर प्रक्रिया पूर्ण किए ही चहेते ठेकेदारों को लाखों रुपये का कार्य दे देने का मामला सामने आया है। सूत्रों का कहना है, की इस डीएमएफ्टी मद से मरम्मत कार्य में सबकुछ पहले से ही तय हो चुका रहता है, आगे यदि ई टेंडरिंग प्रक्रिया अपनाई भी जाती है, तो टेंडर चहेते ठेकेदार को ही मिलना तय रहता है। मिली जानकारी अनुसार जिला खनिज न्यास संस्थान अंतर्गत राशि के 60त्न उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों मद अंतर्गत के तहत डीएमएफ्टी की अनुमोदित कार्य योजना 2021-22 में जिला खनिज संस्थान न्यास अंतर्गत 2015 के नियम 22, 2 (घ) शिक्षा हेतु 02करोड़ 23लाख 84 हजार की राशि कार्यालय कलेक्टर डीएमएफ से स्वीकृत की गई थी। जिसमें कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोंडागांव द्वारा प्रस्ताव तकनीकी स्वीकृति प्रपोजल के आधार पर वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोंडागांव को क्रियान्वयन एजेंसी नियुक्त करते हुए ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई थी, व कार्य करवाया जाना था जिसके लिए दो निविदा निकाली गई जिसमें 05मई 2022 एवं 2जून 2022 को निविदा प्रकाशित की गई, लेकिन टेंडर प्रक्रिया पूर्ण किए बिना ही प्री मैट्रिक छात्रावास बड़ेडोंगर में जीर्णोद्धार अंतर्गत रंगाई पुताई व अन्य कार्य 7लाख 73 हजार रुपये का करवा लिया गया। जिसकी निविदा अब तक पूर्ण नही की गई है, किंतु निविदा निकालने से पहले ही अपने चहेते ठेकेदार से सांठगांठ कर पहले ही कार्य कराने की जानकारी अब सामने आ रही है।

अब विचारणीय बात यह है कि मरम्मत कार्य पूर्ण होने के बाद टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से किये गए कार्यगए ठेकेदार को टेंडर देने में कैसी कूट रचना की जाती है।

वहीं मामले पर सहायक आयुक्त संकल्प साहू का कहना है कि धनोरा, फ़रसगांव क्षेत्र में मुख्यमंत्री महोदय के भेंट मुलाकात कार्यक्रम था जिसके अंतर्गत रंगाई पुताई का कार्य कराया गया था। विशेष परिस्थिति में हमारे द्वारा इस प्रकार के कार्य कराए जाते हैं।

# श्री रावतपुरा सरकार विवि में भारतीय वैश्विक अर्थव्यवस्था की गतिशीलता पर दी




पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में द्वितीय लेक्चर सीरीज ( एन एक्सट्राम्युरल लेक्चर सीरीज 2022-23 ) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम 18 अगस्त गुरुवार को विश्वविद्यालय के साई राम प्रेक्षागृह में रखा गया । लेक्चर सीरीज 'भारतीय वैश्विक अर्थव्यवस्था की गतिशीलता' (Dynamics of Indian Global Economy) थीम पर हुआ। लेक्चर सीरीज की शुरआत माँ सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ की गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता वीबीएस पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर यूपी, एपीएस विश्वविद्यालय रीवा मप्र के पूर्व कुलपति प्रो. पीयूष रंजन अग्रवाल रहें।

# ईस्कॉन मंदिर रायपुर में जन्माष्टमी महा-महोत्सव का भव्य शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



ईस्कॉन मंदिर टाटीबंध, रायपुर में जन्माष्टमी महा-महोत्सव 2022 का शुभारंभ ईस्कॉन मंदिर रायपुर के अध्यक्ष एच.एच. सिद्धार्थ स्वामी एवं फेस्टीवल कमेटी के चेयरमेन श्री राजेश अग्रवाल के द्वारा दीप प्रजवल्लन कर किया जायेगा। इस अवसर पर ईस्कॉन मंदिर के उपाध्यक्ष सुलोचन प्रभु और जनार्दन प्रभु जी भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के प्रथम दिन बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन सांयकाल 03 बजे से 07 बजे तक किया जायेगा। बाल महोत्सव समिति की संयोजिका कंचन सिंघानिया एवं सुलोचना बंका ने बताया कि यह कार्यक्रम पिछले 21 वर्ष से ईस्कॉन मंदिर टाटीबंध में लगातार आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के लिए बच्चों में गजब का उत्साह देखने को मिलता है। कार्यक्रम के पश्चात विजयी प्रतियोगी को पुरस्कृत किया जायेगा। कार्यक्रम के निर्णायकगण के रूप में (1) मोहन राम (2) दीपमाला राउत उपस्थित रहेंगे। इसके पश्चात रात्रि 08 बजे से 09 बजे तक श्रृंगारमणी श्री लकी मोहन्ती जी के द्वारा मंगलाचरण, गीता गोविंदम दशावतारम ओडिसी नृत्य की प्रस्तुतियां की जावेगी। कार्यक्रम के दूसरे दिन 19 अगस्त दिन-शुक्रवार को भव्य जन्माष्टमी मनाया जायेगा। कार्यक्रम के तीसरे दिन 20 अगस्त दिन-शनिवार को भव्य व्यास पूजा मनाया जायेगा।

OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (CIVIL), CSPGCL, Shed No. 11, Dangania, Raipur-492013
Phone No. 0771-2574562, Fax :- 0771-2574579, website www.cspc.co.in E-mail:- civilprojectcmg@gmail.com

No.04-04/W/993 Raipur, date 10/08/2022

E-TENDER NOTICE

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from contractors registered in appropriate class in CSPGCL in three part tendering system. The unregistered contractor having experience in Govt./Public Sector Undertaking/Local bodies/Power Generating Companies in India only may also be considered on submission of experience certificate for following work as mentioned below:-

| Sl. No. | Tender Specification No. | Name of Work | NIT value i/c 18% GST (Rs.) | EMD (Rs.) | Completion period (incl. Rainy season) | RFx No. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | CEC/ABVTPS-MRW/ W/ 2022/124 | Annual repair and maintenance of load line, return line and oil siding line including inside MGR loop of CSPGCL Private Railway siding line for uninterrupted coal supply from Naila Railway station to Power House at 2x500MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Chmapa | 165.20 Lacs | 1,65,200 | 12 Months | 81000 26797 |

Cost per tender form for Rs. 1180/- (Rs.1000/- + 18% GST). The due date & time for submission of bids TenderCost & EMD 05.09.2022 (up to 15:00 Hrs) and bid opening date (Techno commercial bids) of 07.09.2022 (up to 16:00) Hrsrespectively. The tender document can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in: 50724/ irj /portal.

Note:- (i) Maintenance period for the work shall benil. (ii) Railway related construction/maintenance work experience required for the work.

Chief Engineer (Civil), CSPGCL, Raipur

//Save Electricity//

samvad - 33580/3

# विश्व आदिवासी दिवस एवं मां मांवली महासभा के नव निर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे सीएम भूपेश

## मुख्यमंत्री ने 2 एकड़ भूमि आदिवासी समाज के लिए आरक्षित करनें एवं सामाजिक भवन के लिए 50 लाख रूपए की घोषणा

पायनियर संवाददाता ◀ भाटापारा
www.dailypioneer.com





मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नगर स्थित रावणभाटा मैदान मे आयोजित विश्व आदिवासी दिवस एवं माँ मांवली महासभा के नव निर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। इस दौरान समाज की महिलाओं ने खुमरी पहनाकर स्वागत किया गया। बघेल ने सम्मेलन में पटपर भाटापारा नगर में आदिवासी समाज के लिए 2 एकड़ भूमि आरक्षित करनें एवं सामाजिक भवन हेतु 50 लाख रूपए स्वीकृति की घोषणा की है। साथ ही मुख्यमंत्री बघेल ने शासकीय हाई स्कूल दंतरेगी का नामकरण स्व संतोष ध्रुव पर एवं शासकीय हाई स्कूल टोनाटार का नामकरण शहीद धनंजय वर्मा के नाम पर करनें की घोषणा किए है।

इस दौरान कैबिनट मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया,खनिज विकास निगम अध्यक्ष गिरीश देवांगन,पूर्व राज्यसभा सांसद छाया,संसदीय सचिव एवं विधायक शकुंतला साहू,अनुसूचित जनजाति आयोग सदस्य गणेश ध्रुव,मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा,निगम मंडल सदस्य सतीश अग्रवाल,जिला पंचायत उपाध्यक्ष सरिता ठाकुर,जिलाध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर,विद्याभूषण शुक्ला,सुनील महेश्वरी,समाज प्रमुख बंशीलाल नेताम,कलेक्टर रजत बंसल पुलिस अधीक्षक दीपक झा उपस्थित थे। बघेल ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। सभा को संबोधित करतें हुए भूपेश बघेल ने आदिवासियों के हित में किये जा रहे कार्यों का उल्लेख किया। आदिवासी संस्कृति एवं छत्तीसगढ़ अस्मिता की पहचान दिलाने के लिए हमारी सरकार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि हमने विश्व आदिवासी दिवस 9 अगस्त में अवकाश दे कर एक उत्सव मनाने का कार्य किए है। इस वर्ष हमनें पिछड़ी जनजाति के पढ़े लिखें नौजवान युवक युक्तियों को शासकीय नौकरी बड़ी संख्या में प्रदान की है। इसके साथ ही आने वाले समय मे 10 हजार शिक्षकों की भर्ती करनें की तैयारी की जा रहीं है। उन्होंने आगें कहा कि राज्य के अन्नदाताओं की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने विभिन्न योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है। जिसमें राजीव गांधी किसान न्याय योजना,गौधन न्याय योजना, भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना प्रमुख है। बच्चों को अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा प्रदान करने में राज्य में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोले गए है। हमने इसकी सीटे भी बढ़ाई है। यह एक ऐसा सरकारी स्कूल है जिसमें अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए अभिभावकों में उत्साह है। अब हम उच्च शिक्षा में भी अंग्रेजी माध्यम के कॉलेज संचालित करने की योजना बना रहे है। राज्य में गोधन योजना से रोजगार और आय के नए स्रोत प्रारंभ हुए हैं।

AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड
शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक
रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-A, धुलेशवर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर–302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

सिक्योरिटाइजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र

अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी है।"वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002" की धारा 13 (2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी ने ऋण खातों के गैर निष्पादनीय आस्तियों (एन.पी.ए.) होने पर नीचे दी गई तालिका के अनुसार ऋणीयों/ सह–ऋणीयों/ गारण्टर/ बंधककर्ताओं (जिन्हें आगे ऋणी/ऋणीयों के नाम से सम्बोधित किया जायेगा) को 60 दिनो के नोटिस प्रेषित किये थे, नोटिस के अनुसार यदि ऋणी 60 दिनों के भीतर सम्पूर्ण ऋण राशि जमा नही करवाते है तों प्राधिकृत अधिकारी प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में अधिनियम की धारा 13 उपधारा 4 व 14 के अन्तर्गत कदम उठाने हेतु स्वतंत्र होगा।जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ उसे प्रतिभूत आस्तियों का कब्जा लेने की शक्ति तथा उनका विक्रय करना सम्मिलित है । अतः आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि निम्न सूची में दी गई सम्पूर्ण बकाया ऋण राशि भविष्य के ब्याज तथा खर्चो एवं लागतों इत्यादि के साथ 60 दिवस के भीतर जमा करवा दें।इसके अतिरिक्त आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त 13(13) में निर्दिष्ट सूचना की प्राप्ति के पश्चात प्रतिभूत लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना सूचना में निर्दिष्ट अपनी किन्ही प्रतिभूत आस्तियों को विक्रय द्वारा या पट्टे द्वारा अथवा किसी भी माध्यम से अन्तरित नहीं करेंगे।ऋणीयों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया जाता है कि उक्त अधिनियम की धारा 13(8) सपठित नियम3(5) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के अनुसार ऋणी अपनी बंधक सम्पत्ति को उसके द्वारा उपगत सभी खर्चों प्रभारों और व्ययों के सहित प्रतिभूत लेनदार द्वारा विक्रय या अन्तरण के लिये नीलामी सूचना के प्रकाशन से पूर्व किसी भी समय भुगतान करके मुक्त करवा सकते है।

| ऋणी/ सहऋणी / बंधककर्ता / गारन्टर का नाम / ऋण खाता संख्या | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| (ऋण खाता संख्या) L9001060116900707, रामभरोसा लाहरी (ऋणी), देवानन्द (सहऋणी) | 06-अगस्त-22 ₹ 4,69,438/- चार लाख उनहत्तर हजार चार सौ अडतीस रूपये मात्र 05-अगस्त-22 तक | (संपत्ति 1) संपत्ति स्थित तालुका नगर निगम सीमा में पीएच नं. 7 खसरा नं. 9/2 का भाग, मिडीयम खवरधा छत्तीसगढ क्षेत्रफल 144.44 वर्गगज (संपत्ति 2) संपत्ति स्थित कबीरधाम छत्तीसगढ 491995 क्षेत्रफल 145.2 वर्गगज |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060823543710, रामभरोसा लाहरी (ऋणी), देवानन्द (सहऋणी) | 06-अगस्त-22 ₹ 4,66,728/- चार लाख छियासठ हजार सात सौ अट्ठाईस रूपये मात्र 05-अगस्त-22 तक | संपत्ति स्थित ग्राम पंचायत पीएच नं. 9 एवं 7 खसरा नं. 3 बार, 9 2 का भाग पोंडी, कवरधा, छत्तीसगढ, क्षेत्रफल 145.2 वर्ग गज |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060118817955, नवीन जलपान (ऋणी), विमल कुमार साहू (सहऋणी), बिन्दु साहू (सहऋणी) | 06-अगस्त-22 ₹ 4,99,490/- चार लाख निन्यानवे हजार चार सौ नब्बे रूपये मात्र 5-अगस्त-22 तक | संपत्ति स्थित ग्राम पंचायत खसरा नं. 841 का भाग मिडिल दुर्ग छत्तीसगढ क्षेत्रफल 200 वर्गगज |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060824690893, नवीन जलपान (ऋणी), विमल कुमार साहू (सहऋणी), बिन्दु साहू (सहऋणी) | 06-अगस्त-22 ₹ 4,88,275/- चार लाख अठासी हजार दो सौ पिचहत्तर रूपये मात्र 05-अगस्त-22 तक | संपत्ति स्थित तालुका नगर निगम मकान नं. 253 वार्ड नं. 16 जाओरा सिरसा दुर्ग छत्तीसगढ क्षेत्रफल 1350 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060122357182, मोहन बंजारे किराना स्टोर जरिये प्रोपराइटर मोहन बंजारा, मोहन बंजारा (सहऋणी), श्रीमती संतोषी बंजारा (सहऋणी) | 06-अगस्त-22 ₹ 6,10,848/- छः लाख दस हजार आठ सौ अडतालीस रूपये मात्र 05-अगस्त-22 तक | संपत्ति स्थित ग्राम पंचायत पीएच नं. 23, ग्राम बाकली, खसरा नं. 176, तहसील राजिम, जिला गरियाबाद, छत्तीसगढ, क्षेत्रफल 119.59 वर्गगज |

दिनांक: 18.08.2022
स्थान: छत्तीसगढ

प्राधिकृत अधिकारी
ए.यू.स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड

## संपादकीय

# भारत-विरोधी कार्रवाई श्रीलंका में चीन का जहाज

**श्रीलंका** के हंबनटोटा बंदरगाह में चीन के जासूसी व उपग्रह सहायक जहाज युवान वांग 5 के पहुंचने से किसी को आश्चर्यचकित नहीं होना चाहिए। भारत ने पहले ही ऐसे जहाज के अपने देश के निकट आने का विरोध किया था, लेकिन शायद ही किसी ने सोचा हो कि चीनी कम्युनिस्ट पार्टी पर ऐसी आपत्तियों का कोई प्रभाव पड़ेगा और उसे हमारी चिन्ताओं की फिक्र है। ऐसा सोचना ही मूर्खतापूर्ण था। वैसे भी सरसरी तौर से देखने पर चीनी जासूसी जहाज की इस यात्रा में कुछ भी गलत नहीं है क्योंकि यह चीनी स्वामित्व वाला बंदरगाह है और यह एक संप्रभु देश में स्थित है। तर्क दिया जा सकता है कि यदि श्रीलंका को इस यात्रा पर कोई आपत्ति नहीं थी तो हम इसका विरोध नहीं कर सकते थे। लेकिन हम विरोध कर सकते हैं क्योंकि यह दुश्मन देश का जहाज है और इसमें ऐसी क्षमतायें मौजूद हैं जो हमारे हितों को नुकसान पहुंचा सकती हैं। विशेषज्ञों की राय है कि हिंद महासागर में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण स्थिति वाले हंबनटोटा बंदरगाह में आने वाला जहाज युवान वांग 5 हमारे मिसाइल व उपग्रह कार्यक्रमों में गंभीर बाधायें पैदा कर सकता है। इस प्रकार जहाज भेजने के पीछे संभवतः यही उद्देश्य है कि वह भारत को घेरने की रणनीति का हिस्सा है। यह कार्रवाई चीन की बहुआयामी कार्रवाई का हिस्सा है जिससे वह इस क्षेत्र में तथा इस प्रकार सारी दुनिया में अपना वर्चस्व स्थापित करना चाहता है। चीन का विश्वास है कि दुनिया धीरे-धीरे इस उभरते यथार्थ या उसकी आक्रामकता की आदी हो जाएगी। इसी कारण उसने ताइवान जलडमरूमध्य में पैदा संकट की पृष्ठभूमि में शनिवार को भारत से 'एक चीन नीति' का समर्थन करने का अनुरोध किया है। यह संकट अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी की ताइवान यात्रा से भड़का है। हालांकि, नई दिल्ली को बीजिंग की आहत संवेदनाओं को शांत करने का प्रयास करना चाहिए, पर उसे इसके जवाब में किसी चीज की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। इस प्रकार युवान वांग 5 का लंका आना महत्वपूर्ण मुद्दा है।

इस जहाज का वहां आना एक प्रकार से हमारे विदेश कार्यालय की अक्षमता भी रेखांकित करता है। यदि हम कोलंबो पर इस समय भी दबाव नहीं डाल सके और उसे हमारे उपयुक्त व्यवहार करने पर राजी नहीं कर सके जबकि हम इस संकटग्रस्त देश को अरबों डालर की सहायता दे रहे हैं तो ऐसा नहीं लगता कि भविष्य में हम यह करने में सक्षम होंगे। श्रीलंका के अनेक राजनेताओं ने युवान वांग 5 का भारी विरोध किया था, ऐसे में विदेश मंत्रालय की अक्षमता और उल्लेखनीय हो जाती है। श्रीलंका में तमिल प्रगतिशील गठबंधन नेता तथा कोलंबो में संसद सदस्य मानो गणेशन ने एक बयान में कहा था कि चीनी जासूसी जहाज का श्रीलंका के समुद्र में आना 'पूरी तरह गलत' है। उन्होंने भारत की चिन्ताओं को उजागर करते हुए कहा कि भारत वह देश है जिसने 'हमारे संकट के समय 4 बिलियन डालर की सहायता दी है।' वैसे ईमानदारी से देखा जाए तो श्रीलंका सरकार ने चीन से युवान वांग 5 का आगमन इस मामले पर 'और चर्चा होने तक' हंबनटोटा बंदरगाह भेजना टालने का अनुरोध किया था। खास राजनयिक अंदाज में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने एक अखबार से साक्षात्कार में कहा, 'हमें अपने राष्ट्रीय हितों का ध्यान रखने की आवश्यकता है, पर हम इस क्षेत्र में विशिष्टता का दावा नहीं कर सकते हैं। इस प्रकार यह कहना गलत होगा कि चीनी जहाज के श्रीलंका के बंदरगाह में ठहरने की अनुमति भारत और चीन के बीच एक टकराव बिंदु है।' क्या विदेश मंत्री का यह कथन नेहरू के उस कुख्यात बयान की तरह नहीं है कि 'वहां घास का एक तिनका भी नहीं उगता है'?

# समग्र शिक्षा से ज्ञान की प्राप्ति

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सफलता के लिए शिक्षक प्रशिक्षण का पुनर्गठन जरूरी है। इसके साथ ही सभी पक्षों का सहयोग भी जरूरी है जिसमें स्वयं छात्र व उनके माता-पिता भी शामिल हैं।



बी.के.पी. सिन्हा
(लेखक, पूर्व आईएफएस अधिकारी हैं)



नेलसन मंडेला ने ठीक ही कहा था कि 'शिक्षा एक सर्वाधिक शक्तिशाली हथियार है जिसका प्रयोग हम दुनिया को बदलने के लिए कर सकते हैं।' यह मानवजाति के विकास एवं वृद्धि की सीढ़ी है। शिक्षा का अधिकार सबके लिए होना चाहिए ताकि सभी लोग बेहतर भविष्य की संभावनायें तलाश सकें। लेकिन केवल शिक्षा के अधिकार से शिक्षा तक पहुंच सुनिश्चित नहीं होती है। इसके लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा जरूरी है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आज के जटिल व तेजी से बदलते परिवेश में सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। इससे ज्यादा न्यायोचित व ज्यादा टिकाऊ दुनिया बनाने के लिए आवश्यक ज्ञान, कौशल एवं मूल्य प्राप्त होते हैं। 'एजुकेशन इंटरनेशनल एंड द असोसियेशन फार सुपरविज़न एंड क्यूरीकुलम डेवलपमेंट' के अनुसार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा 'बच्चे के समग्र विकास पर ध्यान केन्द्रित करती है जिसमें सामाजिक, भावनात्मक, मानसिक, शारीरिक व संज्ञानात्मक विकास शामिल हैं, भले ही उसका जेंडर, नस्ल, वंश, सामाजिक-आर्थिक स्तर या भौगोलिक स्थिति कुछ भी हो।' इसका उद्देश्य छात्रों को उन स्थितियों के लिए तैयार करना है जिनका सामना उनको अपने भावी जीवन में करना पड़ सकता है। अब हमें समझ लेना चाहिए कि केवल शिक्षा ही टिकाऊ भविष्य तक नहीं ले जा सकती है, इसलिए टिकाऊ विकास-एसडी के लिए सीखना भी जरूरी है। 2030 एसडी एजेंडे के लक्ष्य 4.7 में परिवर्तनकारी शिक्षा के महत्व पर जोर दिया गया है जो वैश्विक नागरिकता, टिकाऊ विकास, मानवाधिकार, जेंडर समानता, शांति व सांस्कृतिक विविधता को बढ़ावा दे। 'टिकाऊ विकास' शब्द देने वाली ब्रंडलैंड रिपोर्ट ने इसे परिभाषित करते हुए कहा है 'वह विकास जो वर्तमान की आवश्यकतायें पूरी करे, पर भावी पीढ़ियों की क्षमताओं को प्रभावित न करते हुए उनकी आवश्यकतायें भी पूरी करे।'

यही समग्र दृष्टिकोण है जिसमें आमतौर से तीन क्षेत्र-परिस्थितिकी, सामाजिक व आर्थिक शामिल होते हैं। इससे जीवन के सभी क्षेत्रों का परस्पर संपर्क प्रदर्शित होता है तथा यह टिकाऊ समृद्धि की आवश्यकता पर समान रूप से जोर दिया जाता है। लेकिन आमतौर से हम टिकाऊपन के प्रति एकपक्षीय दृष्टिकोण अपनाते हैं जो हमारी सोच पर आधारित होता है। उदाहरणार्थ, परिस्थितिकी, आर्थिक या सामाजिक दृष्टिकाण पर जोर दिया जाता है जिससे विकृति पैदा हो सकती है। दुनिया आज जिन चुनौतियों का सामना कर रही है वे एक दूसरे से जुड़ी हैं और उनको अलग-थलग कर नहीं समझा जा सकता है। उदाहरण के लिए, हर साल मौसम की आत्यन्तिक घटनायें सामने आती हैं तथा समुद्र के बढ़ते स्तर से लाखों लोगों को अपने घरों से भागना पड़ता है। इसके परिणामस्वरूप जलवायु शरणार्थी पैदा होते हैं तथा गरीबी बढ़ती है। जलवायु परिवर्तन व गरीबी के अनिवार्य रूप से एक दूसरे से जुड़े होने के कारण एक समस्या को संबोधित किए बिना दूसरी का समाधान नहीं किया जा सकता है। परिस्थितिकी के मूल सिद्धान्तों को समझने के लिए हमें संबंधों, परस्पर जुड़ाव तथा संदर्भों पर गौर करना होगा ताकि परिस्थितिकी, सामाजिक व आर्थिक व्यवस्थाओं की परस्पर निर्भरता व अक्सर अनुमान से परे गत्यात्मकताओं को समझा जा सके। विश्लेषणात्मक या आंशिक सोच के बजाय संदर्भात्मक या समग्र सोच में परिवर्तन ज्यादा टिकाऊ दुनिया बनाने, व्यवस्थित निर्णय लेने तथा नीति निर्माण के लिए आवश्यक है। इसे शिक्षा की आलोचनात्मक क्षमता कहा जाता है क्योंकि इससे छात्रों को धरती पर जीवन की जटिलताओं को समझने व उनमें काम करने का अवसर मिलता है। टिकाऊ विकास हेतु शिक्षा-ईएसडी को सीखने और शिक्षण से जोड़ने पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में सहायता मिलती है जो अनेक टिकाऊ विकास लक्ष्यों-एसडीजी के लिए महत्वपूर्ण है। इनमें गरीबी का दुष्चक्र तोड़ना, असमानतायें घटाना, जेंडर समानता प्राप्त करना तथा कृषि उत्पादकता बढ़ाना शामिल हैं। यह अन्य प्रमुख मुद्दों को संबोधित करने के लिए भी जरूरी है जिनमें बरबादी करने वाला उपभोग, जैवविविधता संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों का प्रयोग, जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा, स्वच्छ जल, स्वास्थ्य, सफाई व कचरा प्रबंधन शामिल हैं। ईएसडी एक अंतर-विषयी क्षेत्र है जिसमें अनेक विषयों की अवधारणायें समाहित की जाती हैं ताकि प्राकृतिक व मानव-निर्मित प्रक्रियाओं के परस्पर व्यवहार को समझने पर जोर दिया जाता है जिनका अंततः प्रभाव ग्रह के अनेक बायोमास पर पड़ता है। इसका लक्ष्य जीवन के ऐसे टिकाऊ तरीके खोजना तथा प्राकृतिक संसाधनों का प्रबंधन है जिससे महत्वपूर्ण परिस्थितिकी तंत्रों की रक्षा हो सके तथा मानव समृद्धि के दीर्घकालीन लक्ष्य पूरे हो सकें। व्यवहार बदलने तथा वर्तमान व भावी पीढ़ियों को टिकाऊ भविष्य के लिए आवश्यक ज्ञान व कौशलों से लैस करने के लिए शिक्षा में व्यापक सहभागी विधियों का प्रयोग होता है, जैसे समस्या आधारित तथा परियोजना आधारित शिक्षण। इन क्रियाविधियों से समस्या-समाधान तथा अंतर-विषयी व व्यवस्थित विचार कौशल प्राप्त होता है। इससे टिकाऊपन के संदर्भ में 'क्या सोचें' के बजाय 'कैसे सोचें' सीखने में सहायता मिलती है।

हमारे टिकाऊ भविष्य के लिए ऐसे समाजों व देशों की आवश्यकता है जो एकसाथ काम करें। इसलिए शिक्षा के स्तरों पर हमें सहभागी शिक्षण की पैरवी करनी चाहिए। सहभागी शिक्षण में छात्र छोटे समूहों में एकसाथ काम कर समझ व समाधान के साझा लक्ष्य तय करते हैं। इससे शिक्षा के प्राथमिक उद्देश्य पूरे होते हैं जिसमें जटिल परिस्थितिकीय, सामाजिक व आर्थिक मुद्दों पर एकसाथ काम करने में सक्षम जिम्मेदार नागरिकों को तैयार करना प्रमुख है। इस प्रकार शुरुआती स्तर पर सीखने की सहयोगी परियोजनायें आत्मविश्वास व आलोचनात्मक सोच, सकारात्मक परस्पर निर्भरता, विविधतापूर्ण समझदारी तथा अन्य सामाजिक कौशल विकसित करने में सहायक हो सकती हैं। इन कौशलों में नेतृत्व के गुण, निर्णय लेना, संवाद, विश्वास बनाना, टकराव प्रबंधन तथा स्वामित्व की भावना शामिल हैं। शिक्षा संस्थानों को विभिन्न पक्षों से साझेदारी करने की जरूरत है जिनमें अर्थव्यवस्था, पर्यावरण, आदि शामिल हैं, ताकि वे परस्पर एक दूसरे से सीख सकें। इससे छात्रों को असली जीवन के मुद्दों से संपर्क करने में सहायता मिलेगी और वे दीर्घकालीन टिकाऊ समाधान तैयार करने के लिए व्यावहारिक ज्ञान व कौशल विकसित कर सकेंगे। परंपरागत रूप से ईएसडी को शिक्षा व्यवस्थाओं में अलग आयाम समझा जाता था। लेकिन पिछले कुछ सालों में इसे सभी स्तरों पर मुख्यधारा के साथ समाहित करने का तर्क दिया जा रहा है जिनमें अनौपचारिक व औपचारिक शिक्षा शामिल हैं। इसके लिए विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञानों, मानविकी, आदि की पाठ्यपुस्तकों में सभी प्रकार के व्यवस्थित परिवर्तन जरूरी हैं। इसके लिए शिक्षा व्यवस्थाओं में सुधार भी जरूरी है जिसमें पाठ्यचर्या मजबूत करना, संज्ञानात्मक व गैर-संज्ञानात्मक तत्व, सीखने के परिवेश में परिवर्तन, विविध साझेदारियों की स्थापना, शिक्षक प्रशिक्षण, सीखने के स्थानीय अवसर तथा खोजी शिक्षाविधियां शामिल हैं। ईएसडी शिक्षण के लिए अनेक विषयों का ज्ञान जरूरी है जो आमतौर से शिक्षकों की विशेषज्ञता के बाहर हैं। इसलिए शिक्षक शिक्षण का पुनर्गठन अध्ययन परिवेश के पुनर्गठन हेतु आवश्यक है। इसमें शिक्षाशास्त्र के विकास व शोध हेतु सर्वोत्तम व्यवहारों की पहचान शामिल है। हालांकि, बिना प्रभावी नीतियों, आपरेशनल ढांचे, राजनीतिक इच्छाशक्ति, वित्तीय सहायता व सभी पक्षों के सहयोग के इतने व्यापक सुधार संभव नहीं हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 इक्कीसवीं शताब्दी की पहली ऐसी शिक्षा नीति है जिसका लक्ष्य एसडीजी के अनुसार शिक्षा व्यवस्था को बदलना तथा शिक्षा को समग्र, समावेश, बहुविषयी, छात्र-केन्द्रित, खोज-संचालित व प्रायोगिक बनाना है ताकि भारत को एक जीवन्त ज्ञान-आधारित समाज व वैश्विक ज्ञान महाशक्ति के रूप में विकसित किया जा सके। 'एजेंडा 2030' के महत्वाकांक्षी लक्ष्य प्राप्त करने के लिए शिक्षा की गुणवत्ता बदलने में हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है ताकि मानव जीवन की गुणवत्ता की निरंतरता सुनिश्चित की जा सके। सरकारों, शिक्षकों, शिक्षा संस्थानों व सभी पक्षों को इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी जिनमें स्वयं छात्र व उनके माता-पिता शामिल हैं। हम आज ऐसे मोड़ पर खड़े हैं जहां दो सड़कें अलग-अलग होती हैं। लेकिन अब तक हम जिस सड़क पर चले हैं वह भ्रामक रूप से सहज है, जबकि दूसरी सड़क अक्सर कठिन है और उस पर बहुत कम लोग चले हैं। लेकिन धरती को बनाए रखने के लिए यह निश्चित रूप से एक लक्ष्य पर पहुंचती है।

# प्रधानमंत्री मोदी की पांच प्रतिज्ञायें

प्रदीप वाजपेयी
(लेखक, पूर्व बैंकर हैं)



प्रधानमंत्री मोदी ने अपने नौवें स्वतंत्रता दिवस के भाषण में देश के लिए जो पांच वादों की घोषणा की है, उनमें से दो वादे अपनी सापेक्ष नवीनता के लिए खास तौर पर विशिष्ट थे। बाकी उनका भाषण अपेक्षित तर्ज पर था - यानी भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारी, भाई-भतीजावाद, वंशवाद की पारंपरिक तौर पर निंदा तथा विकास, आत्मनिर्भरता, एकता और सहयोग, तथा जातीय, क्षेत्रीय सभी के प्रति समानता, धार्मिक विविधताएं और अपनी विरासत पर गर्व करना। हमेशा की तरह, सूक्ष्म बारीकियां थीं जो भावी चीजों की ओर इशारा करती थीं। लेकिन उससे पहले दो खास बातें कहीं ।

सबसे पहले, उन्होंने सैकड़ों वर्षों की दासता और निर्भरता, गुलामी की ओर इशारा किया, जिसने हमारी मानसिकता को विकृत कर दिया है और इस बात पर जोर दिया कि इसके अंतिम अवशेषों को हमारे दिमाग के अंतराल से हटा दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, भारत को अब दुनिया से सत्यापन-प्रमाण-पत्र की जरूरत नहीं है। यह एक साहसिक, अलंकृत बयान था, जिसे किसी अन्य पूर्व भारतीय प्रधान मंत्री ने व्यक्त नहीं किया था, विशेष रूप से ऐसे अवसर और स्थल पर। ऐसा लग रहा था कि लंबे समय से दबे हुए राष्ट्र की आत्मा मोदी के सम्मोहक वक्तृत्व में नेहरू के मधुर वाक्यांश को उधार लेने के लिए उच्चारण ढूंढ रही थी। पृष्ठभूमि में लाल किले की खाली, उदास प्राचीर और देश के विस्मरणीय, मार्मिक मध्ययुगीन अतीत के साथ, जो कि अधिकांश भारतीयों में उद्घाटित होता है, वह क्षण ऐतिहासिक विडंबना में रचा-बसा था।

यह भारत के नए आत्मविश्वास और नरेंद्र मोदी सरकार की विदेशी व घरेलू दोनों तरह की गैलरी में नहीं खेलने की दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रमाण था। यह भारत के राष्ट्रीय हित की एकतरफा खोज है, जो अंतरराष्ट्रीय गुलदस्ते या आंतरिक ईंट-पत्थरों से बेखबर है, जिसने उसे अनुच्छेद 370 को रद्द करने में सक्षम बनाया है, साथ ही जो यूक्रेन-रूस संघर्ष के प्रति हमारा संतुलित, निष्पक्ष दृष्टिकोण भी है। भारत अब अंतरराष्ट्रीय दबाव के आगे झुकने के लिए तैयार नहीं है जैसा कि उसने जुलाई 1972 में



किया था जब उसने कश्मीर विवाद को सुलझाए बिना शिमला समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, वो भी तब, जब हमारी सेना ने पाकिस्तान को अपने घुटनों पर ला दिया था और उसके 93,000 युद्धबंदियों को अपनी छावनियों में बंद किया गया था।

दूसरा, पीएम ने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्रियों, यहां तक कि खुद प्रधानमंत्री सहित, सभी को नागरिकता के कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। उनका जोर राजनेताओं पर था, यह उनकी बात को स्पष्ट करने के लिए 'सीएम और पीएम' का उल्लेख करने से पैदा होता है। इसका भारतीय राजनीति पर व्यापक प्रभाव पड़ा है। इस प्रकार, यह राजनेता को ईमानदार और कानून का पालन करने के लिए-अल्पकालिक चुनावी लाभ की खोज में राष्ट्रीय हितों से समझौता करने के बजाय उन्हें सर्वोपरि रखने, रेवड़ी या मुफ्तखोरी वाली संस्कृति से बचने , जिसके बारे में उन्होंने हाल ही में बात की थी और जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने भी प्रतिकूल टिप्पणी की थी - सार्वजनिक जीवन में औचित्य, सत्यनिष्ठा और नैतिकता की अनाप-शनाप अवहेलना करने वाले अभिमान पर लगाम लगाने के प्रति सावधान करता है। यह वित्तीय घोटालों, माफिया लिंक, आपराधिक पृष्ठभूमि, जातिवादी लोकतंत्र, जातिवादी हेर-फेर, भाई-भतीजावाद और वंशवाद के अधिकार के लिए ज्यादा कुख्यात अपराधी के लिए एक राजनेता की चेतावनी थी। इस बात ने निराश व पस्त, आम आदमी को अंदर से छुआ होगा, क्योंकि वही राजनीतिक बौनों के षडयंत्रों के पीड़ितों में से है।

इन दो प्रतिज्ञाओं के अलावा, उन्होंने राज्यों को स्वस्थ, सहकारी व प्रतिस्पर्धी संघवाद की ओर प्रेरित किया, कुछ नेताओं द्वारा परस्पर-खिलाफ की जानी वाली कार्रवाई से बहुत दूर। भाई-भतीजावाद के खिलाफ उनके आह्वान में राजनीति के अलावा अन्य क्षेत्र शामिल थे - उदाहरण के लिए खेल, शिक्षा और नौकरियों में जाति आधारित आरक्षण से लंबे समय से त्रस्त देश में योग्यता पर उनका जोर नयी बात था। उन्होंने अन्य बातों के साथ-साथ, पार्टी और वैचारिक हदबंदियों से ऊपर उठकर, नेहरू, जेपी और लोहिया जैसी स्वतंत्रता संग्राम की अग्रणी मशालों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने बार-बार 'मेरे 130 करोड़ देशवासियों', 'एकता और एकीकरण', 'सामूहिक अंतरात्मा', 'कोई मेरा नहीं, कोई दूसरा नहीं' की बात की और भारत की विविधता इसकी सबसे बड़ी संपत्ति है। जाहिर है, मोदी की 2047 की भारत योजना में कोई भी समूह छूटा नहीं है। एक ऐसे नेता के लिए, जिसे हाल ही में एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय पत्रिका में 'इंडियाज डिवाइडर-इन-चीफ' के रूप में ब्रांडेड किया गया था, उनका एकजुटतावादी व्यक्तित्व और भाषण दर्शकों को असल विपरीत वास्तविकता की याद दिला रहा था।

पिछले वर्षों की तरह, पीएम सभी क्षेत्रों के बच्चों के साथ सहजतापूर्वक खुशी से घुलमिल गए, जिन्होंने एक टीवी कमेंटेटर के मुताबिक 'उनके चेहरे पर पवित्र खुशी' के साथ अनायास प्रतिक्रिया दी। विभिन्न राज्यों के लोक कलाकारों ने अपने पारंपरिक नृत्यों को उत्साह से उनको शामिल किया, जब मोदी भीड़ के बीच से उनके पास पहुंचे। श्रीनगर के लाल चौक पर विभिन्न जातीय और धार्मिक पृष्ठभूमि के लोगों द्वारा उत्साहपूर्वक तिरंगा फहराना एक स्वागत योग्य आश्चर्य था। यह मोदी का पसंदीदा नारा था - सबका साथ, सब का विश्वास या सबका समर्थन, सबका विश्वास- जो कि टीवी स्क्रीन पर बड़े पैमाने पर प्रसारित हो रहा था। ऐसा लग रहा था कि भारत सचमुच अपने रास्ते पर है।

## फरमाया



**हम** भ्रष्टाचार और परिवारवाद की चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। परिवारवाद के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है।

**- नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**मैं** आज इन चीजों-भ्रष्टाचार व परिवारवाद पर चर्चा नहीं करना चाहता हूं।

**- राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता



**रुश्दी** अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के सार्वभौम अधिकार के पक्ष में खड़े हैं।

**- टोनी ब्लिंकेन**
अमेरिकी विदेश सचिव

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## मोदी का संबोधन

**लालकिले** की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उदबोधन निसन्देह राष्ट्र के सर्वांगीण विकास हेतु जन-जन की भागीदारी हेतु प्रेरणा देता है, साथ ही उनका परिवारवाद को भ्रष्टाचार से जोड़ना भी गलत नही है। कारण स्प्ष्ट है कि राजनीति को कमाई का साधन मानने वालों ने इसे पारिवारिक व्यवसायिक संस्थान बनाकर रख दिया, जहां विरासत अपने परिवार तक ही सीमित रखने की परंपरा चलाई गई। सवाल यह है कि भ्रष्टाचार को केवल कुछ विशिष्ट परिवारों अथवा विपक्षी दलों के ही सर मढ़ना कितना औचित्यपूर्ण है ? क्या सत्ता पक्ष के परिवार भ्रष्टाचार के मामले में दूध से धुले हुए हैं? वैसे भ्रष्टाचार के समूल विनाश के लिए दलगत राजनीति से ऊपर उठकर कठोर कार्रवाई की जानी अपेक्षित है। प्रधानमंत्री ने संस्थानों में भी परिवारवाद के विस्तार की बात कही है। विस्तार से देखना होगा कि इससे उनका क्या अर्थ है। आजादी के बाद से अनेक वैज्ञानिक व तकनीकी संगठनों तथा सार्वजनिक उद्यमों ने परिवारों के अनेक लोगों ने उल्लेखनीय योगदान भी दिया है। यह उस समय के अनुकूल था जब पढ़े-लिखे लोग विदेश जाना ज्यादा पसंद करते थे। क्या इस पर भी गौर किया जाएगा।

**-सुधाकर आशावादी**, मेरठ

## मानसिक रोगी

**विश्व** स्वास्थ्य संगठन के अनुसार आधुनिक जीवन शैली, भाग-दौड़ भरी जिंदगी, रातों रात शिखर पर पहुंचने की आंकाक्षा और बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण पुरे विश्व में 45 करोड़ लोग तनाव, मानसिक अवसाद और असुरक्षा की भावना (फोबिया)जैसी मानसिक बिमारियों से ग्रस्त हैं। इनकी संख्या बढ़ रही है। इसके प्रति लोगों में जागरूकता लाने व राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम को गति देने की आवश्यकता है। ग्रामीण व आदिवासी अंचलों में मानसिक रोगियों के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण हेय ही है। परिवारजनों को पीड़ित के साथ संवाद बनाये रखना व उसे समझना चाहिए क्योंकि परिवार से उसे मानसिक संबल मिलता है। इसके अलावा बेसहारा, बेहाल भटकते हुए मानसिक रोगी को एक समस्या मानकर मानसिक अस्पताल पहुंचाने का कार्य करने के लिए उत्सुक व्यक्तियों व स्वेच्छिक संस्थाओं व शासन को आगे आना होगा। पीड़ित रोगियों के लिए मानसिक चिकित्सा कक्ष का भी पृथक से निर्माण किया जाना चाहिए, जिससे आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग के लोग पीड़ित को नजदीकी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करा सकें।

**-संजय वर्मा**, मनावर

## रूश्दी पर हमला

**घाटी** में आतंक की घटनाएं अक्सर घटित होती रहती हैं। एक़ बार फिर से कश्मीरी पंडितों की लक्षित हत्या के प्रयास में सफल रहे आतंकी। उन्होंने इस बार दो भाइयों को निशाना बनाया, जिनमें से एक़ काल के गाल में समा गया। जो कोई भी राष्ट्रवाद की बात करता है कश्मीर में उसे ही ये आतंकी अपना शिकार बनाते हैं। लगातार होती घटनाओं के कारण ही असुरक्षा का भाव वहां के जन-साधारण में है। सुरक्षा बलों के लगातार प्रयास के बाद भी आतंक का बीज अपनी जड़ें जमाये है घाटी में, सरकार एक़ ओर तो पाक अधिकृत कश्मीर की बात करती है मगर दूसरी ओर भारत के हिस्से के राष्ट्रवादी अभी तक पूर्ण रूप से सुरक्षित नहीं रह पा रहे हैं। कश्मीर के राष्ट्रवादियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की अहम् जिम्मेदारी है। वैसे कश्मीर की नकारात्मक घटनाओं को वहां हुए विकास तथा सकारात्मक घटनाओं पर भारी नहीं पड़ने देना चाहिए। जब हमारा पड़ोसी देश व जिहादी कश्मीर में अव्यवस्था पैदा करने के सारे प्रयास कर रहे हों तो स्थिति स्वाभाविक रूप से गंभीर होगी।

**-मनोज**, मेरठ

# स्कूलों में 20 से 30 अगस्त तक आयोजित किए जाएंगे देशभक्तिपूर्ण कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

देश की स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत राज्य के सभी शासकीय, निजी एवं अनुदान प्राप्त स्कूलों में 'हमर तिरंगा' कार्यक्रम 20 से 30 अगस्त 2022 तक आयोजित किया जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. एस. भारतीदासन ने सभी कलेक्टरों, सभी जिला शिक्षा अधिकारियों और जिला मिशन समन्वयकों को स्कूलों में 'हमर तिरंगा'कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सचिव स्कूल शिक्षा द्वारा भेजे गए पत्र में उल्लेख किया गया है कि इस वर्ष 15 अगस्त 2022 को भारत की स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे हो जाएंगे। स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे करने के अवसर पर हम सब मिलकर छत्तीसगढ़ में 'हमर तिरंगा' के नाम से जन समुदाय के साथ मिलकर सभी शासकीय, निजी एवं अनुदान प्राप्त स्कूलों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य मुख्य रूप से जन-जन में देशभक्ति की भावना का प्रचार-प्रसार करना, शहीदों की गाथाएं जन-जन तक पहुंचाना एवं सभी नागरिकों में देश के प्रति समर्पित रहने की भावना विकसित करते हुए वर्तमान सन्दर्भ में आजादी के असली अर्थ को समझाते हुए निरक्षरता के चंगुल से आजादी पाकर सभी को बेहतर गुणवत्ता की शिक्षा सुविधा उपलब्ध कराना है।

'हमर तिरंगा' कार्यक्रम की इन्हीं भावनाओं से ओत-प्रोत होकर 20 से 30 अगस्त 2022 के मध्य राज्य के सभी सरकारी, निजी एवं अनुदान प्राप्त शालाओं में समुदाय को साथ लेकर विभिन्न कार्यक्रमों को समारोहपूर्वक धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। सभी ग्रामों में इन आयोजनों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। राज्य में 20 अगस्त से 30 अगस्त 2022 तक 'हमर तिरंगा' कार्यक्रम के तहत स्कूलों में प्रतिदिन आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के साथ-साथ कक्षा ग्यारहवी एवं बारहवीं के विद्यार्थियों को निकट के थियेटर अथवा स्मार्ट कक्षाओं में 'गांधी' फिल्म दिखाई जाएगी। इस फिल्म के प्रदर्शन हेतु जिले में तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश कलेक्टरों और जिला शिक्षा अधिकारियों को दिए गए हैं। कलेक्टरों और जिला शिक्षा अधिकारियों से कहा गया है कि जिले में उपलब्ध सिनेमा हाल से संपर्क कर शासन की ओर से 20 से 30 अगस्त 2022 तक प्रतिदिन स्कूल अवधि के दौरान किसी उचित समय का निर्धारण कर एक शो कक्षा ग्यारहवी एवं बारहवी के बच्चों के लिए निःशुल्क दिखाया जाना तय करवाएं। जिले में उपलब्ध थियेटर जहां इन शो का प्रदर्शन किया जा सके एवं उनके आस-पास की शालाओं को मैपिंग करते हुए थियेटर में बैठक क्षमता के आधार पर शालाओं को इस अवधि में उनके विद्यार्थियों को शो के लिए समय पर लाने की व्यवस्था करने हेतु निर्देशित करें। ध्यान रखें कि शालाओं से निर्धारित संख्या में बच्चे इस शो को देखने समय पर उपस्थित होने चाहिए। शासकीय शालाओं के विद्यार्थियों को प्राथमिकता देते हुए साथ-साथ कुछ निजी शालाओं को भी इस कार्यक्रम का लाभ लेने हेतु आवश्यक सुविधा प्रदान करें। ट्विनिंग ऑफ स्कूल कार्यक्रम के अंतर्गत बड़े निजी शालाओं को उनके यहां उपलब्ध बस सुविधा का लाभ शासकीय शालाओं के बच्चों को थियेटर में लाने एवं निर्धारित समय पर उन्हें वापस छोड़ने के लिए उपयोग में लाया जा सके। जिले के स्कूलों के बच्चों के रोस्टर इस प्रकार से बनाए जाएं कि अधिकतम बच्चों को इस फिल्म को देखने का अवसर मिल सके। बच्चों को निर्धारित तिथि में फिल्म दिखाने लेकर जाने के संबंध में पालकों को सूचित करने के साथ-साथ उनसे सहमति एवं अन्य प्रक्रिया भी पूरी करवा ले। बच्चों की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाएं। जिन शालाओं के आसपास थियेटर नहीं है वहां के बच्चों को यदि उस शाला में स्मार्ट कक्षाएं उपलब्ध है या अन्य संसाधनों से प्रोजेक्टर आदि के माध्यम से फिल्म दिखाए जाने की सुविधा सुलभ हो तो उसका उपयोग किया जा सकता है।

उपरोक्तानुसार सभी आवश्यक तैयारियां करते हुए ''हमर तिरंगा'' कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार, कोरोना प्रोटोकोल का कड़ाई से पालन करते हुए बड़ी संख्या में जन समुदाय की सहभागिता एवं सभी ओर देशभक्ति का माहौल बनाने की दिशा में सभी आवश्यक प्रयास किए जाएं।

# बेरोजगारी भत्ता और रोजगार को लेकर युवा मोर्चा ने कलेक्टोरेट घेरा, युवाओं में आक्रोश

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



प्रदेश सरकार की ओर से युवाओं को रोजगार व बेरोजगारी भत्ता देने के कथित वादा खिलाफी के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा बेमेतरा जिला ने बुधवार को पैदल मार्च निकाला और कलेक्टर व रोजगार कार्यालय का घेराव किया। रास्ते में तैनात पुलिस बल ने कलेक्ट्रेट के पास बैरिकेड्स लगाकर रखा था जिसे उत्साहित कार्यकर्ताओं ने हटा कर कलेक्ट्रेट की ओर आगे ब?, जहां भाजपा कार्यकताओं व पुलिस बल के बीच जोर आजमाईश होती रहीं। मौके पर पहुंचे अधिकारियों को भाजयुमो ने कांग्रेस सरकार की वादाखिलाफी के संबंध में ज्ञापन सौंपा। पुराना बस स्टैंड से जोरदार नारेबाजी, बैनर पोस्टर, झंडे के साथ भाजपा कार्यकर्ता मेन रोड होते हुए कलेक्ट्रेट की ओर सैकड़ों की संख्या में कूच किये। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, पूर्व संसदीय सचिव लाभचंद बाफना, जिला महामंत्री विकास धर दीवान, भाजयूमो जिला प्रभारी आलोक श्रोती व भाजयुमो जिलाध्यक्ष परमेश्वर वर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे। सभा स्थल पर जिलाध्यक्ष जोशी ने कहा कि प्रदेश की भूपेश सरकार ने अपने घोषणा पत्र में प्रदेश की युवा बेरोजगारों को 2500 रुपये प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता देने की बात कही थी आज 4 वर्ष बितने को जा रहा है लेकिन आज तक बेरोजगारी भत्ता नहीं मिला, जिसको लेकर प्रदेश के युवाओं में आक्रोश है। पूर्व जिलाध्यक्ष शर्मा ने कहा कि इस कांग्रेस सरकार में न ही रोजगार है, न ही स्वरोजगार। है तो सिर्फ और सिर्फ गुंडाराज, जिसका प्रत्यक्ष उदहारण आये दिन प्रदेश में बढ़ती अपराध की घटनाए जो इस सरकार की नाकामी को दर्शा रही है। पूर्व संसदीय सचिव बाफना ने कहा कि प्रदेश का युवा जाग उठा है। अब इनके झांसे में आने वाला नहीं है, आने वाले 2023 के चुनाव में इस लबरी सरकार की विदाई तय है। जिला महामंत्री विकास दीवान ने कहा कि बेमेतरा जिले में हजारों संख्या में बेरोजगार युवा रोजगार कार्यालय में पंजीकृत हैं, जिन्हें न तो रोजगार मिला और न ही उन्हें अब तक बेरोजगारी भत्ता। उन्होंने कहा कि जिले में कांग्रेस के तीनों कांग्रेसी विधायक कमीशनखोरी व भ्रष्टाचार में मस्त है। ना किसी को विकास की पड़ी है ना ही रोजगार की। बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा तो जनसेवा छोड़ अपना ठेकेदारी चलाने में लगे है,अगर इतना ही बिजनेस करना है तो उन्हें राजनीति छोड़ देनी चाहिए। परमेश्वर वर्मा व आलोक श्रोती ने कहा कि युवा मोर्चा भाजपा की रीढ़ की हड्डी है। भाजपा युवा मोर्चा के माध्यम से हर कार्यक्रम करने को तैयार रहती है। युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं के दम पर ही भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है और हम युवाओं के दाम पर इस कांग्रेस झूठी और भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेकेंगे। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश कन्या शक्ति संयोजिका निशा चौबे ने किया। इस दौरान विजय सिंहा, मोंटी साहू, दयावंत बांधे, मधु रॉय, देवादास चतुर्वेदी, जगजीवन खरे, योगेश वर्मा, तनु दीवान, होलूराम साहू, आशीष सोनी, सुरेश निषाद, टिकम गोस्वामी, अभिषेक राजपूत, गजेंद्र साहू, श्रीकांत सिंह, विवेक दीवान सहित युवा नेता उपस्थित रहें।

# गन्ना उत्पाद किसान संघ ने बोनस की मांग को लेकर दिया धरना

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com



जिले के सैकड़ों गन्ना उत्पादक किसानों ने बुधवार को बोनस की बकाया राशि की मांग को लेकर बालोद जिला मुख्यालय स्तिथ नए बस स्टैंड में धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के पश्चात 30 से अधिक ट्रैक्टर के सामने गन्ने को बांधकर शहर में रैली निकाली और राशि को जल्द देने की मांग को लेकर जमकर हल्ला बोला। वही मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंप बोनस की राशि जल्द दिए जाने की मांग की। राशि नही दिए जाने पर उग्र आंदोलन व चक्काजाम की भी चेतावनी दी। किसानो की माने तो बोनस की बकाया राशि की मांग को लेकर मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री को कई दफा अवगत कराया जा चुका। लेकिन आश्वासन मिलने के बाद भी आज तलक बोनस की राशि नही दी गई हैं। आपको बता दे कि जिले में 11 हजार शेयर धारक किसान है। वर्तमान स्थिति में कुल 1 हजार 85 हेक्टेयर में गन्ने की बुआई की जा रही है। वही 682 किसानो का पिछले साल 2020-21 की बकाया बोनस राशि 14 रुपये 25 पैसे प्रति क्विंटल के हिसाब से कुल 46 लाख 35 हजार 905 रुपये है। तो वही इस वर्ष 2021-22 में 652 किसानों का 79 रुपये 50 पैसे प्रति क्विंटल के हिसाब से 2 करोड़ 78 लाख 73 हजार 121 रुपये बकाया राशि है।

**कुंवर ने सीएम को लिखा पत्र-** गुंडरदेही विधायक एवं संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पत्र लिख राजीव गांधी किसान न्याय योजना अंतर्गत किसानो को आदान सहायता राशि प्रदाय करने बात कही है। निषाद ने पत्र के माध्यम से सीएम को अवगत कराया की दंतेश्वरी मैय्या शक्कर कारखाने की गन्ना पेराई की क्षमता 2.0 लाख मीट्रिक टन हैं। पेराई सत्र 2020-21 में कारखाना द्वारा 682 किसानों से 32546.705 मीट्रिक टन गन्ना क्रय किया गया। जिसमें पेराई सत्र की रिकवरी 10.40 प्रतिशत रही। श्री निषाद ने आगे कहा है कि राज्य सरकार द्वारा घोषित गन्ना क्रय 355 रुपये क्विंटल की राशि 84.25 रुपये क्विंटल की दर से समान रूप में राजीव गांधी किसान न्याय योजना अंतर्गत आदान सहायता राशि का भुगतान किया जाना हैं।

# वीरांगना महारानी अवंति बाई जयंती मनाई गई

**कवर्धा।** कवर्धा लोधी समाज द्वारा वीरांगना महारानी अवंति बाई लोधी की 191 वीं जयंती मनाई गई। लोधी समाज द्वारा रानी वीरांगना महारानी अवंति बाई की तैलचित्र पर माल्यार्पण कर नगर भ्रमण हेतु रैली निकाली गई।



भारतमाता चौक में नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने रैली का फूल-माला पहनाकर स्वागत-सत्कार किया। जिला लोधी समाज के संरक्षक रामफल कौशिक के नेतृत्व में लोधी पारा जुनवानी चौक पर वीरांगना महारानी अवंति बाई लोधी की तैलचित्र पर माल्यार्पण कर रैली प्रारंभ किया गया। रैली को सबोधित करते हुए समाज के संरक्षक रामफल कौशिक ने कहा कि वीरागना रानी अवंति बाई लोधी कुल में जन्म लिया था और लोधी के लिए नही बल्कि पूरे भारत देश के लिए अपने प्राण की आहूति देते हुए शहीद हो गई। उन्होने बताया कि लोधी समाज द्वारा मोटर सायकल रैली व रथ पर सवार होकर वीरांगना अवंति बाई को निकाली गई।

# मतदाता सूची से लिंक करने आधार संग्रह का कार्य प्रारंभ

**बेमेतरा।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार निर्वाचकों की पहचान स्थापित करने तथा मतदाता सूची के प्रविष्टि के अधिप्रमाणन के उद्देश्य से आधार संख्या को निर्वाचक नामावली से लिंक किये जाने हेतु जिले में प्रपत्र 6ख के माध्यम से आधार संग्रह का कार्य शुरू हो गया है। निर्वाचन आयोग द्वारा 01 जनवरी 2023 की स्थिति में निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया गया है। जिसके अंतर्गत एकिकृत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 09 नवम्बर 2022 को किया जावेगा तथा समस्त मतदान केन्द्रों में दावा आपत्ति प्राप्त करने का कार्य अभिहित अधिकारी के द्वारा 09 नवम्बर से 08 दिसम्बर 2022 तक किया जावेगा। अवकाश दिवस 12 एवं 13 नवम्बर तथा 19 एवं 20 नवम्बर 2022 को मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर होंगे। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम, चार अर्हता तिथि निर्धारित करने तथा प्रपत्र में संशोधन के संबंध में जानकारी देने के लिए तहसील स्तर पर बीएलओ एवं सुपरवाईजर को मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया गया है। बूथ लेवल अधिकारी द्वारा घर-घर सर्वे कर आधार संग्रह करने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। आधार नम्बर लिंक करने हेतु मतदाता स्वयं आनलाईन फार्म 6 बी भर सकता है, इसके लिए आपने मोबाईल के प्ले स्टोर से वोटर हेल्पलाईन एप डाउनलोड कर वोटर रजिस्ट्रेशन में क्लीक कर प्रक्रिया अनुसार फार्म 6बी भर सकता है।

# विद्यार्थियों ने भ्रमण कर महिला जागरूकता का प्रयास किया



**धमधा।** मुरमुंदा शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों द्वारा ग्राम अछोटी में पथ भ्रमण कर महिला जागरूकता कार्यक्रम के तहत जनजागृति उत्पन्न करने का प्रयास किया गया। संदीपनी एकेडमी अछोटी, मुरमुंदा (दुर्ग) पथ भ्रमण के अन्तर्गत गाँव के प्रमुख चौक चौराहे में नारे लगाकर, स्लोगन वाक्य, पोस्टर तथा बैनर के माध्यम से बदलते परिवेश में समाज की प्रगति में महिलाओं की भूमिका एवं महत्व पर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया तथा महिलाओं को शिक्षा के साथ साथ आजीविका और स्व सहायता समुहों, निजी घरेलू उद्यमों के माध्यम से आर्थिक सशक्तिकरण और सामाजिक दायित्वों के कुशल निर्वहन के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रमुख तथा अनेक गणमान्य ग्रामीण उपस्थित थे। संस्था की ओर से शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों का कुशल मार्गदर्शन सहायक प्राध्यापक विनोद साहू तथा ममता कोशरिया (सहायक प्रध्यापक) ने किया सफल कार्यक्रम हेतु संस्था के प्रशासनिक अधिकारी विनीत चौबे, विभागाध्यक्ष-डॉ. संध्या पुजारी, मुख्य सलाहकार डॉ.-आभा दुबे एवं संस्था के समस्त स्टाफ द्वारा मार्गदर्शकों एवं विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी गई।

# ब्रह्मकुमारी केन्द्र में रक्षाबंधन स्नेह मिलन के साथ ही तिरंगा झंडा भी फहराया गया



पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कुण्डा-प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय केधाप पारा के पास स्थित स्थानीय केन्द्र में रक्षाबंधन स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें राजनांदगांव से पधारी ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहनजी ने रक्षाबंधन का महत्व बताते हुए कहा कि यहभाई बहन के पावन त्योहार के साथ ही पवित्रता का महान पर्व है वर्तमान समय परमपिता परमात्मा शिवबाबा इस धरा पर आकर हमें मन वचन कर्म से पवित्र बनने का श्रेष्ठ लक्ष्य देते हैं जिससे हम स्व रक्षक, विश्व रक्षक, व मर्यादा रक्षक बन हम सुखमय संसार बनाते हैं।राखी बांधने के पूर्व हर घर तिरंगा व स्वतंत्रता सप्ताह के लिए आजादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर के साथ देश भक्ति की स्मृति में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।इस अवसर पर स्थानीय केन्द्र की प्रभारी ब्रह्माकुमारी सोनिया बहनजी,राजनांदगांव से पधारे ब्रह्माकुमार मुरलीधर सोमानी भाई, रूपेश्वर भाई, निरंजन भाई के साथ ही स्थानीय वरिष्ठ समाजसेवी सुरेंद्र सिंह खनूजा,पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष रामस्वरूप साहू, सुरजीत सिंह खनूजा, मनोज चंद्राकर, विजय साहू,संजय चंदावंशी, मुन्ना देवांगन, दीपक चंद्राकर, हरचरण सिंह खनूजा, व्यापारी संघ के अध्यक्ष भागवत प्रसाद साहू,डॉ रामचंद्र जोशी ग्राम पंचायत हथ मुंड़ी के सरपंच, बहन गायत्री चंद्रवंशी, कृषक भीखम साहू जीत राम साहू सहित अनेक गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या मेंउपस्थित रहे, समापन प्राचार्य गुरदीप सिंह मक्कड़ के आभार प्रदर्शन से हुआ।

# अमृत महोत्सव पर काव्य गोष्ठी

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com




आजादी की 75 वीं वर्षगांठ को अमृत महोत्सव के रूप में देश भर में मनाया जा रहा है। स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को नगर की रचना धर्मियों की संस्था हस्ताक्षर साहित्य समिति द्वारा निषाद सामाजिक भवन में कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। कवियों ने गोष्ठी में अपनी रचनाओं को देश की आजादी में अपनी भूमिका निभाने वाले असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों को समर्पित किया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के बाद हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जे .आर .महिलांगे, लतीफ खान लतीफ एवं शमीम अहमद खान ने की। कवि गोष्ठी में सरिता गौतम ने तिरंगे की व्यथा पर अपनी रचना प्रस्तुत की ।रचना कुछ इस तरह से --ओ मुझको लहराने वाले,ओ मुझको फहराने वाले। मैं पूछ रहा हूं तुम सबसे, हो ना जाना मौन- भावपूर्ण इस रचना को सबने सराहा। युवा साहित्यकार तामसिंग पारकर ने स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों की गौरव गाथा को लेकर काव्य पाठ कर सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा ।एक बानगी देखिए--तू इस मिट्टी की आभा है, तू ही गौरव गाथा है ।लाल शहीद तेरे चरणों में, विनयवत ये माथा है।गोपी भाई ने छत्तीसगढ़ रचना के माध्यम से देश को जहां का नूर बताया। छत्तीसगढ़ी रचना के जरिए गोष्ठी में कवि गोपी भाई ने वाहवाही बटोरी। उनकी पंक्तियां कुछ इस तरह से है - मोर देश जहां के नूर हे,जेकर मया मां सब मंजूर है। कन्याकुमारी चरण कमल, कश्मीर जेकर मुड़ हे मोर देश जहां के नूर है। गरिमामय कवि गोष्ठी में संतोष कुमार ठाकुर सरल ने अमृत महोत्सव को महापर्व अपनी रचना के माध्यम से बताया- आज़ादी का ये अमृत महोत्सव महापर्व से कम नहीं,हिंद के वासी खुशी मनाओ, आज़ाद हैं, ये वहम नहीं । घनश्याम पारकर ने गरीबी, मुफलिसी, दंगा, फसाद को लेकर नेताओं पर कटाक्ष किया । गोविंद कुट्टी पारकर ने अपनी काव्य पाठ के माध्यम से दिलों में ध्वज लहराने वालों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। उनकी रचना कुछ इस तरह से है-स्वनाम धन्य करने वालों, मृत्युंजय कहाने वालों। तिनका तिनका ऋ णी रहेगा,दिलों में ध्वज ध्वज लहराने वालों। अमित प्रखर की सारगर्भित रचना ने गोष्ठी में उपस्थित लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा। मुर्दो सा जिसने जिया हो, उसे जिंदा क्यों कहे। मौत भी उत्सव मनाए,वो जवानी चाहिए। कवि गोष्ठी में आचार्य जे. आर. महिलांगे ने वसुधैव कुटुंबकम् पर सशक्त रचना सुनाई। शमीम अहमद शमीम ने अपनी रचना के माध्यम से वाहवाही बटोरी- मेरा ऐसा करम बना देना,देशसेवा मेरा धरम बना देना,मेरे जनाजे को यूं सज़ा देना, तिरंगें को मेरा कफ़न बना देना।

# विधायक ने किया हितग्राहियों को चेक वितरित

**बेमेतरा।** प्रदेश सरकार के श्रम विभाग में गठित छ.ग. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल में पंजीकृत महिला हितग्राहियों को प्रथम दो बच्चों के प्राप्ति पर राशि 20 हजार रुपये मण्डल में संचालित योजना मिनीमाता महतारी जतन योजना के माध्यम से एकमुश्त दिया जाता है एवं मंडल में संचालित योजना मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना के अंतर्गत पंजीकृत निर्माणी श्रमिक जिनकी आयु 59 एवं 60 वर्ष हो उन हितग्राहियों को राशि 10 हजार रुपये दिये जाने का प्रावधान है। मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना का बेमेतरा जिला में विधायक बेमेतरा श्री आशीष छाबडा द्वारा 06 हितग्राहियों को शाल एवं श्रीफल भेट कर चेक वितरण कर योजना का शुभारंभ किया गया है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि बेमेतरा जिले में मिनीमाता महतारी जतन योजना के अंतर्गत 32 हितग्राहियों को राशि 6,35,000 एवं मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना के अंतर्गत 06 सियान हितग्राहियों को राशि 60,000 कुल 38 हितग्राहियों को राशि 6,95,000 (छः लाख पंचानबे हजार रूपये मात्र) का बेमेतरा विधायक के हाथों चेक वितरण किया गया। उक्त राशि एन.ई.एफ.टी. के माध्यम से सीधे उनके बैंक खाता में अंतरण किया गया।

# स्मार्ट इंडिया हेकाथान 2022 ग्रैंड फिनाले में स्वामी आत्मानंद स्कूल को मिला प्रथम स्थान

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बेमेतरा के कक्षा 12वीं के छात्र आदित्य वर्मा, कक्षा दसवीं के छात्र अक्षत वर्मा एवं कुमारी जेबा सेखानी कक्षा 12वीं की छात्रा को स्मार्ट इंडिया हेकाथान 2022 ग्रैंड फिनाले में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान मिला है। इस मुकाम पर पहुंचने के लिए पंजीयन कराने से लेकर दस पढ़ाओं को उन्होंने पार किया। यह नगर व विद्यालय के लिए बड़े ही गर्व का विषय है। इस प्रतियोगिता के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया 26 जनवरी 2022 से शुरू हुई है। ज्ञात हो की स्मार्ट इंडिया हेकाथन एक पहल है, स्कूल और कॉलेज के स्टूडेंट्स विभिन्न भाग लेने वाले मंत्रालयों और विभागों के सामने आने वाली चुनौतियों और वास्तविक जीवन की समस्याओं को अपने आइडिया से हल करते हैं। जिसमें कक्षा छठवीं से लेकर पोस्ट ग्रेजुएट तक किसी भी कक्षा के छात्र अपने इनोवेटिव आइडिया के साथ प्रतिभागी होकर इस सुनहरे मौके के माध्यम से पुरस्कार प्राप्त कर सकते हैं। यह आयोजन सीबीएसई तथा एम ओ ई की सहायता से कराया जाता है, जिसका उद्देश्य नई सोच को बढ़ावा देना है। प्रतियोगिता हेतु स्वामी आत्मानंद विद्यालय बेमेतरा के कक्षा बारहवीं के छात्र आदित्य वर्मा एवं उनकी टीम ने आपदा प्रबंधन विषय पर डिजास्टर मैनेजमेंट में रोड सेफ्टी नामक परियोजना पर कार्य करके अपना विचार व सुझाव प्रस्तुत किया था तथा ऑनलाइन मोड पर जूरी टीम के सदस्यों के समक्ष विद्यार्थियों ने मॉडल प्रस्तुत कर उसकी व्याख्या भी की। इनके ग्रुप का नाम रमन था। इस परियोजना हेतु मार्गदर्शक के रुप में स्मृति अग्रवाल व्याख्याता जीव विज्ञान, शिक्षक स्वाति ठाकुर, विशाल जगवानी, मेहुल कोसे व माधुरी साहू ने उनका सहयोग किया।

# गांधी के छत्तीसगढ़ आगमन ने लोगों को आंदोलन के लिए प्रेरित किया

पायनियर संवाददाता ◄ धमधा/ मुरमूंदा
www.dailypioneer.com



आजादी के अमृत महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। ममता ध्रुव ने बताया कि गांधी जी के छत्तीसगढ़ आगमन की घटना ने आजादी की लड़ाई के लिए न केवल पुरुष को अपितु यहां के महिलाओं एवं बच्चों को भी प्रेरित किया। फिर क्या युवा और क्या बुजुर्ग.सभी ने गांधी को सहयोग देने की बात ठान ली। पं. सुन्दरलाल शर्मा, ठा. प्यारेलाल सिंह पं. रविशंकर शुक्ल प्रभृति नेतृत्व में प्रदेश की महिलाओं ने भी आजादी का संकल्प लिया तथा घरों से निकल कर आजादी की लड़ाई में अपना योगदान दिया। गांधी जी से प्रेरित होकर डॉ. राधाबाई ने महिलाओं का एक संगठन बनाया, उनके साथ रुक्मिणी बाई, मन्टोरा बाई. केकती बघेल , फुलकुंवर बाई ने सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में अपना योगदान दिया। विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार, शराब दुकानों पर धरना, जैसे कार्यो के अलावा, अपने कार्यो से निवृत्त होकर जनसमूहों को सम्बोधित करते थे तथा, मोहल्लों में लोगों को जागरूक किया। इनसे प्रेरित होकर महज दस वर्षीय बालिका रोहिणी परगनिहा भी उनके दल में शामिल गई कपड़ा पहिनो खादी की जय बोलो महाला गांधी की नारा लगाते हुए रोहिणी अपने दल की अगुवाई करती थी। उन्हें पुलिस की लाठियां खानी पड़ी तथा जेल भी गए. सत्याग्रह के दौर में तमोरा जंगल सत्याग्रह मे 18 वर्षीय युवती दयावती ने एक अंग्रेज अधिकारी को थप्पड़ मार कर अपन विरोध जताया। इन पर लाठीचार्ज किया गया तथा । राधाबाई की टोली को कई बार जेल की छाया करनी पड़ी गांधी जी के आगमन पर महिलाओं ने उनके स्वागत की विशेष तैयारियां की तथा तिलक स्वराज फंड के लिए घूम-घूम कर चंदे इकटठे किए। रायपुर, बिलासपुर, धमतरी, महासमुंद राजनांदगांव तथा दुर्ग मे समकालिन ब्रिटिश विरोधी प्रत्येक गतिविधियों में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रहीन आजादी की हर लड़ाई में महिलाओं के योगदान को शत शत नमन।

# महिला आयोग की अध्यक्ष ने की प्रकरणों की सुनवाई

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक एवं सदस्य डॉ. अनिता रावटे, अधिवक्ता शमीम रहमान ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में महिलाओं से संबंधित प्रकरणों की सुनवाई की। इस दौरान बालोद जिले के कुल 21 प्रकरण रखे गए। जिसमें से 13 प्रकरणों को नस्तीबद्ध किया गया। 3 प्रकरण को रायपुर जिले की सुनवाई में रखा गया। राज्य महिला आयोग द्वारा 1 प्रकरण को स्वतः संज्ञान में लेते हुए एफआईआर दर्ज कर अपराधी को हिरासत में रखा गया है। बालोद जिले के एक स्कूल का था। जिसमे आरोपी शिक्षक ने लड़कियों से छेड़छाड़ का मामला था जो एक अखबार में इसे दिया गया था। जिसे आयोग की अध्यक्ष ने तत्काल इस मामले को स्वतः संज्ञान में लिया और जिसके बाद आरोपी को बालोद पुलिस ने गिरफ्तार कर हिरासत में ले लिया है।

**प्रकरण को किया गया नस्तीबद्ध-** सुनवाई के दौरान एक प्रकरण नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी को अध्यक्ष पद में हार का सामना करना पड़ा था। जो इस प्रकरण में अनावेदक है और उनके द्वारा अपनी पार्टी कार्यालय में एक लिखित शिकायत किया गया था। जिसमें आवेदिका का नाम एवं दो अन्य संदेही के उपर उन्हें क्रास वोटिंग का संदेह था। जिस पर पार्टी बैठक में अनावेदकगणों ने यह निर्णय लिया किया इस आवेदन को प्रदेश भाजपा कार्यालय भेजा गया और अनावेदकगणों अनुशंसा के लगभग 2 वर्ष बाद आवेदिका को भारतीय जनता पार्टी से निष्काषित कर दिया गया। आयोग द्वारा उभय पक्ष को सुना गया चुंकि यह प्रकरण नगर पालिका परिषद चुनाव में क्रास वोटिंग के दुष्परिणाम के कारण समाचार पत्रों में छपी खबर से आवेदिका को अपनी मानहानी कारक लगी है। आयोग द्वारा पुछे जाने पर आवेदिका ने कहा कि इन अनावेदक के संबंध में पुलिस अधीक्षक कार्यालय बालोद में भी शिकायत दी गई है। जिसमें किसी प्रकार की कार्रवाई नही हुई है। आवेदिका के द्वारा प्रस्तुत प्रकरण उनकी व्यक्तिगत मानहानी और अनावेदकों के द्वारा चुनाव में क्रास वोटिंग के विषय से जुड़ा है। जिस पर निर्णय केवल न्यायलयीन प्रकरणों के द्वारा ही किया जाना संभव है।

# सामुदायिक वन संसाधन अधिकार के माध्यम से ग्राम सभाओं को सशक्त बनाने लगातार किया जा रहा प्रयास : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत जिले में सामुदायिक वन संसाधन अधिकार के बेहतर क्रियान्वयन के लिए जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरुप सामुदायिक वन संसाधन अधिकार के माध्यम से ग्राम सभाओं को सशक्त बनाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में सामुदायिक वन संसाधन अधिकार के पूरे नियम और प्रक्रियाओं को सरलता से समझने व शंकाओं के समाधान के लिए एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई है। कार्यशाला में कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को सामुदायिक वन संसाधन अधिकार के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाने और जिले में इसका बेहतर क्रियान्वयन कर अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभ दिलाने के निर्देश दिए।




उन्होंने कहा कि वन को सुरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। सामुदायिक वन संसाधन के लिए अधिक से अधिक ग्राम सभाओं से प्रस्ताव आना चाहिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह, जिला वनमंडलाधिकारी गणेश राजन, अपर कलेक्टर तीर्थराज अग्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी. एस. राजपूत मौजूद थे।

कार्यशाला में फ ाउंडेशन फ ॉर इकोलॉजिकल सिक्योरिटी संस्था की सुश्री मंजीत कौर बल ने कम्प्यूटर आधारित प्रस्तुतीकरण के माध्यम से सामुदायिक वन संसाधन अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन हेतु पूरी प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सामुदायिक वन संसाधन अधिकार में एक पारंपरिक गांव के सीमा के भीतर के वन और राजस्व के छोटे बड़े झाड़ के जंगल का अधिकार ग्राम सभा को मिलता है, जिसमें उन्हें इन वन क्षेत्रों की सुरक्षा, सरंक्षण, पुनरुत्पादन, प्रबंधन की भी जिम्मेदारी निभानी होती है। उन्होंने बताया कि सामुदायिक वन संसाधन अधिकार हेतु दावा प्रस्तुत करने के लिए ग्राम सभाएं वन अधिकार समिति का गठन करती है और दावा मिल जाने पर प्रबंधन के लिए वन प्रबंधन समिति का गठन कर सकती है। दावों के लिए गांव के बुजुर्ग, महिलाएं, सभी निवासरत जनजाति के प्रतिनिधि सहित पटवारी, वनरक्षक, पंचायत सचिव परम्परागत सीमा की पहचान करते हैं और सीमावर्ती गांव के साथ जानकारी साझा करते हैं। साथ ही नजरी नक्शा, गांव का निस्तार पत्रक, बुजुर्गों का कथन और सीमावर्ती के गांव के अनापत्ति पत्र लगाए जाते हैं। इसके बाद उपखंड स्तरीय समिति द्वारा सत्यापन करवाया जाता है। सब सही पाए जाने पर जिला स्तरीय समिति को भेजा जाता है। वहां सही पाए जाने पर अधिकार पत्र मिलता है।

ग्राम सभाओं को प्रक्रियाओं की जानकारी देने सामुदायिक वन संसाधन अधिकार जागरूकता अभियान का एक कैलेंडर भी तैयार किया गया है। यह अभियान 26 जनवरी 2023 तक चलाया जाएगा। इसके तहत सभी वन आधारित गांवों के ग्राम सभाओं में सामुदायिक वन संसाधन पर चर्चा प्रस्ताव करने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें अगस्त में दावों के लिए ग्राम सभा, सितंबर में लोकवाणी, अक्टूबर में ग्राम सभा में प्रस्ताव, नवंबर में राज्य स्थापना दिवस पर कार्यक्रम, दिसंबर में हाट बाजार, जनवरी में ग्राम सभा में विचार आदि के संबंध में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। कार्यशाला में डिप्टी कलेक्टर पार्वती पटेल, सभी राजस्व अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, एसडीओ फॉरेस्ट सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# नारायण चंदेल को नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने पर भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा सहित पार्टी कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

जांजगीर चांपा विधानसभा क्षेत्र के विधायक नारायण चंदेल को छत्तीसगढ़ विधानसभा का नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने पर जांजगीर-चांपा जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा सहित पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई तथा शुभकामनाएं प्रेषित की है, तथा 17 अगस्त को जैसे ही नारायण चंदेल को नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने की सूचना कार्यकर्ताओं को मिली तो पार्टी कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटकर एवं पटाखे फोड़ कर खुशी का इजहार किया तो वहीं भाजपा जांजगीर-चांपा जिले के अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा ने भी जिला संगठन की ओर से नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल को शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि उनके कुशल नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी को और अधिक मजबूती मिलेगी, तथा वर्तमान में उनके प्रदेश महामंत्री के रूप में जांजगीर-चांपा जिले को भी निरंतर उनका मार्गदर्शन मिलता है, तथा आने वाले समय में उनका स्नेह जिले वासियों के ऊपर इसी तरह से बना रहेगा,वहीं भारतीय जनता पार्टी जांजगीर-चांपा जिले के सभी 26 मंडलों के पार्टी कार्यकर्ताओं ने भी नारायण चंदेल को नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने पर विभिन्न माध्यमों से बधाई प्रेषित की है, तो वही चंदेल को नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने से जिले के पार्टी कार्यकर्ताओं में भी हर्ष व्याप्त है तथा उनके गृह नगर नैला जांजगीर में भी पार्टी कार्यकर्ताओं में प्रसन्नता व्याप्त है,एवं



नारायण चंदेल पूर्व में भी छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष तथा राजनीतिक रूप से विभिन्न दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं। एवं वर्तमान में नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक के स्थान पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के दिशा निर्देश पर प्रदेश भाजपा प्रभारी डी पुरंदेश्वरी ने रायपुर में आयोजित भाजपा विधायक दल की बैठक के दौरान उनके नाम की घोषणा की है।

## बम्हनीडीह में मनाई गई खुशियां, नारायण चंदेल को दी बधाई

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ प्रदेश महामंत्री एवं जांजगीर-चांपा के विधायक नारायण चंदेल के नेता प्रतिपक्ष चुने जाने पर बम्हनीडीह के कार्यकर्ताओ के द्वारा मिठाई बांटा गया और आतिशबाज़ी करके खुशियाँ मनाई गई । सभापति जिला पंचायत गगन जयपुरिया, चंदेल के साथ रायपुर मे थे,उन्होंने जैसे ही फोन से सूचना बम्हनीडीह मे दी वैसे ही चंदेल समर्थको मे खुशी की लहर दौड़ गई । जाँजगीर-चांपा विधायक नारायण चंदेल के चाहने वाले वैसे तो हर तरफ है,पर बम्हनीडीह से उनका खास लगाव रहा है,इस वजह से बम्हनीडीह के सभी बीजेपी कार्यकर्ता काफ़ी खुश है, जिसमें जिला मंत्री यूवा मोर्चा सोनू जायसवाल, विशेष आमंत्रित सदस्य जिला यूवा मोर्चा विशाल सराफ़, पवन केशरवानी, आलोक अग्रवाल, अनिलक गुप्ता,अनुराग सोनी, सिधार्थ सराफ़, शैलेंद्र सराफ़, पुष्पेन्द्र अजगल्ले, मुकेश टेम्बूलकर, रामकिशन जायसवाल, सुमित जैन, सचिन जायसवाल, मयंक सराफ़,रानु सुहाने, शानू जायसवाल, हेमलाल साहू, विशाल जायसवाल, आनंद अग्रवाल उपस्थित थे।

# जिला पंचायत सीईओ ने गौठानों एवं अन्य विकास कार्यों का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर के निर्देश पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी. एस. राजपूत द्वारा विभिन्न गौठानों एवं अन्य विकास कार्यों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में उन्होंने आज विकासखण्ड मुंगेली के ग्राम घुठेली, करही(ध.), किरना एवं पण्डरभट्ठा में राज्य शासन की महत्वाकांक्षी सुराजी गांव योजना के तहत निर्मित गौठानों में बकरी शेड, मुर्गी शेड एवं एसएचजी शेड तथा गोधन न्याय योजना के तहत गोबर से वर्मी कम्पोस्ट निर्माण की गतिविधि का



निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां बकरी पालन, मुर्गी पालन, मशरूम कार्य, मछली पालन एवं बाड़ी विकास कार्य, महिला स्व सहायता समूह के माध्यम से एक सप्ताह के भीतर प्रारम्भ करने हेतु निर्देश दिए। इसके साथ ही गोधन न्याय योजना पोर्टल में शतप्रतिशत पशुपालकों का रजिस्ट्रेशन करने, अधिक से अधिक मात्रा में गोबर खरीदी करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के पश्चात राजपूत ने गौठानों में पौधारोपण भी किया और उन्होंने पौधों के रख-रखाव के संबंध में कार्य एजेंसी को निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान सहायक परियोजना अधिकारी (मनरेगा) विनायक गुप्ता, कार्यक्रम अधिकारी (मनरेगा) अशोक साहू, तकनीकी सहायक, ग्राम पंचायत के सरपंच व सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, महिला स्व सहायता समूह के सदस्य एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## स्वामी आत्मानंद स्कूल में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया

**मुंगेली।** स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया, आर्दश कृषि उपज मंडी समिति के अध्यक्ष आत्मा सिंह क्षत्रिय द्वारा ध्वारोहण किया गया, इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन एवं छात्र उपस्थित रहे।



# नए नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल का अभिनंदन समारोह आज

**सक्ती।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय संगठन के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के रूप में जांजगीर-चांपा के विधायक नारायण चंदेल को चुने जाने पर 19 अगस्त को भारतीय जनता पार्टी जांजगीर-चांपा जिले की ओर से जिला भाजपा कार्यालय जांजगीर में उनका स्वागत/अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया है, तथा इस संबंध में भाजपा जांजगीर-चांपा जिले के अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा ने बताया कि 19 अगस्त की शाम 4.00 बजे नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल जी जिला भाजपा कार्यालय पहुंचेंगे, तथा वे दोपहर 1.30 बजे राजधानी रायपुर से प्रस्थान कर सीधे जांजगीर आएंगे तथा इस स्वागत अभिनंदन समारोह में भारतीय जनता पार्टी जांजगीर-चांपा जिले के सभी वरिष्ठ जनों,26 मंडलों के पदाधिकारी/ कार्यकर्ताओं मोर्चा प्रकोष्ठ ओं के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं सहित समस्त सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है, जिला भाजपा अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा ने समस्त पार्टी कार्यकर्ताओं को नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के अभिनंदन समारोह में आवश्यक रूप से शामिल होने का आग्रह किया है।

## पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के जन्म दिवस को सदभावना दिवस के रूप में मनाया



**मुंगेली।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की जयंती को जिला कलेक्टोरेट मुंगेली के प्रागण में सदभावना दिवस के रूप में मनाई गई। कलेक्टर के निर्देश पर अपर कलेक्टर तीर्थराज अग्रवाल ने अधिकारी-कर्मचारियों को सदभावना दिवस की शपथ दिलाई। सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने जाति, सम्प्रदाय, क्षेत्र, धर्म अथवा भाषा का भेदभाव किये बिना भारत वासियों की भावनात्मक एकता और सदभावना के लिए काम करने की प्रतिज्ञा ली। उन्होने हिंसा का सहारा लिये बिना हर मतभेद को बातचीत और संवैधानिक माध्यम से सुलझाने की भी शपथ ली। इस अवसर पर जिला कलेक्टोरेट के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। गौरतलब है कि राजीव गांधी की जयंती 20 अगस्त को मनाई जाती है। किंतु 20 अगस्त को तृतीय शनिवार अवकाश होने के कारण 02 दिन पूर्व अर्थात् आज 18 अगस्त को सदभावना दिवस की शपथ का कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## सेंट जेवियर्स में कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन



पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

नगर के सेंट जेवियर्स स्कूल में कृष्ण जन्माष्टमी बड़ी धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शाला के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया , इस अवसर पर नर्सरी के छात्र-छात्राएं श्री कृष्ण और राधा जी के रूप में उपस्थिति रहे एवं शाला में आयोजित मटकी फोड़ कार्यक्रम में शामिल हुए। शाला में आज श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर शाला के शिक्षक कमल नारायण सिंह ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन चरित्र को समझाते हुए कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन अनुकरणीय है उन्होंने दया भावना , विनयशीलता, क्षमा भावना एवं मित्र धर्म को सर्वोपरि माना, श्रीकृष्ण ने नारी सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता दिया है। श्रीकृष्ण ने गीता में कहा कि कर्म ही सर्वोच्च है, अच्छा कर्म से ही हमें अपने जीवन में सफलता प्राप्त होती है। श्रीकृष्ण का संपूर्ण जीवन अनुकरणीय और शिक्षाप्रद है। इस अवसर पर शाला के प्राचार्य शुभेंदु मंडल ने सभी को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं दी, कार्यक्रम में शाला के शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे।

# गुंडे, मवालियों, असामाजिक तत्वों को गिरफ्तार कर जब्त किया चाकू

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com



शहर में गुंडे ,मवालियो और असमाजिक तत्वों को पिछले कई माह से चाकू बेच कर माहौल अशांत करने और अपराधो को बढ़ावा देने वाले एक दुकानदार युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके पास से विभिन्न प्रकार के 19 चाकू बरामद किया है । शहर के विभिन्न थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चाकूबाजी की घटना घटित होने पर पुलिस अधीक्षक बिलासपुर पारूल माथुर के द्वारा सभी थाना प्रभारी को चाकूबाजी की घटनाओं पर अनलाईन एप के माध्यम से क्रय करने वालो की सूची जारी कर निर्देशित किया अपने अपने क्षेत्र में लिस्ट के अनुसार चाकू जमा कराया जाये तत पश्चात भी कुछ लोगों द्वारा जमा नहीं किया गया। एसीसीयू टीम प्रभारी हरविंदर सिंह के द्वारा टीम के सदस्यों को सूचना संकलन कर अवैध रूप से चाकू को रखकर विक्रय करने वाले व्यक्तियों की जानकारी एकत्र कर कार्यवाही किये जाने हेतु आदेशित किया गया था। इसी क्रम में आज दिनांक 17 अगस्त 2022 को गोपनीय सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी प्रदीप कुमार पिता किशन कुमार वाधवानी उम्र 35 साल कि कालोनी थाना सिटी कोतवाली बिलासपुर विनोबा नगर में स्टाइल बेल्ट एवं गिफ्ट कार्नर का दुकान संचालित करता है।

जो ऑनलाइन अप्प के माध्यम से बटनदार एवं अन्य किस्म के चाकू को मंगाकर 700 से 1000 रूपये में विक्रय करता है व शहर के नशेड़ी एवं गुण्डा प्रवृत्ति के लोगो से परस्पर संपर्क में है एवं शहर में हो रही चाकूबाजी की घटना में उपयोग हो रहे। उक्त आरोपित व्यक्ति के दुकान से क्रय कर घटना को अंजाम देने की जानकारी भी प्राप्त होने पर आरोपीत के दुकान में एसीसीयू की टीम द्वारा दबिस दी गई। जहाँ दुकान के काउंटर एवं गल्ले में कुल 3 नग बटनदार बाकू एवं 16 अन्य किस्म के चाकुए बरामद हुई। पूछाछ करने पर फ्लिपकार्ट के माध्यम से पिछले 2 वर्षो से क्रय कर बिलासपुर के लोगों को बेचना कबूल किया।

## धोखाधड़ी कर रहे सायबर ठग

**रायगढ़।** कोरियर सर्विस के नाम पर युवती से एक लाख रूपये की ऑनलाईन ठगी का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार इंदिरानगर रायगढ़ में रहने वाली श्वेता यादव (29 साल) थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी कि 12 अगस्त की सुबह इसके भाई के मोबाईल पर से कॉल आया जो ब्लू डॉट सर्विस सेंटर से बोल रहा हूं कहकर बताया कि 'आपके पार्सल का पता गलत होने के वजह से आपका पार्सल आपको नहीं मिल पा रहा है।

■ **कोरियर सर्विस के नाम पर युवती से 1 लाख की ठगी**

पता सुधार होते ही एक घंटे मे पार्सल मिल जाएगा' और पता सुधारने के लिए एक एप फाईल मोबाइल पर भेजा गया जिसे डाउनलोड करने के बाद पता के साथ अकाउंट पिन नंबर की जानकारी और 2 ते वदसपदम जमा करने को कहा गया जिससे आनलाइन ही पता परिवर्तित हो जाएगा। ऑनलाइन जानकारी भरे जाने के बाद समय प्रकिया आगे नहीं बढ़ा, कुछ समय बाद अकाउंट से दो बार में 99,998 राशि काट लिया गया। उसके बाद तुरंत बैंक जाकर अकाउंट ब्लाक करवाया गया।

# निर्मल सिन्हा के प्रयास से हसौद में जल्द खुलेगा एसबीआई की नई शाखा

पायनियर संवाददाता < जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

हसौद परीक्षेत्र के लोगों की बहुचर्चित मांग पूरी होने पर आमजनों में हर्ष व्याप्त है। यहां पूर्व विधायक निर्मल सिन्हा के प्रयास से बहुत जल्द स्टेट बैंक की शाखा खुलने वाला है। राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति छ.ग. द्वारा 29 जुलाई को रायपुर में आयोजित डीएलसीसी की बैठक में जांजगीर-चांपा जिला के हसौद में स्टेट बैंक की नई शाखा खोलने का प्रस्ताव पारित किया गया है। दरअसल हसौद परिक्षेत्र के लोग अपने बैंक संबंधित सभी कामकाज निपटारा के लिए जैजैपुर में स्थित एसबीआई की शाखा के चक्कर काटने को मजबूर हैं, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों के पगार निकासी से लेकर क्षेत्र के वृद्धजन अपने बुढ़ापा पेंशन के लिए जैजैपुर में स्थित स्टेट बैंक की शाखा पर निर्भर है। स्टेट बैंक की शाखा नजदीक ना होने से हसौद परीक्षेत्र के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बैंक आने जाने में लोगों का काफी धन तथा समय बर्बाद हो जाता है। लोगों का कहना है कि यदि एसबीआई बैंक शाखा की सुविधा उन्हें हसौद में मिल जाए तो उनका धन तथा काफी समय बचेगा। वर्तमान में जहां पेंशन, मानदेय और मनरेगा की मजदूरी जैसे भुगतान बैंक के माध्यम से हो रहे हैं, उस भुगतान को लेने के लिए हसौद क्षेत्र के लोगों को अपने बैंक संबंधित सभी कामकाज के निपटारा लिए लंबी दूरी तय कर जैजैपुर के बस स्टैंड में स्थित स्टेट बैंक की शाखा का रुख करना पड़ता है। जो हसौद से लगभग 15 से 20 किलोमीटर की दूरी पर है। आपको बता दें कि जैजैपुर में स्थित स्टेट बैंक की शाखा जैजैपुर तथा हसौद परिक्षेत्र का इकलौता एसबीआई की शाखा है जो जैजैपुर सहित हसौद परिक्षेत्र के लोगों को बैंकिंग सुविधा मुहैया करा रहा है। क्षेत्र के इकलौते एसबीआई शाखा होने की वजह से बैंक में प्रतिदिन उपभोक्ताओं की बड़ी कतार लगी रहती है, नतीजन हसौद परिक्षेत्र के दूरदराज गांव से पहुंचे लोगों का सही समय पर काम पूरा नहीं होता और उन्हें मायूस होकर वापस घर लौटना पड़ता है।



# कस्टम मिलिंग में लापरवाही पर बालाजी राइस मिल से 208 क्विंटल धान व 102 क्विंटल चावल जब्त

पायनियर संवाददाता < जांजगीर-चाम्पा
www.dailypioneer.com

17 अगस्त को कस्टम मिलिंग में चावल जमा की प्रगति हेतु जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। कुछ दिन पूर्व ही कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने राइस मिल संचालकों की बैठक लेकर समय-सीमा में चावल जमा करने के निर्देश दिए थे। उन्होंने लापरवाही किये जाने पर उचित कार्यवाही के निर्देश भी दिए थे। इसी कड़ी में आज खाद्य विभाग द्वारा ग्राम बनारी स्थित श्री बालाजी राइसमिल में कार्यवाही की गई। मिल की जांच में अनियमितता पाए जाने तथा कस्टम मिलिंग कार्य में लापरवाही बरतने के कारण राइस मिल में 208 क्विंटल धान तथा 102 क्विंटल चावल की जप्ती की गई है ।



बनारी स्थित श्री बालाजी राइस मिल में मिल संचालक को निर्देशित किए जाने के बाद भी भारतीय खाद्य निगम में चावल जमा करने में रुचि नहीं ली जा रही थी। राइस मिल का संचालन और प्रबंधन अनिल पालीवाल द्वारा किया जाता है। उनकी मौजूदगी में जांच की कार्यवाही की गई। जप्त किए धान एवं चावल की कुल बाजार मूल्य लगभग सात लाख रुपए है। जिला खाद्य अधिकारी मनोज त्रिपाठी द्वारा बताया गया कि उक्त मिलर के विरुद्ध छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश 2016 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर धान व चावल को शासन के पक्ष में राजसात करते हुए आगामी सत्र में काली सूची में दर्ज करने की कार्यवाही की जाएगी। जांच कार्यवाही हेतु जिला स्तर की टीम गठित की गई है जिसमे खाद्य निरीक्षक मनीष अग्रवाल और अनिरुद्ध तिवारी शामिल हैं।

# जर्जर घरघोड़ा मार्ग से त्रस्त लोगों ने किया चक्काजाम

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

बुधवार की सुबह तकरीबन 10 बजे के समीप गेरवानी चौक की मुख्य सड़क पर, ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ हल्ला बोल दिया। जहाँ सड़क की जर्जर, घटिया और गड्ढानुमा हालात को लेकर जमकर विरोध देखने को मिला। उर्दना से लेकर गेरवानी तक की सड़क सिर्फ गड्ढों से भरी है। आए दिन यहां जाम लगता है। हाल ही में यहां 2 दिनों तक 12 किलोमीटर लंबा जाम लगा था। पिछले कई सालों से सड़क की मरम्मत नहीं हुई और यहां पर भारी वाहनों का आना-जाना लगातार जारी रहता है। गड्ढों के कारण दुर्घटना या फिर गाड़ियों का ब्रेकडाउन होना रोजमर्रा की बात हो गई ह। प्रशासन और प्रदेश सरकार द्वारा सड़क के नाम पर सिर्फ आश्वासन की डफली मिलती है। सड़क दिन-ब-दिन और बद से बदतर होती जा रही है। प्रदर्शन के दौरान सरपंच, सचिव समेत, दर्जनों ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ हल्ला बोलते हुए नारेबाजी की। हाथों में तिरंगा झंडा लिए हुए ग्रामीणों ने, जिला प्रशासन के खिलाफ नारे लगाते हुए दिखे। वहीं डीजे में देशभक्ति गाने की धुन भी सुनाई दी। साथ ही जिला प्रशासन के खिलाफ मुर्दाबाद, होश में आओ जैसे नारे सुनने को मिले। कुल 4 घंटे तक चले प्रदर्शन के दौरान, उर्दना से लेकर गेरवानी चौक तक, 12 किलोमीटर तक की सड़क पर जाम की स्थिति बनी रही। इस दौरान पूरा रोड, वन वे बन गया। जहाँ धूल उड़ाते हुए डंफर, और ट्रक एक लाइन से खड़े दिखे। ठीक 4 घंटे के बाद, आखिरकार जिला प्रशासन की तरफ से आश्वस्त करने के लिए, रायगढ़ एसडीएम मौके पर पहुँचे। जिन्होंने ग्रामीणों को भरोसे में लेते हुए, कथित तौर पर आश्वासन दिया, और उक्त सड़क को बनवाने का भरोसा दिया है। उधर ग्रामीणों का सामुहिक तौर पर कहना है, कि अगर सड़क 3 दिनों के भीतर नहीं बनाई गई, तो हम उग्र आंदोलन करेंगे। और सड़क को बनाने के लिए, जिस हक की लड़ाई लड़नी पड़ेगी, हम वहां तक जाएंगे।




# आपके द्वार आयुष्मान विशेष अभियान 5 लाख आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य

## 15 अक्टूबर तक चलेगा छूटे हुए हितग्राहियों का कार्ड

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




आजादी के 75वे स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आपके द्वार आयुष्मान विशेष अभियान चलाये जा रहे है आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत आपके द्वार आयुष्मान अभियान के तृतीय चरण में शिविर स्थल,च्वाईस सेंटर या सीएससी सेंटर में आयुष्मान कार्ड निःशुल्क बनाये जा रहे है। जिले में अब तक 9 लाख 14 हजार 645 से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके तथा जिले में अभी भी लगभग 5 लाख कार्ड बनाने का लक्ष्य रखा गया। जिसकी समय अवधि 15 अक्टूबर 2022 तक निर्धारित की गई है। आयुष्मान कार्ड पंजीयन हेतु कार्ड बनाने के लिए हितग्राहियों को राशन कार्ड एवं आधार कार्ड लेकर शिविर स्थल, च्वाईस सेंटर जाना होगा। जिसके तहत जिले के छुटे हुए समस्त एपीएल एवं बीपीएल परिवारों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है। पात्रता के आधार पर क्रियाशील अंत्योदय कार्ड, प्राथमिकता राशन कार्डधारी परिवार और सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना 2011 से चयनित परिवारों को 5 लाख रूपये तक ईलाज के लिए सालाना सुविधा आयुष्मान कार्ड के माध्यम से लाभ मिलेगी। इसी प्रकार शेष राशन कार्डधारी परिवारों को सालाना 50 हजार रूपये तक का निःशुल्क ईलाज की सुविधा पंजीकृत शासकीय एवं निजी चिकित्सालयों में आयुष्मान कार्ड के माध्यम से लाभ मिलेगा।

कलेक्टर रजत बंसल ने जिले के समस्त आम नागरिकों से अपील की है कि अपने नजदीकी शिविर स्थल,च्वाईस सेंटर में जाकर 15 अक्टूबर के पहले आयुष्मान कार्ड बनवाने की अपील की है। तथा च्वाईस सेंटर, सीएससी सेंटर के द्वारा वार्ड एवं ग्रामों में शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए है। ताकि आवश्यकता पड़ने पर निःशुल्क ईलाज का लाभ लिया जा सके। शिविर की जानकारी पंचायत सचिव, कोटवार, नगरीय निकाय के माध्यम से प्रदाय की जायेगी। च्वाईस सेंटर में कोरोना से बचाव संबंधी सभी निर्देशों का पालन एवं मास्क लगाकर प्रवेश करने के भी निर्देश दिये है। शिविर च्वाईस सेंटर संचालकों को भीड़ कम करने के लिए कार्य योजना बनाकर काम करने कहा गया है। साथ ही जिले के योजनांतर्गत पंजीकृत शासकीय एवं निजी चित्सिालय में समस्त आईपीडी एवं ओपीडी के मरीजों एवं उनके परिजनों का भी निःशुल्क आयुष्मान कार्ड चिकित्सालय में बनाया जायेगा। योजनांतर्गत कार्ड बनाने की प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क है अगर किसी के द्वारा पैसे की मांग किया जाता है या ईलाज से मना किया जाता है तो टोल फ्री नंबर 104 में कॉल कर सकते है।

### मौसमी बीमारियों से बचने सतर्कता बरतने कलेक्टर ने की आम जनता से अपील

**बेमेतरा।** वर्षा ऋतु के आगमन के साथ ही जल जनित बीमारियों की आशंका बढ़ जाती है। अगर थोड़ी सी स्वच्छता व सतर्कता बरती जाय तो इस मौसम में होने वाली घातक बीमारियों से बचा जा सकता है। कलेक्टर श्री जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि पेयजल की गुणवत्ता बनाये रखें। थोड़ी सी सावधानी बरतकर इनसे बचा जा सकता है। कलेक्टर ने ए.एन.एम., मितानिन, कोटवार एवं स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले को निर्देश दिए है कि यदि किसी गांव में आंत्रशोथ की शिकायत प्राप्त होती है तो तत्काल इसकी सूचना ब्लॉक एवं जिलास्तर के अधिकारियों को देंवे। जिलाधीश ने कहा है कि नदी, तालाब, झरिया, नालों का पानी पीने के रूप में उपयोग न किया जावे। पेयजल के बर्तनों को अच्छी तरह ढंककर रखना चाहिए तथा पानी निकालने के लिए डंडीयुक्त (चम्पू) बर्तन का उपयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा स्थापित समस्त हैंडपंपों को कीटाणुरहित रखने के लिए जल शुद्धिकरण करने के निर्देश दिए हैं। यदि किसी हैंडपंप से दूषित पानी आ रहा हो तो इसकी सूचना तत्काल पीएचई विभाग के निकटतम मैदानी अमले को दी जा सकती है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि हैंडपंपों के आसपास स्वच्छता बरती जाय। गंदे पानी की निकासी के लिए समुचित नाली का निर्माण किया जाय, ताकि मलेरिया, टाईफाईड, पीलिया, डायरिया जैसी मौसमी बीमारियों से बचा जा सके।

# कलिंगा के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग में दो दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम 'बूट कैंप' का आयोजन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



कलिंगा विश्वविद्यालय मध्य भारत का एक प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान है। यहाँ पर वैश्विक मापदंड के अनुरूप उच्च गुणवत्तापूर्ण और बहु-विषयक अनुसंधान केंद्रित शिक्षा के साथ-साथ शिक्षकों और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से प्रशिक्षित किया जाता है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कलिंगा विश्वविद्यालय में 12अगस्त से 13 अगस्त तक 'प्रभावशाली व्यक्तित्व' के निर्माण के लिए दो दिवसीय संकाय संवर्द्धन कार्यक्रम (एफडीपी)'बूट कैंप' आयोजन किया गया। जिसमें टाईटन्स लर्निंग प्रा.लिमिटेड के विद्वान प्रशिक्षकों एवं अतिथि वक्ताओं के सहयोग से शिक्षकों को उनके व्यक्तित्व को प्रभावशाली बनाने के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के पहले चरण में कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.आर.श्रीधर, महानिदेशक डॉ.बैजू जॉन, कुलसचिव डॉ.संदीप गांधी, कार्पोरेट रिलेशन के निदेशक श्री पंकज तिवारी,अकादमी मामलों के अधिष्ठाता श्री राहुल मिश्रद्व, आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ.विजयलक्ष्मी, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ.आशा अंभईकर और टाईटन्स लर्निंग प्रा.लिमिटेड के विद्वान प्रशिक्षकों एवं अतिथि वक्ताओं की उपस्थिति में ज्ञान और विद्या की देवी माँ सरस्वती की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना करने के पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

इस अवसर पर उपस्थित कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.आर.श्रीधर ने कहा कि आज समय की मांग है कि विद्यार्थियों को नवीनतम और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाए।बदलते समय के साथ विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य निर्माण के लिए,उनकी जरुरत के हिसाब से नयी-नयी तकनीक से परिचित कराना और ज्ञानवर्धक सूचनाएं प्रदान करना बहुत आवश्यक है।इसके लिए हमें भी अपनी अध्ययन कार्यप्रणाली में परिवर्तन के साथ-साथ स्वयं को अपडेट करते रहना जरूरी है।इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्राध्यापकों के प्रभावशाली व्यक्तित्व निर्माण करने के लिए फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम 'बूट कैंप' का आयोजन किया गया है। जिसके विशेषज्ञ प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में हमारे प्राध्यापक अपने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए नयी-नयी बातों को जानेंगे और नया कुछ सीखेंगे। कार्यक्रम के पहले दिन के सत्र में टाईटन्स लर्निंग प्रा. लिमिटेड के विद्वान प्रशिक्षकों के द्वारा आईस ब्रेकर्स,लाईफ स्किल्स और भविष्य निर्माण में उसकी उपयोगिता, स्वयं की पहचान, अपने कार्यक्षेत्र में स्वयं की जिम्मेदारी, स्वमूल्यांकन, अपने संस्थान के प्रतिनिधि के तौर पर कर्तव्यबोध,अपने और अपने समूह के साथ सामूहिक जिम्मेदारी जैसे अनेक विषयों पर चर्चा की गयी ।

# हमर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत हेल्पिंग हैंड्स स्कूल की शानदार प्रस्तुति






पायनियर संवाददाता < खरोरा
www.dailypioneer.com

17 अगस्त को हेल्पिंग हैंड्स स्कूल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चलाई जा रही अभियान ÷हमर तिरंगा÷ साप्ताहिक योजना के उपलक्ष्य में एक शानदार जुलूस का आयोजन कर देश की सुरक्षा में शामिल और वीरगति को प्राप्त हुए सैनिकों और दिव्यपुरुषों को श्रद्धांजलि दी जिसमे कक्षा 4 से लेकर 12वी तक के बच्चे शामिल हुए। स्कूल के बच्चों ने जहां तिगड़ा चौक में स्वर्णिम भारत को भावुक नाटकीय कला के द्वारा प्रस्तुत किया जिसे देखकर दर्शकों ने अपने आंसू रोक नही पाए वहीं दूसरी ओर एक शानदार डांस कर दर्शकों को प्रभावित किया। नाटक के जरिए बच्चों ने दर्शकों को एक बहुत अच्छा संदेश दिया और सारे दर्शकों ने भी खूब बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए उनके साथ जय हिंद ,भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाए जिससे पूरा शहर भारत की आजादी के उत्सव से गुंजायमान हो गया।हमारा मुख्य उद्देश्य दर्शकों के मन में राष्ट्र के प्रति जागरूकता लाना और राष्ट्रभक्ति की भावना को उत्पन्न करना था ।

# पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का पुण्य तिथि मनाई गई



पायनियर संवाददाता < लवन
www.dailypioneer.com

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के पुण्यतिथि के अवसर पर भाजपा बिरगांव मंडल द्वारा अटल की तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। जिसमे प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष होरीलाल देवांगन, महामंत्री योगेश साहू, पवन तिवारी, चंदेश्वर पटेल, महिला मोर्चा अध्यक्ष उर्मिला देवांगन किसान मोर्चा अध्यक्ष गोपेश्वर देवांगन, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष भूपेंद्र सोनबेर, झुग्गी झोपडी अध्यक्ष राजेश रिछारिया, भाजयुमो अध्यक्ष गौतम साहू अनुसूचित जाति महामंत्री तेजराम मिर्झा, भाजयुमो महामंत्री सौरभ वर्मा, उषा वर्मा, शांति साहू, उमा साहू, गायत्री यादव, निरंजन देवांगन, ईश्वरी वर्मा, प्रभुदयाल पटेल एवं समस्त कार्यकर्ता बिरगांव मंडल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय राजमार्ग 30 की हालत हुई जर्जर, हिचकोले खाते हुए गुजरना बना मजबूरी

पायनियर संवाददाता < केशकाल
www.dailypioneer.com



बस्तर की एकमात्र लाइफलाइन राष्ट्रीय राजमार्ग 30 केशकाल से गारका तक के सड़क की हालत एक बार फिर जर्जर हो गयी है। राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग की ओर से इस सड़क के मरम्मत हेतु कोई पहल की गई है। यदि कोई इस रास्ते से बिना सड़क दुर्घटना का शिकार हुए पार हो जाए तो मानो कि वह खुशनसीब इंसान है। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 के सड़क की हालत इतनी खराब है कि जगह जगह पर बड़े बड़े गड्ढे पनप गए हैं। थोड़ी सी बारिश होते ही इन गड्ढों में पानी भर जाता है, यदि आप चाहें तो यहां मछलीपालन भी कर सकते हैं।

विगत कुछ महीने पहले भाजपा के बड़े-बड़े नेताओं ने विश्रामपुरी चौक में धरना प्रदर्शन व चक्काजाम कर कछुआ गति से चल रहे सड़क मरम्मत कार्य को जल्द पूर्ण करने की चेतावनी दी गयी थी। जिसके बाद आनन फानन में सम्बंधित विभाग द्वारा पेंच मरम्मत करवा जरूर दिया गया था। लेकिन कुछ ही महीने में गुणवत्ता की पोल खुल गयी। जगह जगह पर फिर से गड्ढे पनपने लगे है। चूंकि इसी मार्ग से होकर प्रतिदिन बड़े बड़े नेता, विधायक, मंत्री और अधिकारी आवागमन करते हैं। अब देखना होगा कि जिला प्रशासन और राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के अधिकारी कब तक इस ओर ध्यान देते हैं, और आखिर कब केशकाल से गारका व घाटी से दादरगढ़ तक के सड़क का मरम्मत शुरू करवाया जाएगा।

# अमेज़न ने 19 से 22 अगस्त के बीच की होम शॉपिंग स्प्री की घोषणा

**रायपुर।** अमेज़न.इन का होम शॉपिंग स्प्री मौजूदा सीजन से जुड़ी सभी जरूरी चीजों को एक ही स्थान पर लेकर आया है यहां ग्राहक 22 अगस्त 2022 तक होम एंड किचन अप्लायंसेस से लेकर वाटर प्यूरीफायर और गीजर, पेस्ट कंट्रोल प्रोडक्ट, कुकवेयर एंड डाइनिंग, फर्नीचर, होम इंप्रूवमेंट, स्पोर्ट और ऑटोमोबाइल इक्विपमेंट आदि सहित घरेलू जरूरत की वस्तुओं पर कई रोमांचक ऑफ़र और डील्स का लाभ उठा सकते हैं। अमेज़न डॉट इन पर होम शॉपिंग स्प्री के दौरान ग्राहक फे डरल और आईडीबीआई कार्ड और ईएमआई पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत का इंस्टेंट डिस्काउंट प्राप्त कर सकते हैं इसके अलावा वे यहां से कूपन एकत्र कर सकते हैं और 1500 से अधिक की खरीद पर 250 रुपये तक 10प्रतिशत का कैशबैक प्राप्त कर सकते हैं इसके साथ ही, ग्राहकों को यूरेका फ ोर्ब्स, विप्रो, पिजन, लिवगार्ड, द स्लीप कंपनी, ड्यूरोफ्लेक्स, स्लीपी हेड, फि लिप्स, लिवप्योर, रॉयल एनफ ील्ड, सोलिमो, वेगा, स्टीलबर्ड जैसे कुछ बेहतरीन ब्रांडों के प्रोडक्ट पर बचत करने का मौका भी मिल रहा है।गणेश चतुर्थी पर गणेश मूर्तियों, पूजा से जुड़ी जरूरी वस्तुओं, कृत्रिम फूलों और मालाओं और अन्य सजावटी वस्तुओं के विस्तृत संग्रह के साथ पूरी धूमधाम से त्योहार मनाने के लिए तैयार हो जाइए प्रोडक्ट खरीदने के लिए यहां क्लिक करें भाग लेने वाले विक्रेताओं के कुछ ऑफ़र यहां दिए गए हैं समर अप्लायंसेज पर टॉप ऑफर्स 40 प्रतिशत तक छूट -पंखे 30 प्रतिशत तक छूट-मिक्सरग्राइन्डर 40 प्रतिशत तक छूट-वाटरप्यूरिफायर 40 प्रतिशत तक छूट-वैक्यूम क्लीनर किचन और होम अप्लायंसेस पर टॉप ऑफर 199 रुपये से शुरू-लंच बॉक्सेस बोटल्स और जार 299रुपये से शुरू-तवा कढ़ाई आदि 50प्रतिशत तक छूट-टॉप गैसस्टोव और प्रेशर कुकर 99रुपये से शुरू-चॉपर्स, चाकू और किचन टूल्स 60प्रतिशत तक की छूट-डिनरसेट और टेबलवेयर 70प्रतिशत तक की छूट-प्रीमियम बैडशीट पर्दे तौलिया आदि 70प्रतिशत तक की छूट-शोपीस घड़ियां सहित अन्य सजावट रेंज 60प्रतिशत तक की छूट-बॉक्स लाउंड्री बैग कोलेप्सिबल वार्डरोब हैंगर आदि 60प्रतिशत तक की छूट-लाइटिंग सॉल्यूशन विप्रो, फिलिप्स, न्यासा आदि जैसे टॉप ब्रांड के घरेलू उत्पादों पर सबसे बेहतरीन डील्स।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, रिसाली
रिसाली सेक्टर बी.एस.पी. स्कूल नं.-35, पिन-490006
Website :- risali.urbanecg.gov.in

क्रं./लो.क.वि./2022/1139 रिसाली, दिनांक 16/08/2022

// निविदा सूचना //

आयुक्त नगर पालिक निगम रिसाली की ओर से 01 कार्य हेतु लोक कर्म विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृति ठेकेदारों से निविदा आमंत्रित की जाती है।

**नियम एवं शर्ते तथा कार्यों का विस्तृत विवरण संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in एवं विभागीय risali.urbanecg.gov.in में भी देखी जा सकती है।**

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम,
रिसाली

## कार्यालय नगर पंचायत, भटगाँव जिला-सूरजपुर (छ.ग.)
07775-268970, फैक्स नं. 0775-268970, ई-मेल cmobhatgaon@rediffmail.com

क्र.2523/तकनीकी/न.पं./2022-23 भटगाँव, दिनांकः 16/08/2022

// द्वितीय मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना //

नगर पंचायत भटगाँव द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न कार्य हेतु सीलबंद निविदायें प्रभावशील P.W.D.S.O.R. Road 01/01/2015/Electric 01.01.2015 से कम/समान/अधिक प्रतिशत दर से 03 लिफाफा में मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का नाम | लागत राशि | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड क्र. 06 एवं 07 लल्लू वेल्डिंग दुकान से शमीम घर तक बी. टी. रोड निर्माण कार्य। | 13.58 | दि. 05/09/2022 समय - 03:00 बजे |
| 2. | वार्ड क्र. 10 में धीरेन्द्र वेल्डिंग दुकान से गणेश घर तक बी.टी. रोड निर्माण कार्य। | 4.88 | |
| 3. | वार्ड क्र.11, 13 एवं 14 में सी.एम.ओ. आवास से गांधी चौक तक सड़क प्रकाश विस्तारीकरण कार्य। | 18.60 | |
| 4. | वार्ड क्र. 06, 08 एवं 10 में एस.ई.सी.एल. हॉस्पीटल से बस स्टेंण्ड तक सड़क प्रकाश विस्तारिकण कार्य। | 18.60 | |
| 5. | वार्ड क्र. 05 एवं 06 सामुदायिक शौचालय से सी.एच.पी. चौक तक सड़क प्रकाश विस्तारीकरण कार्य। | 13.29 | |

नोट :- उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी Uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत,भटगांव
जिला-सूरजपुर

## कार्यालय नायब/तहसीलदार बोड़ला, जिला कबीरधाम (छ.ग.)

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम पंचायत- **केशमर्दा** के समस्त आश्रित ग्राम **बांकी** को सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शित कॉलम नम्बर-03 के आवेदकों द्वारा कॉलम नम्बर-04 के निम्नांकित हितग्राही/हितग्राहियों का जाति प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन पेश किया गया है:-

**ग्राम का नाम-** बांकी, **आवेदक का नाम-** संतोष कुमार उद्दे, **हितग्राही का नाम-** संतोष कुमार उद्दे, **आनलाईन आवेदन क्रमांक-** 0704012214005871, **जिस जाति का प्रमाण पत्र जारी किया जाना है-**गोंड।

अतः उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 25/08/2022 तक प्रमाणित दस्तावेजी साक्ष्य के साथ दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक में दावा/आपत्ति प्रस्तुत न करने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 10/08/2022 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक - 10/08/2022
पेशी दिनांक - 25/08/2022

मुहर
नायब/तहसीलदार
बोड़ला जिला कबीरधाम (छ.ग.)

## कार्यालय नायब/तहसीलदार बोड़ला, जिला कबीरधाम (छ.ग.)

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम पंचायत- **मुडघुसरी मैदान** के समस्त आश्रित ग्राम **मुडघुसरी मैदान** को सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शित कॉलम नम्बर-03 के आवेदकों द्वारा कॉलम नम्बर-04 के निम्नांकित हितग्राही/हितग्राहियों का जाति प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन पेश किया गया है:-

**ग्राम का नाम-** मुडघुसरी मैदान, **आवेदक का नाम-** सुकरू, **हितग्राही का नाम-** सुकरू, **आनलाईन आवेदन क्रमांक-** 0704012214005768, **जिस जाति का प्रमाण पत्र जारी किया जाना है-**बैगा।

अतः उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 18/08/2022 तक प्रमाणित दस्तावेजी साक्ष्य के साथ दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक में दावा/आपत्ति प्रस्तुत न करने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 04/08/2022 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक - 04/08/2022
पेशी दिनांक - 18/08/2022

मुहर
नायब/तहसीलदार
बोड़ला जिला कबीरधाम (छ.ग.)

## कार्यालय नायब/तहसीलदार बोड़ला, जिला कबीरधाम (छ.ग.)

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम पंचायत - **बोडला** के समस्त **नगर पंचायत** को सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शित कॉलम नम्बर-03 के आवेदकों द्वारा कॉलम नम्बर-04 के निम्नांकित हितग्राही/हितग्राहियों का जाति प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन पेश किया गया है:-

| क्र. | ग्राम का नाम | आवेदक का नाम | हितग्राही का नाम | आनलाईन आवेदन क्रमांक | जिस जाति का प्रमाण पत्र जारी किया जाना है। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बोडला | शेख निजामुद्दीन | शेख निजामुद्दीन | 0705012214010271 | मेवाती |
| 2 | बोडला | शेख निजामुद्दीन | शेख आहिल | 0705012214010260 | मेवाती |
| 3 | बोडला | शेख निजामुद्दीन | शेख नुमान | 0705012214010262 | मेवाती |
| 4 | बोडला | शेख निजामुद्दीन | शालेहा परविन | 0705012214010263 | मेवाती |
| 5 | बोडला | शेख निजामुद्दीन | शेख मुकिमुद्दीन | 0705012214010267 | मेवाती |
| 6 | बोडला | शेख निजामुद्दीन | शेख मोहिसिनुद्दीन | 0705012214010269 | मेवाती |
| 7 | बोडला | शेख निजामुद्दीन | मोहम्मद अयमान | 0705012214010272 | मेवाती |

अतः उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 02/08/2022 तक प्रमाणित दस्तावेजी साक्ष्य के साथ दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक में दावा/आपत्ति प्रस्तुत न करने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 18/08/2022 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक - 18/08/2022
पेशी दिनांक - 03/09/2022

नायब/तहसीलदार
बोड़ला जिला कबीरधाम (छ.ग.)

## कार्यालय नायब/तहसीलदार बोड़ला, जिला कबीरधाम (छ.ग.)

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम पंचायत-**बैजलपुर** के समस्त आश्रिम ग्राम **बैजलपुर** को सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शित कॉलम नम्बर-03 के आवेदकों द्वारा कॉलम नम्बर-04-06 के निम्नांकित हितग्राही/हितग्राहियों का जाति प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन पेश किया गया है:-

**ग्राम का नाम-** बैजलपुर, **आवेदक का नाम-** 1. अब्दुल जमीर खान, **हितग्राही का नाम-** 1. अब्दुल जमीर खान 2. अमीर खान 3. हनान खान 4. इरशाद आलम, **आनलाईन आवेदन क्रमांक-** 0705012214008610, 0705012214008611, 0705012214008613, 0705012214008615, **जिस जाति का प्रमाण पत्र जारी किया जाना है-** मोमिन।

अतः उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक --/--/2022 तक प्रमाणित दस्तावेजी साक्ष्य के साथ दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक में दावा/आपत्ति प्रस्तुत न करने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 05/08/2022 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक - 05/08/2022
पेशी दिनांक - 20/08/2022

नायब/तहसीलदार
बोड़ला जिला कबीरधाम (छ.ग.)
मुहर

## कार्यालय नायब/तहसीलदार बोड़ला, जिला कबीरधाम (छ.ग.)

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम पंचायत- **बोडला** के समस्त आश्रित ग्राम **बोडला** को सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शित कॉलम नम्बर-03 के आवेदकों द्वारा कॉलम नम्बर-04 के निम्नांकित हितग्राही/हितग्राहियों का जाति प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन पेश किया गया है:-

**ग्राम का नाम-** 1. बोडला, **आवेदक का नाम-** 1. सुनीता श्रीवास, **हितग्राही का नाम-** 1. प्राची श्रीवास 2. रिया श्रीवास 3. निधी श्रीवास, **आनलाईन आवेदन क्रमांक-** 0705012214009897, 0705012214009899, 0705012214009901, **जिस जाति का प्रमाण पत्र जारी किया जाना है-**नाई।

अतः उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 31/08/2022 तक प्रमाणित दस्तावेजी साक्ष्य के साथ दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक में दावा/आपत्ति प्रस्तुत न करने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 17/08/2022 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक - 17/08/2022
पेशी दिनांक - 31/08/2022

मुहर
नायब/तहसीलदार
बोड़ला जिला कबीरधाम (छ.ग.)

## कार्यालय नायब/तहसीलदार बोड़ला, जिला कबीरधाम (छ.ग.)

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम पंचायत- **हडही** के समस्त आश्रित ग्राम को सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शित कॉलम नम्बर-03 के आवेदकों द्वारा कॉलम नम्बर-04 के निम्नांकित हितग्राही/हितग्राहियों का जाति प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन पेश किया गया है:-

**ग्राम का नाम-** हडही, **आवेदक का नाम-** नगरू सिंह, **हितग्राही का नाम-** हीरालाल, **आनलाईन आवेदन क्रमांक-** 0704012214004609, **जिस जाति का प्रमाण पत्र जारी किया जाना है-**बैगा।

अतः उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो तक प्रमाणित दस्तावेजी साक्ष्य के साथ दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक में दावा/आपत्ति प्रस्तुत न करने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 03/08/2022 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक - 03/08/2022
पेशी दिनांक - 18/08/2022

मुहर
नायब/तहसीलदार
बोड़ला जिला कबीरधाम (छ.ग.)

## कार्यालय नायब/तहसीलदार बोड़ला, जिला कबीरधाम (छ.ग.)

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम पंचायत- **लाटा** के समस्त आश्रित ग्राम **लाटा** को सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शित कॉलम नम्बर-03 के आवेदकों द्वारा कॉलम नम्बर-04-06 के निम्नांकित हितग्राही/हितग्राहियों का जाति प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन पेश किया गया है:-

**ग्राम का नाम-** लाटा, **आवेदक का नाम-** 1. नवाब अली, **हितग्राही का नाम-** 1. नावेद अली, 2. नौसाद उवेश अली, 3. नवाब अली, **आनलाईन आवेदन क्रमांक-** 0705012214007999, 0705012214008005, 0705012214008011, **जिस जाति का प्रमाण पत्र जारी किया जाना है-**मोमिन।

अतः उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 20/08/2022 तक प्रमाणित दस्तावेजी साक्ष्य के साथ दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक में दावा/आपत्ति प्रस्तुत न करने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 05/08/2022 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक - 05/08/2022
पेशी दिनांक - 20/08/2022

मुहर
नायब/तहसीलदार
बोड़ला जिला कबीरधाम (छ.ग.)

## न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) केशकाल, जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र./ / अ-2/2021-22
ग्राम विश्रामपुरी प.ह.नं. 03
तहसील बड़ेराजपुर

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सुमन मरकाम पति रूपउराम मरकाम जाति गोंड ग्राम विश्रामपुरी तहसील बड़ेराजपुर जिला-कोण्डागांव द्वारा ग्राम विश्रामपुरी प.ह.नं. 03 तहसील बड़ेराजपुर स्थित स्वामित्व की भूमि खसरा नं. 495/413 रकबा 0.053 हेक्टेयर भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यकित को आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 31/08/2022 तक न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। म्याद बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/08/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा के जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
केशकाल
जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)

## न्यायालय नजूल अधिकारी, मुंगेली (छत्तीसगढ़)

// उद्घोषणा //

प्रकरण क्रं./ अ-6/21-22

**पक्षकार - श्री भूपेंद्र कुमार पिता पुनीतराम**
निवासी जवाहर वार्ड मुंगेली जिला मुंगेली (छ.ग.)..........आवेदक
**विरूद्ध**
**श्री जलेश देवांगन पिता पुनीतराम एवं दो अन्य**
साकिन राजेन्द्र वार्ड मुंगेली, तह. व जिला मुंगेली (छ.ग.) .....अनावेदकगण

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम/मोहल्ला राजेंद्र वार्ड मुंगेली, जिला मुंगेली को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री भूपेंद्र कुमार पिता पुनीत राम, निवासी राजेन्द्र वार्ड मुंगेली, तहसील व जिला मुंगेली छ.ग. मुंगेली द्वारा मुंगेली स्थित नजूल भूमि शीट नं. 28 डी, प्लाट नं. 78/1 क्षेत्रफल 88 व.मी. पर पंजीकृत हक त्याग पत्र विलेख के आधार पर नजूल रिकार्ड में अपना नाम दुरूस्त किए जाने बाबत् इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः एवं मोहल्ला राजेन्द्र वार्ड मुंगेली तहसील मुंगेली जिला मुंगेली स्थित उपरोक्त नजूल भूमि का पंजीकृत हक त्याग पत्र विलेख के आधार पर नामांतरण के संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। इस सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति दिनांक 06/09/2022 को न्यायालीन समय में स्वतः उपस्थित होकर उक्त अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा/आपत्ति विचारणीय नहीं होगा।

ईश्तहार आज दिनांक 18.08.2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
(तीर्थराज अग्रवाल)
नजूल अधिकारी
मुंगेली (छ.ग.)

## न्यायालय नजूल अधिकारी, मुंगेली (छत्तीसगढ़)

// ईश्तहार //

क्रमांक क/वा/नजूल/2022 मुंगेली, दिनांक 08.08.2022

**श्री रामचंद्र जायसवाल पिता सूरज जायसवाल,**
निवासी मोहल्ला फोकटपारा मुंगेली, तहसील मुंगेली,
जिला मुंगेली (छ.ग.)..........................................आवेदक
**बनाम**
**छ.ग.शासन**..............................................अनावेदक

इस सूचना के माध्यम से नगर मुंगेली के आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक **श्री रामचंद्र जायसवाल पिता सूरज जायसवाल,** निवासी मोहल्ला फोकटपारा, तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा स्वतः उपस्थित होकर नगर मुंगेली के मोहल्ला फोकटपारा मुंगेली स्थित नजूल भूमि शीट नंबर 40, प्लाट नं. 18/3, क्षेत्रफल 87 व.मी. भूमि जिसका नजूल कर निर्धारण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। किसी व्यक्ति, संस्था या उपरोक्त भूमि पर हक रखने वालों को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक 26/08/2022 को दिन के 02:00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने मुख्त्यार/अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार करना संभव नहीं होगा।

आज दिनांक 08/08/2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
(तीर्थराज अग्रवाल)
नजूल अधिकारी
मुंगेली (छ.ग.)

## न्यायालय नजूल अधिकारी, मुंगेली (छत्तीसगढ़)

// ईश्तहार //

क्रमांक क/वा/नजूल/2022 मुंगेली, दिनांक 05.08.2022

**वाहिदा बेगम पिता स्व. इब्राहीम,**
निवासी मोहल्ला बड़ा बाजार मुंगेली, तहसील मुंगेली,
जिला मुंगेली (छ.ग.)..........................................आवेदक
**बनाम**
**छ.ग.शासन**..............................................अनावेदक

इस सूचना के माध्यम से नगर मुंगेली के आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक **वाहिदा बेगम पिता स्व. इब्राहीम,** निवासी मोहल्ला बड़ा बाजार, तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.) की ओर से अधिवक्ता श्री राजेन्द्र चंद्रवंशी उपस्थित होकर नगर मुंगेली के मोहल्ला बड़ा बाजार मुंगेली स्थित नजूल भूमि शीट नंबर 39, प्लाट नं. 15, क्षेत्रफल 78 व.मी. भूमि जिसका नजूल कर निर्धारण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। किसी व्यक्ति, संस्था या उपरोक्त भूमि पर हक रखने वालों को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक 26/08/2022 को दिन के 02:00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने मुख्त्यार/अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार करना संभव नहीं होगा।

आज दिनांक 05/08/2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
(तीर्थराज अग्रवाल)
नजूल अधिकारी
मुंगेली (छ.ग.)

# खुद को बचाने की जुगत में जुटे राजगामी अध्यक्ष, कहा गलतियों के लिए कलेक्टर, सीईओ जिम्मेदार... मैं नहीं

## पायनियर के लगातार खुलासे के बाद राजगामी में हड़कंप की स्थिति, न्यास में चल रही अंदरुनी खिंचतान और संगठन द्वारा की जा रही खिलाफत भी सतह पर आई

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

रानी सूर्यमुखी देवी राजगामी संपदा न्यास अध्यक्ष विवेक वासनिक ने खुद पर लगे आरोपों को लेकर कलेक्टर, न्यास के सीईओ के फैसलों को जिम्मेदार ठहराकर नया बखेड़ा खड़ा कर दिया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि, मैं जिम्मेदार नहीं हूं। अगर फैसलों में और दूसरे मामलों में कोई गड़बड़ हुई है तो प्रशासनिक अधिकारी जिम्मेदार हैं जो कि राजगामी के विषयों पर आखिरी निर्णय लेते हैं।

जाहिर तौर पर यह पूरा मामला अब सत्तापक्ष और प्रशासन के बीच टकराव पैदा कर सकता है। दूसरी ओर उन्होंने संगठन के लोगों के खिलाफ ही बयान देकर भी अंदरुनी विवाद को सतह पर ला दिया है। पायनियर इन मामलों का लगातार खुलासा करता रहा है और अब इन मामलों में अध्यक्ष के बयान ने कई हद तक गड़बड़ी की आशंकाओं को और हवा भी दे दी है। वासनिक खुद को बचाने सत्तापक्ष और प्रशासन पर दबाव बनाने की जुगत लगा रहे हैं।

वासनिक ने स्पष्ट रुप से कलेक्टर और न्यास के सीईओ को जिम्मेदार ठहराकर खुद को बचाने की कोशिश की है। अनुदान, ऑक्सीजन कॉन्सेंट्रेटर की खरीदी, अध्यक्ष के वाहन के किराए के भुगतान, आबंटित भूखंड के हस्तांतरण सहित कई मामलों में आरोपों से घिरे अध्यक्ष विवेक वासनिक के इस जवाब के बाद बड़ा विवाद खड़ा होना तय माना जा रहा है। वासनिक ने अपना पक्ष रखते हुए साफ तौर पर राजगामी में गड़बड़ियों के लिए प्रशासन को ही कठघरे में खड़ा कर खुद को सुरक्षित करने की कोशिश की है। राजगामी के प्रकरणों को लेकर शिकायत पर जांच की स्थिति में अब अध्यक्ष वासनिक के साथ ही कलेक्टर सहित प्रशासनिक अधिकारी भी कठघरे में खड़े होंगे।

उन्होंने कहा, मैं सदस्यों की सहमति के साथ ही विषयों को साधारण सभा में रखता हूं। उससे संबंधित निर्णय यही अधिकारी लेते हैं और अगर इनमें कुछ गड़बड़ियां हैं तो इसके लिए संबंधित अधिकारी ही जिम्मेदार हैं। उनके इस बयान के बाद कलेक्टर सहित प्रशासनिक अधिकारियों की राजगामी में भूमिका को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं। हालांकि अब भी कुछ मामलों में वासनिक की भूमिका आरोपों से घिरी हुई है।

बगैर आबंटन के तीन बार हस्तांतरित की गई वाईडनर की जमीन, न्यास अध्यक्ष शासन को पत्र लिखकर फंसे




वासनिक के खिलाफ न्यास के सदस्य -कांग्रेसी ही लामबंद, पद से हटाने और कार्यकाल के जांच की मांग




### रमेश पर लगाया खिलाफत का आरोप

राजगामी संपदा न्यास में चल रही उठापटक भी आज खुलकर सामने आ गई है। न्यास के सदस्य द्वारा वासनिक के खिलाफ शिकायत पर उन्होंने सदस्य रमेश खंडेलवाल का नाम लिया। उन्होंने कहा कि, खंडेलवाल ही हैं जो असंतोष की भावना रखते हैं। उनके अलावा सारे सदस्य मेरे साथ हैं। उनके इस बयान के बाद न्यास में चल रही खींचतान भी सामने आ चुकी है।

### किराए के भुगतान पर सफाई में ही घिरे

राजगामी अध्यक्ष किराए के वाहन का इस्तेमाल करते रहे हैं। यह मामला हमेशा ही विवादित भी रहा है। लेकिन वासनिक के कार्यकाल में यह और संगीन हो गया है। दरअसन, जिस वाहन के लिए हजारों रुपए प्रतिमाह का भुगतान किया जा रहा है उसके बिल में जीएसटी नंबर ही दर्ज नहीं है। और तो और इस वाहन को टैक्सी परमिट भी नहीं मिला है। जीएसटी चोरी और आरटीओ के नियमों के खुले उल्लंघन पर वासनिक फिर एक बार अधिकारियों को ही जिम्मेदार ठहराकर खुद को बचाने की कोशिशों में जुटे हैं।

### पद जाने का डर सता रहा

बताया जा रहा है कि अपने खिलाफ शिकायतों के लंबे सिलसिले और आरोपों से घिरने पर वासनिक को भी पद जाने का डर सता रहा है। मुख्यमंत्री, प्रभारी मंत्री और यहां तक की मुख्यमंत्री के सलाहकारों तक शिकायत पहुंचने के बाद उन्हें ऊपर से सहयोग न मिलने की खबर सामने आ रही है। दूसरी ओर संगठन में भी उनके कई विरोधी सक्रिय हो गए हैं। हालही में मुख्यमंत्री निवास में आयोजित कार्यक्रम में भी उन्हें नज़रअंदाज किया गया। इन सारे मसलों ने वासनिक की चिंता बढ़ा दी है।

# श्री कृष्णा पब्लिक स्कूल में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



■ राकेश सिंह ने किया ध्वजारोहण

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

स्वतंत्रता दिवस के 75 वीं वर्षगाँठ के अवसर पर आज़ादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर संस्कारधानी के स्थानीय श्री कृष्णा पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राकेश सिंह सहायक सेनानी, 8 वी वाहिनी, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल राजनांदगांव ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहजन के बाद उन्होंने बच्चों को देशभक्ति का पाठ पढ़ाया व् महान क्रांतिकारियों के विषय में बताया। कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी करुणा यादव, बुद्धि मित्रा वासनिक, एवं स्कूल संचालिका मोना गोसाई सहित तमाम स्कूली बच्चे मौजूद रहे। ध्वजारोहण के पश्चात शहीदों की याद में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी वृक्षारोपण किया गया।

# नई दिशा में बहने लगी शिवनाथ नदी की जलधारा

■ एनीकट का एबटमेंट व डाउन स्टीम प्रोटेक्शन ध्वस्त
■ बाढ़ में गेट बंद रहने से ध्वस्त होने की आशंका

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर से सटकर बहने वाली शिवनाथ नदी में पूल के ऊपरी हिस्से यानी ब्रह्मचारी आश्रम समीप निर्मित एनीकट का एबटमेंट व डाउन प्रोटेक्शन स्ट्रीम ध्वस्त हो गया है। इस घटना के बाद एनीकट के प्रोटेक्शन में रेत से किये गए फीलिंग वर्क की पोल खुल गई है। 15 अगस्त को भयंकर बाढ़ के बाद एनीकट ध्वस्त होने से आलम ये हो गया है कि शिवनाथ नदी की दिशा ही बदलने लगी है। हालांकि विभाग के अफसर मौका मुआयना उपरांत बोरी से तट बंद कराने जुटे हुए हैं।



उल्लेखनीय है कि 7 वर्ष पूर्व ही शिवनाथ नदी में खुज्जी दर्री समीप ब्रह्मचारी आश्रम से सटकर एनीकट का निर्माण किया गया था। एनीकट के निर्माण के बाद इतनी भयावह बाढ़ नही आने से निर्माण की खामियां ढँकी हुई थी। इन दिनों शिवनाथ नदी में भयंकर बाढ़ ने एनीकट निर्माण में भ्रटाचार की पोल खोल कर रख दिया है। बाढ़ के बाद जलस्तर कम होते ही माजरा सामने आ गया। एनीकट के पश्चिम दिशा में डाउन स्टीम प्रोटेक्शन व एबटमेंट एरिया ध्वस्त हो गया है। इस घटना के बाद शिवनाथ नदी की दिशा बदल गई है। वाकये की जानकारी मिलने के बाद विभागीय अफसर व राजस्व अमले मौके पर पहुंचे थे। इस घटना को जल संसाधन विभाग राजनांदगाँव के अफसर अत्यधिक बाढ़ का हवाला देते हुए एनीकट का रिपेयरिंग कराये जाने की बात कही है। बहरहाल एनीकट के ध्वस्त एरिये में बोरी से तट बंद बनाये जाने की जद्दोजहद की जा रही है। खबर लिखे जाने तक शिवनाथ नदी की दिशा बदलने लगी है।

**नगर के इंटेकवेल को खतरा :** उल्लेखनीय है कि नगर में पेयजल हेतु संचालित जल आवर्धन योजना का इंटेकवेल इसी एनीकट के ऊपरी हिस्से में स्थित है। एनीकट के एप्रोच व प्रोटेक्शन ध्वस्त होने पर जलभराव बनाये रखने में दिक्कत हो सकती है। एनीकट में पानी नहीं रुकने की दशा में नगर में पेयजल आपूर्ति पूरी तरह ठप्प हो सकती है। ऐसे में प्रोटेक्शन को दुरुस्त कराना जल संसाधन विभाग राजनांदगाँव के लिए टेड़ी खीर है।

**गेट नही खोले जाने से ध्वस्त :** शिवनाथ स्थित एनीकट के प्रोटेक्शन ढ़हने की घटना में पॉयनियर टीम को मौका मुआयना में एनीकट के गेट बारिश सीजन के बाद से नही खोले जाने की खबर मिली है। इंटेकवेल की वजह से गर्मी मौसम में गेट नही खोला जाता है, लेकिन बारिश सीजन में भी नही खोलने व बाढ़ के दबाव से प्रोटेक्शन ध्वस्त हुआ है। वहीं तकनीकी जानकारों ने फीलिंग में मिट्टी नही होने से एनीकट का प्रोटेक्शन निर्माणकाल से ही कमजोर होने का दावा किया है।

एनीकट प्रोटेक्शन का विभागीय तौर पर रिपेयरिंग करायेंगे।
**-जीडी रामटेके,** ईई जलसंसाधन

# संतान को दीर्घायु के लिए हलषष्ठी पर महिलाओं ने रखा व्रत



पायनियर संवाददाता < गंडई पंडरिया
www.dailypioneer.com

नगर में हलषष्ठी व्रत परंपरागत रूप से मनाया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष चेतन देवांगन के घर के सामने शिव मंदिर के समीप प्रतिवर्ष की भांति सगरी बनाकर आसपास की महिलाओं ने विधिवत पूजा अर्चना की। महिलाएं संतान प्राप्ति एवं सुख समृद्धि के लिए यह व्रत रखती है। गंडई के पंडित नारद प्रसाद तिवारी ने बताया कि भादो माह के कृष्ण पक्ष की षष्ठी को हलषष्ठी कमरछठ का पर्व मनाया जाता है। यह पर्व भगवान श्री कृष्ण के बड़े भाई बलराम जी को समर्पित है।

सबसे पहले महिलाओं को सगरी की पूजा पाठ कराई गई उसके बाद संतान से संबंधित कथा सुनाया गया। तत्पश्चात आरती और सगरी का परिक्रमा कराया गया। सुहागिन महिलाए संतान प्राप्ति एवं जिन महिलाओं कर संतान है, वे उनकी सुख समृध्दि और दीर्घायु के लिए यह व्रत रखती है।व्रत धारी महिलाए देर शाम को पसहर चावल तथा भैस की दूध से बने सामग्री का इस्तेमाल किया।

# आजादी के अमृत महोत्सव में शान से लहराया तिरंगा

## डोंगरगांव नगर व जनपद क्षेत्र में जश्न-ए-आजादी

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर में आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत स्वतंत्रता दिवस के मौके पर शान से तिरंगा लहराया। नगर के निजी व शासकीय शैक्षणिक संस्थानों तथा शासकीय कार्यालयों में ध्वजारोहण किया गया। राज्यशासन की ओर से कोविड गाईडलाईन के तहत स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर सांस्कृतिक समारोह में प्रतिबंधित था, लिहाजा सिर्फ संस्थानों में ध्वजारोहण व ध्वजवंदन ही संपादित किया गया।

नगर पंचायत कार्यालय में नगर पंचायत अध्यक्ष हीरा निषाद ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर नगर पंचायत के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे। जनपद पंचायत कार्यालय में जनपद पंचायत अध्यक्ष टिकेश साहू ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर उपाध्यक्ष सुयश नाहटा सहित





जनपद सदस्यगण व अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। झण्डा चौक पुराना बस स्टैंड में सामूहिक झंडारोहण किया गया। इस दरम्यान हीरा निषाद, संध्या साहू, चेतन साहू, बीरेंद्र बोरकर, डॉ नरेंद्र साहू सहित अन्य सम्मिलित हुए।

अनुविभाग कार्यालय में एसडीएम सुनील नायक ने ध्वजारोहण किया। तहसील कार्यालय में तहसीलदार कोमल ध्रुव, जल संसाधन बैराज कार्यालय में ईई एसके सहारे, पुलिस थाना में टीआई भरत बरेठ, बीईओ कार्यालय में बीईओ आरएल पात्रे, महिला एवं बालविकास विभाग कार्यालय में परियोजना अधिकारी वीरेंद्र साहू तथा वनविभाग खुज्जी कार्यालय में पल्लवी गंगबेर ने ध्वजारोहण किया।

## नगर में जल आवर्धन बंद, पेयजल सप्लाई अवरुद्ध



पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर के वार्ड 14 स्थित जल आवर्धन योजना का फिल्टर प्लांट बंद हो गया है। जल आवर्धन योजना नियमित तौर पर संचालित नही होने से नगर के आधादर्जन वार्डों में पर्याप्त जलप्रदाय नही हो रहा है। वहीं वार्ड 13, 14 व 15 वार्डों में पेयजल सप्लाई ही बाधित हो गई है। आलम यह है कि विभाग द्वारा लेवर भुगतान सहित रॉ मटेरियल मुहैया कराने में कोताही बरते जाने से जल आवर्धन योजना नगर में फ्लॉप साबित हो गया है। उल्लेखनीय है कि नगर में पेयजल सुविधा में विस्तार करते हुए 3 वर्ष पूर्व तत्कालिक सांसद अभिषेक सिंह द्वारा जल आवर्धन योजना की सौगात दिलाई गई थी। तात्कालिक सांसद के ड्रीम प्रोजेक्ट कहे गए जल आवर्धन योजना के निर्बाध संचालन को लेकर आज कोई भी अधिकारी गंभीरता नही दिखा रहे हैं। पेयजल आपूर्ति बाधित होने से वार्ड 15 के पार्षद डिकेश साहू ने पेयजल सुविधा दुरुस्त कराने वार्डवासियों के साथ एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा है।

## सामाजिक नियमावली पत्रिका भी हुआ विमोचन

# जिला साहू संघ का वेबसाइट व मोबाइल ऐप लांच

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला साहू संघ राजनांदगाँव के वेबसाईट व मोबाईल ऐप लॉन्च किया गया। उल्लेखनीय है कि जिला साहू संघ राजनांदगांव द्वारा साहू समाज का वेबसाइट व मोबाइल ऐप तैयार किया गया है। प्रदेश साहू संघ के शीर्षस्थ पदाधिकारियों एवं समाज के विधायको के सानिध्य में 15 अगस्त को वेबसाईट व ऐप लॉन्च किया गया। इस दौरान सामाजिक नियमावली पत्रिका का भी विमोचन भी किया गया।




वेबसाईट व मोबाईल ऐप लॉन्चिंग अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, डोंगरगाँव विधायक व छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एव अन्य पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण के अध्यक्ष दलेश्वर साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष खिलावन साहू, प्रदेश महामंत्री दयाराम साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष राजीव साहू बतौर अतिथि सम्मिलित हुए। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू ने कहा कि समय के साथ बदलाव बहुत जरूरी है। आज आधुनिक टेक्नोलॉजी का युग है, जिला साहू संघ राजनांदगांव ने समय के साथ अपने आप को बदल कर सामाजिक विकास हेतु सूचना प्रौद्योगिकी को अपनाया है। यह पूरे प्रदेश में साहू समाज का पहला वेबसाइट होगा, जिसका लाभ पूरे समाज को मिलेगा। कार्यक्रम को विधायक दलेश्वर साहू सहित प्रदेश उपाध्यक्ष खिलावन साहू, महामंत्री दयाराम साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू ने भी संबोधित कर शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर जिला साहू संघ राजनांदगांव द्वारा प्रकाशित संशोधित एकीकृत सामाजिक नियमावली पत्रिका संस्करण वर्ष 2022 का विमोचन भी किया गया। वेबसाइट डेवलपर इंजीनियर प्रमोद साहू भिलाई का भी सम्मान अतिथियो के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विधायक की धर्मपत्नि जयश्री साहू, जिला महामंत्री अमरनाथ साहू, कोषाध्यक्ष विवेक साहू, उपाध्यक्ष डीडी साहू व नीरा साहू समेत जिलेभर के सामाजिकजन उपस्थित थे।

# जनपद क्षेत्र के बाढ़ पीड़ितों को खाद्य सामग्री वितरित



■ मेढ़ा व कुतुलबोड भाठागांव में वितरित किया राशन

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायत क्षेत्र इन दिनों बाढ़ के आगोश में समाया हुआ है। शिवनाथ नदी तट के दर्जनभर गांव बाढ़ से जलमग्न हो गए हैं। हालांकि जलस्तर कम होने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। मेढ़ा में सर्वाधिक नुकसान हुआ है। वहीं कोकपुर, आसरा व कुतुलबोड भाठागांव में भी मकान ध्वस्त हुए हैं। जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू व युवा नेता रजत साहू ने क्षेत्र का दौरा कर हालात से रूबरू हुए। उल्लेखनीय है कि बाढ़ से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। बाढ़ प्रभावितों को जीवन यापन की समस्या के मद्देनजर जनपद पंचायत अध्यक्ष टिकेश साहू व युवा नेता रजत साहू द्वारा मेढ़ा में बाढ़ प्रभावित 5 परिवारों को राशन सामग्री प्रदान किया गया। वहीं कुतुलबोड भाठागांव में भी प्रभावित परिवार को राशन सामग्री प्रदान किया गया। इस अवसर पर महेंद्र भोसले, सद्दाम खत्री, गोल्डी खोब्रागढे, विशाल सोनी सहित रेवाराम साहू, टाकेश साहू सहित स्थानीय कार्यकर्ता मौजूद थे।

# आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल करेंगे रायपुर स्मार्ट सिटी लि. की स्मार्ट रीडिंग रूम योजना का भूमिपूजन

## 6.50 करोड़ रू. की लागत से मोतीबाग में बनेगा 600 लोगों के लिए वाई-फाई अध्ययन केन्द्र

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत मोतीबाग में प्रस्तावित 'स्मार्ट रीडिंग रूम' का 19 अगस्त को दोपहर 1 बजे भूमिपूजन करेंगे। लगभग 6.50 करोड़ रू. की अनुमानित लागत से प्रस्तावित इस रीडिंग रूम में ग्राउंड के साथ दो मंजिला भवन तैयार होगा, जिसमें 600 से अधिक विद्यार्थी एक साथ अध्ययन कर सकेंगे। भूमिपूजन कार्यक्रम की अध्यक्षता नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया करेंगे एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर रायपुर जिले के प्रभारी मंत्री रविन्द्र चौबे, सांसद सुनील सोनी, संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, छ.ग. गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा, महापौर एजाज़ ढेबर, विधायक बृजमोहन अग्रवाल, सत्यनारायण शर्मा, छ.ग. योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा, नगर निगम सभापति प्रमोद दुबे एवं नेता प्रतिपक्ष मीनल छगन चौबे सम्मिलित होंगे। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा विद्यार्थियों को शहर के भीतर अध्ययन की सुविधा उपलब्ध कराने इस स्मार्ट रीडिंग रूम का निर्माण किया जा रहा है। इस भवन में वाई-फाई, लेन सहित लगभग 600 लोगों की बैठक व्यवस्था होगी, जिसमें विद्यार्थी अध्ययन कर सकेंगे। दिव्यांग विद्यार्थियों को आधारतल पर स्थान सुलभ कराया जा रहा है एवं सभी तल पर प्रसाधन की सुविधा उपलब्ध होगी।

# शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल में मनाया गया जन्माष्टमी

रायपुर। शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल, बोरियाकला, रायपुर में भगवान श्री कृष्ण जन्म उत्सव जन्माष्टमी का पर्व बड़ी ही धुम-धाम से मनाया गया। इस अवसर पर संचालक नितीन गुप्ता, पब्लिक स्कूल के प्राचार्य अनिरूद्ध तिवारी ने सर्वप्रथम भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा की पूजा-अर्चना की एवं दीप प्रज्जवलन करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जन्माष्टमी उत्सव में कक्षा नर्सरी से 8वीं तक के बच्चे राधा-कृष्ण की वेषभूषा में स्कूल पहुचें। छाटे नन्हे बच्चे बहुत ही सुंदर लग रहे थे। छोटे बच्चों के द्वारा राधा-कृष्ण गानें पर डांस प्रस्तुत किया गया एवं इनके लिए अलग से मटकी फोड़ने की व्यवस्था की गयी थी। गोविंद आला रे आला एवं हाथी घोड़ा पालकी जै कन्हैया लाल की जैसे उद्घोश के साथ बच्चों ने मटकी फोड़ी। बच्चों के साथ शिक्षक व पालकों ने इसका भरपूर आनंद उठाया।











# सड़क हादसे में एक बच्ची की दर्दनाक मौत

पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com







सुबह 11 बजे उरला बीएमवाय से जंजगिरी स्कूल पढ़ने जा रही छात्रा कु. खुशी साहू उम्र 15 वर्ष पिता महेंद्र साहू का नेशनल हाईवे उरला मोड़ के पास एक कंक्रीट से भरी कैप्सूल वाहन की ठोकर से मौत हो गई हादसा इतना दर्दनाक था कि छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों एवं ग्रामीणों ने भारी आक्रोश दिखाते हुए नेशलन हाईवे को जाम कर दिया अपनी मांगों को लेकर परिजन लगभग चार घंटों तक सड़क के बीचों- बीच बैठे रहें जिससें वाहनों का आना जाना बाधित रहा। जिसके कारण नेशनल हाईवे में वाहनों की लंबी लाईन लग गई जिस कारण राहगीरों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। आक्रोशित भीड़ को नियंत्रित करने सीएसपी सहित कुम्हारी थाना व भिलाई 3 थाना प्रभारियों के अलावा भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहें। प्रशासनिक अधिकारियों में कुम्हारी सी एम ओ जितेंद्र कुशवाहा व भिलाई 3 आयुक्त भी मौके पर मौजूद रहे। समाचार लिखे जाने तक राजमार्ग अवरुद्ध था ।




























# आठे कन्हैया तिहार
(श्री कृष्ण जन्माष्टमी)
की हार्दिक शुभकामनाएं

छत्तीसगढ़ शासन

## युग समेटे खड़ा बरगद, झूले कदंब का पेड़
## कृष्ण कहें समस्त वृक्षों में, मैं पीपल का पेड़




# लोकार्पण

## 19 अगस्त

## परंपरागत व जीवन उपयोगी वृक्षों की अमूल्य विरासत का संरक्षण



श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

- सभी नगरीय निकायों में चिन्हित स्थलों में विकसित किए जाएंगे 142 'कृष्ण कुंज'
- राज्य के हर ज़िले में वन विभाग को एक एकड़ जमीन का आबंटन
- सांस्कृतिक महत्व के बरगद, पीपल, नीम, कदम्ब एवं अन्य जीवन उपयोगी पौधों का होगा रोपण

SAMVAD - 33559/84

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh

छत्तीसगढ़ जनसम्पर्क

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403